

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

बिलासपुर जिला

### 93 स्कूल अभी भी जर्जर

बिलासपुर। 16 जून सोमवार से स्कूल खुल रहे हैं लेकिन बिलासपुर जिले में कई स्कूलों हालत खराब है। आधे से अधिक स्कूलों की मरम्मत तक नहीं हो पाई है। यही नहीं, 93 ▶▶| शेष पेज 7 पर

वालकिंस गंगा
USFDA स्वीकृत अत्याधुनिक उपचार
HAIR TRANSPLANT
परामर्श सिर्फ 199/-
डॉ. सुकृति अरोरा
एम.डी. गोल्ड मेडलिस्ट
शंकर नगर, रायपुर
9238709001

# 89 फीसदी छात्रों को नहीं लेना होगा प्रवेश क्योंकि उनके स्कूल मर्ज
# 1200 में सिर्फ एक शिक्षक, जर्जर भवनों में भी होगा बच्चों का स्वागत

हरिभूमि ने उठाया था मुद्दा, कई जिलों में खस्ताहाल विद्यालय

आज से नया सत्र, शिक्षकों का इंतजाम हुआ,पर स्कूल भवनों की मरम्मत नहीं हो सकी

सरकार का दावा एकल शिक्षकीय स्कूलों की संख्या में 80 प्रतिशत की कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खास खबर

युक्तियुक्तकरण के बाद प्रदेश में नवीन शैक्षणिक सत्र की शुरुआत आज से हो रही है। इस बार पिछले सत्र की तुलना में 10 हजार 372 स्कूल कम हो गए हैं। ऐसा एक ही कैंपस में संचालित हो रहे शासकीय विद्यालयों को मर्ज किए जाने के कारण हुआ है। इसके अलावा 166 ग्रामीण एवं शहरी विद्यालयों का समायोजन भी किया गया है। शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत 89 प्रतिशत छात्रों को इस बार दाखिला नहीं लेने होंगे, क्योंकि उनके स्कूल मर्ज हो गए हैं। प्रवेशोत्सव का दूसरा पहलू यह है कि राज्य के ऐसे सैकड़ों स्कूल हैं, जिनके भवन जर्जर हो चुके ▶▶| शेष पेज 7 पर



### टूटे और जर्जर भवनों की पुरानी कहानी

वहीं, दूसरी ओर सरकार का दावा है कि इससे प्रदेश में ऐसे स्कूलों की संख्या 80 प्रतिशत तक कम हो गई है, जहां मात्र एक ही शिक्षक थे। अब लगभग 1,200 शालाएं एकल शिक्षकीय हैं। इन स्कूलों में नवीन शैक्षणिक सत्र में भी सिर्फ एक ही शिक्षक के भरोसे सारे छात्र होंगे। यहां भी शाला प्रवेशोत्सव सहित अन्य तरह की ▶▶| शेष पेज 7 पर

### गरियाबंद में 30 से ज्यादा स्कूल अति जर्जर

गरियाबंद में कुल प्राथमिक शाला 972, पूर्व माध्यमिक शाला 443, हाई स्कूल एवं हायर सेकंडरी स्कूल 151 हैं। वहीं, 50 से ज्यादा ऐसे स्कूल पूरे जिले में ऐसे हैं, जो भवन जर्जर होने के कारण कहीं किराये के भवन में तो कहीं वैकल्पिक व्यवस्था के तौर पर संचालित किए जा रहे हैं। कई स्कूल भवन की स्थिति बेहद जर्जर हो गई है। जिला शिक्षा अधिकारी गरियाबंद आंनद कुमार सास्वत का कहना है कि पिछले शिक्षा सत्र में 01 लाख 16 हजार छात्र छात्राएं ▶▶| शेष पेज 7 पर

### दुर्ग जिले में 780 स्कूलों का संधारण नहीं

दुर्ग जिले में अब तक 780 स्कूलों का संधारण कार्य नहीं हो पाया है। जिला शिक्षा विभाग के अंतर्गत 710 और समग्र शिक्षा के अंतर्गत 70 स्कूलों का मरम्मत नहीं हुआ है। इसी तरह ऐसे भी खंडहर स्कूल हैं जिसे ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान डिसमेंटल किया जाना था, लेकिन यह काम भी नहीं हो पाया। जिले में 15 खंडहर ▶▶| शेष पेज 7 पर

### राजनांदगांव में 500 से अधिक स्कूलों को मरम्मत की दरकार

राजनांदगांव में 500 से अधिक स्कूलों को दुरुस्त करने की आवश्यकता होने के बाद भी इसकी मरम्मत नहीं कराई गई है। वहीं अब 16 जून से स्कूलों के पट विद्यार्थियों के लिए खुल जाएंगे और नौनिहाल इन्हीं जर्जर स्कूल में पढ़ने मजबूर होंगे। शिक्षा विभाग द्वारा जिले के 531 स्कूलों की मरम्मत के लिए शिक्षण संचालनालय को बीते मई में ही पत्र भेजा ▶▶| शेष पेज 7 पर

## रविवार...हादसों का वार



उत्तराखंड और महाराष्ट्र में दो बड़े हादसे

# केदारनाथ के पास हेलीकॉप्टर क्रैश, 7 की मौत, पुणे में पुल ढहने से 32 बह गए

रविवार को दिन हादसों से भरा रहा। केदारनाथ के करीब एक हेलीकॉप्टर क्रैश हो गया। इस हादसे में हेलीकॉप्टर में सवार सभी पांच श्रद्धालुओं, एक पायलट और बदरीनाथ केदारनाथ मंदिर समिति के एक प्रतिनिधि समेत सात की मौत हो गई। मथुरा में बहुमंजिला इमारत ढहने दो बच्चियों समेत तीन के मौत की खबर है। इधर, महाराष्ट्र में पुल टूटकर गिर गया। इसमें करीब 32 पर्यटक बह गए, वहीं 6 की मौत हो गई।

### गौरीकुंड के लिए उड़ा था हेलीकॉप्टर, चारधाम यात्रा रुकी

एजेंसी ▶▶| देहरादून/रुद्रप्रयाग



हेलीकॉप्टर श्रद्धालुओं को लेकर केदारनाथ मंदिर से गौरीकुंड के लिए उड़ा था। प्रारंभिक जांच में पाया गया है कि घाटी में बादल थे और विजिबिलिटी ठीक नहीं थी, फिर भी हेलीकॉप्टर उड़ाया गया। यह आर्यन एविएशन कंपनी का था। हादसे के बाद चारधाम यात्रा हेलीकॉप्टर सर्विस पर रोक लगा दी गई है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हेली सर्विस के संचालन को लेकर सख्त नियम बनाए जाएंगे। इसमें हेलिकॉप्टर की तकनीकी स्थिति की जांच और उड़ान से पूर्व मौसम की सटीक जानकारी लेना अनिवार्य होगा।

इधर, जंगलचट्टी के पास खड्ड में मलबा और पत्थर गिरने से श्री बाबा केदारनाथ धाम जाने वाला रास्ता क्षतिग्रस्त हो गया है। इससे एक व्यक्ति की मौत हो गई। इसके बाद सोनप्रयाग ▶▶| शेष पेज 7 पर

### पुणे में बड़ा हादसा

### पानी का बहाव देखने पहुंचे पर्यटक, ढह गया पुल, 6 की मौत

पुणे। महाराष्ट्र के पुणे के मावल तहसील में इंद्रायणी नदी पर बना लोहे का एक पुल रविवार दोपहर ढह जाने से कम से कम 6 लोगों की मौत हो गई और 32 बह गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, इस पुल को तीन महीनों से ट्रैफिक के लिए बंद कर दिया गया था, मगर बावजूद इसके वह खुला था और वहां पर्यटक पहुंचे। पुल की हालत पहले से खराब थी। भारी बारिश के कारण नदी का पानी तेजी से बढ़ा और पानी का बहाव इतना तेज था कि पुल ध्वस्त हो गया। इस हादसे में लगभग 25 से 30 लोग नदी की तेज धारा में बह गए होने का अंदेशा है।

### बहुमंजिला इमारत ढही, तीन की मौत



मथुरा। मथुरा जिले के गोविंद नगर थाना क्षेत्र के कच्ची सड़क इलाके में रविवार को टीला धंसने से उसपर बनी एक बहुमंजिला इमारत ढह गई जिसमें दो बच्चियों समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। अब तक मलबे में से निकाले गए तीन लोगों-तोताराम (38) तथा दो बहनें यशोदा (छह) व काव्या (तीन) को डॉक्टरों द्वारा मृत घोषित किया जा चुका है। यह हादसा रविवार दोपहर गोविंद नगर थाना क्षेत्र में उस समय हुआ जब कोई व्यक्ति ▶▶| शेष पेज 7 पर



### सीएम बोले- छह का रेस्क्यू

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बताया कि हादसे में छह लोगों को बचाया गया है जबकि कुछ लोग बह गए। तालेगांव दाभाडे पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि यह घटना कुंदमाला इलाके में हुई, जहां पिछले कुछ दिनों से भारी बारिश हो रही है, जिसके कारण नदी का बहाव तेज था। उन्होंने बताया कि जब पुल ढहा, तब बारिश नहीं हो रही थी।

13 घायल, एक रायपुर रेफर

# क्रूजर गड्ढे में गिरा चार की गई जान

फरसगांव। कोंडागांव जिले के भूमका गांव के पास दिगानार गांव चौक में शनिवार की रात हुए सड़क हादसे में तीन महिला और एक युवक की मौत हो गई है। हादसे में 13 लोग घायल हो गए। घायलों में एक का रायपुर और बाकी घायलों का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। घायलों में मासूम बच्चे भी शामिल हैं। जानकारी के अनुसार ▶▶| शेष पेज 7 पर

### इनकी हुई मौत

मृतकों में सुकारो नेताम, संग्राम समरथ, मंगलीबाई समरथ और बुधयारिन बाई नेताम शामिल हैं। इनके शव को पोस्टमार्टम के उपरांत परिजन को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

प्रेम प्रसंग, आपसी रंजिश या खनिज माफियाओं ने पीटा, पीड़ित और पुलिस का अलग-अलग दावा

# युवक को बांधकर पीटने वाला एक आरोपी गिरफ्तार, बाकियों की तलाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदा बाजार/गिधौरी

हरिभूमि फॉलोअप

सरेआम खनिज माफियाओं द्वारा युवक को बांधकर मारपीट के मामले में रविवार को नया मोड़ आ गया है। प्रकरण में अपनी जांच में पुलिस ने जहां पूरे घटनाक्रम को प्रेम प्रसंग और आपसी रंजिश से जोड़ दिया है। इसमें फिलहाल एक आरोपी को गिरफ्तार ▶▶| शेष पेज 7 पर


चौराहे पर रस्सियों से बांधा, बेदम पीटा, सैकड़ों ग्रामीण देखते रहे

### जान पहचान वालों को दे रहे धमकी

पीड़ित ने बताया कि घटना के बाद से वे बेहद डरा हुआ है। घटना को तीन दिन हो चुके हैं, लेकिन खनिज माफिया के लोग खुलेआम घूम रहे हैं। वे जान-पहचान वालों को धमकी दे रहे हैं ▶▶| शेष पेज 7 पर



छत्तीसगढ़ में हर साल खरीफ सीजन में धान की जमकर पैदावार हो रही है, यह उपज लगातार बढ़ती जा रही है। सरकार की पहल पर किसानों को धान का मूल्य देश में सबसे अधिक 31 सौ रुपए प्रति क्विंटल मिल रहा है, लेकिन ये बात चौंकाने वाली हो सकती है कि राज्य में पांच एकड़ खेती वाले किसान की महीने की कमाई धान की फसल से मात्र 11 हजार 144 रुपए होती है। खास बात ये है कि इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने धान की खेती का जो आर्थिक विश्लेषण किया है, उससे किसानों की कमाई का यह आंकड़ा सामने आया है।

## कृषि विवि के वैज्ञानिकों ने किया किसानों का आर्थिक आंकलन

# पांच एकड़ में धान की कमाई हर महीने मात्र 11 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दरअसल विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की एक बड़ी टीम ने पिछले सीजन में धान के अधिक उत्पादन के लिए उन्नत तकनीक विषय पर गहन अध्ययन किया और अपनी विस्तृत रिपोर्ट में धान की उन्नत खेती का आर्थिक विश्लेषण पेश किया था। इस अध्ययन में मुख्य रूप से यह बताया गया है कि किसान अगर बोता पद्धति से धान लगाता है तो एक एकड़ पर कुल कितना खर्च होता है। उत्पादन कितना और फसल की बिक्री से कितनी राशि मिलती है। इसी तरह से रोपा विधि से धान बुवाई से होने वाली आय का हिसाब-किताब निकाला गया।

### रोपा विधि से उत्पादन पर हर माह 15 हजार की कमाई

इसी प्रकार रोपा विधि से बुवाई करने वाले किसानों को एक एकड़ में 25 क्विंटल उत्पादन मिलता है। उसके सभी खर्च 21 हजार 81 रुपए होते हैं। 31 सौ के हिसाब से इस धान की कीमत 57 हजार 500 रुपए होती है। इसमें से खर्च की राशि काटने के बाद किसान को 36 हजार 419 रुपए मिले। अब पांच एकड़ के किसान को इस हिसाब से साल में 1 लाख 82 हजार रुपए मिले। 12 माह में इसे विभाजित करने पर किसान के हाथ महीने में 15 हजार रुपए आते हैं।

### सबसे अधिक धान कीमत यहां फिर भी किसान की जेब खाली




### बोता विधि से बुवाई खर्च और कमाई का हिसाब

दोनों प्रकार की बुवाई करने पर किसान को गहरी जुताई, खेत का समतलीकरण, मचाई आदि काम करने होते हैं। रोपणी तैयार करने, बीज, बीज उपचार, कीटनाशक, खाद प्रबंधन, खरपतवार प्रबंधन और जल प्रबंधन सहित अन्य जरूरी काम करने होते हैं। इन सारे कामों पर किसान के 19 हजार 254 रुपए खर्च होते हैं। बोता पद्धति से बुवाई पर एक एकड़ में कुल 20 क्विंटल उत्पादन होता है। 3100 रुपए के हिसाब से यह धान 46000 रुपए का होता है। इसमें से बुवाई का खर्च काटने से किसान को 26 हजार 746 रुपए मिलते हैं। अगर किसान पांच एकड़ जमीन का स्वामी हो तो उसे कुल 1 लाख 33 हजार रुपए मिलेंगे। इसे 12 माह में विभाजित किया जाए तो किसान को हर माह 11 हजार 144 रुपए मिलेंगे। हमारे विश्लेषण के हिसाब से बोता पद्धति से बोने वाले पांच एकड़ के किसान की कमाई बस इतनी ही है।

### कैसे बढ़ेगी किसानों की कमाई और क्या करना होगा

राज्य में धान की खेती पर यह अनुसंधान और खेती का आर्थिक विश्लेषण करने वाले वाले वैज्ञानिक डॉ. पीके तिवारी का कहना है कि जो किसान सिंगल क्रॉप लेते हैं, उन्हें इतनी ही राशि मिलती है, जो आर्थिक विश्लेषण का आकलन है, लेकिन यही किसान अगर उन्नत या इंटीग्रेटेड खेती करेंगे तो उनका लाभ निश्चित ही बढ़ेगा। अगर किसान की खेत में अरहर, खेखसी जैसी फसल लगाई जाए। मेड़ पर उगने वाली फसल लगाएं तो खेत से चावल के साथ दाल भी मिलेगी। खेतों में रीजनल प्लांट फूलों के लगाएं या साथ ही पशुपालन, मुर्गी पालन, मछली पालन भी करें तो आय बढ़ेगी। सामान्य धान की जगह किसान धान बीज की खेती करे तो अधिक मुनाफा होगा। किसान अगर सामान्य चावल की जगह सुगंधित धान लगाएं तो कीमत कई गुना अधिक मिलेगी।

## खबर संक्षेप

### सीबीआई अधिकारी बनकर डिजिटल अस्टेट का झांसा देने वाले चार युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** सीबीआई का अधिकारी बनकर डिजिटल अरेस्ट का झांसा देकर ठगी करने वाले चार युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। प्रगति नगर रिसाली निवासी नम्रता चन्द्राकर को 29 अप्रैल को सीबीआई का अधिकारी बनकर पीड़िता के पिता को वीडियो काल कर केनरा बैंक के खाते को नरेश गोयल को बेचने का आरोप लगा कर दो करोड़ रुपए का मनी लाडिंग होने का झांसा दिया था। झांसा देकर पीड़िता के पिता से 54 लाख 90 हजार रुपए का ठगी किया गया था। पुलिस में घटना की शिकायत करने पर जांच किया गया। जांच में आरोपी मोबाईल धारक और लाभार्थी बैंक खाता धारक की तकनीकी सहायता से जानकारी मिली। पुलिस ने लखनऊ दीपक गुप्ता, राजेश विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार, शुभम श्रीवास्तव को हिरासत में लेकर पूछताछ की।

### म्यूल एकाउंट मामला खाताधारक गिरफ्तार



**राजनांदगांव।** म्यूल एकाउंट खाता धारकों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत पुलिस ने एक म्यूल अकाउंट खाताधारक पर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा तथा पुलिस अनु. अधिकारी डोंगरगांव दिलीप सिंह सिसोदिया राजनांदगांव के मार्गदर्शन एवं थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक अवनीश कुमार श्रीवास के नेतृत्व में वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त म्यूल एकांउट खाताधारक के खिलाफ कार्रवाई संबंधी दिशा-निर्देश प्राप्त होने पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। विवेचना के दौरान आरोपी लोकेश कुमार 25 साल पता ग्राम कल्लुबंजारी थाना छुरिया का पता तलाश कर पूछताछ कर मेमोरंडम कथन तैयार किया गया।

### 4 अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर पकड़ाए, भेजे गए जेल



**जगदलपुर।** वन विभाग की टीम ने शनिवार की रात को घेराबंदी कर सीमावर्ती राज्य ओडिशा के अंतर्राज्यीय लकड़ी तस्कर को धर दबोचा। चार लोगों के पास से 50 हजार की ईमारती लकड़ी बरामद की गई है। जिले के माचकोट वन परिक्षेत्र में मुखबिर सूचना पर टीम ने रात में ही घेराबंदी कर सरहदी इलाकों में पता तलाशी की गई। इसी दौरान छत्तीसगढ़ इलाके में ओडिसा राज्य के 4 व्यक्तियों को रोककर पूछताछ किया गया और उनके कब्जे से ईमारती लकड़ी बीजा के 2 नग 0.272 घनमीटर काष्ठ बरामद किया। दस्तावेज में पुराने रिकार्ड से मिलान करने पर चारों व्यक्तियों का पूर्व में भी वन अपराध में लिप्त होना पाए गया। साथ ही चारों पर अवैध कटाई एवं परिवहन का अपराध पंजीबध्द किया गया है। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

### अरुण साव करेंगे जल्द गृह प्रवेश, बाकी मंत्रियों की तख्तियां लगाईं


# नवा रायपुर की बढ़ेगी रौनक, सभी मंत्री नए बंगलों में होंगे शिफ्ट, बनाएंगे स्थाई निवास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

सरकार के मंत्रियों के नए साल में पता बदल जाएगा। नवा रायपुर के सेक्टर-24 में महिला एवं बाल विकास मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े उप मुख्यमंत्री अरुण साव की पड़ोसी होंगी। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के पड़ोसी वनमंत्री केदार कश्यप होंगे। माना जा रहा है कि नए साल में विष्णु देव साय सरकार के सभी मंत्री नवा रायपुर के बंगलों में गृह प्रवेश कर लेंगे। नवा रायपुर में बने बंगलों का सभी मंत्रियों को आवंटन पूरा हो चुका है। सभी मंत्रियों की नाम पट्टिका उन बंगलों में लगाई जा चुकी है। वहां पर साज-सज्जा के साथ ही सुरक्षा के सभी इंतजाम किए जा चुके हैं। अब वहां अन्य मंत्री जल्द ही शिफ्ट होने की तैयारी कर रहे हैं। मंत्रियों के नवा रायपुर में निवास करने के साथ ही वहां लोगों की हलचल बढ़ेगी। इससे रौनक भी बढ़ेगी।

खास खबर

**नवा रायपुर के अटलनगर सेक्टर-24 में करोड़ों की लागत से मंत्रियों के लिए बंगले बनकर तैयार हैं, लेकिन शिफ्टिंग अभी तक केवल पांच मंत्रियों की ही हुई है। यहां नेता प्रतिपक्ष व मंत्रियों के 14 बंगले और अफसरों के लिए 78 बंगले हैं। वर्तमान में कृषि मंत्री रामविचार नेताम, केदार कश्यप, दयालदास बघेल व लक्ष्मी राजवाड़े, श्याम बिहारी जायसवाल नए बंगले में शिफ्ट हो चुके हैं। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय यहां गृह प्रवेश कर चुके हैं। जल्द ही नवा रायपुर उनका स्थाई निवास होगा। अरुण साव भी जल्द ही यहां पर शिफ्ट होने वाले हैं।**



**सीएम हाउस की लागत 65 करोड़:** नवा रायपुर में सीएम हाउस भी 65 करोड़ की लागत से बनकर तैयार हो गया है। सीएम आवास की सुरक्षा के लिए हाईटेक तकनीक का उपयोग किया गया है। साथ ही प्राइवेट थियेटर, हेल्थ सेंटर, लाइब्रेरी जैसी कई सुविधाएं हैं। मुख्यमंत्री निवास करीब 8 एकड़ में बनकर तैयार होने के बाद सीएम ने गृह प्रवेश करने के बाद यहां पर बैठक और अन्य आयोजन किए गए हैं। वे अक्सर यहां बैठकें लेते रहे हैं। अब वे यहां स्थाई रूप से निवास करेंगे।

### नवा रायपुर में सभी सरकारी कार्यालय

नवा रायपुर में सभी सरकारी कार्यालय स्थापित हो गए हैं। राज्य मंत्रालय महानदी भवन, संचालनालय इंद्रावती भवन, मंडी बोर्ड, संवाद, साइबर सेल, रेस्ट हाउस, पुलिस मुख्यालय समेत सभी सरकारी कार्यालयों में काम शुरू हो गए हैं। नई विधानसभा और राजभवन भी निर्माणाधीन हैं। तीन एकड़ में स्पीकर हाउस बनाया जा रहा है। 14 एकड़ में राजभवन तैयार किया जा रहा है, जो अंतिम चरण में है।

### बसाहट के लिए करना होगा प्रयास

नवा रायपुर में शासकीय कार्यालयों के स्थापित होने के बाद भी बसाहट नहीं बढ़ रही है, हालांकि इसके लिए प्रयास सतत जारी है। राज्य सरकार का नवा रायपुर बसाने का उद्देश्य है कि आबादी बढ़ेगी, निवेश आएगा और रोजगार के साधन बढ़ेंगे। यहां पर नए निवेश आने के साथ ही उद्योगों को बढ़ावा मिलेगा। यहां संबंधित संस्थानों के लोगों के आने से बसाहट बढ़ेगी।

### अवैध रेत खनन पर बड़ी कार्रवाई

## खनिज अधिकारी निलंबित शूटर भी हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

रेत तस्करी के मामले में प्रदेश सरकार का कड़ा रुख दिखाई दे रहा है। रेत तस्करों के द्वारा किए गए गोली कांड को लेकर सरकार एक्शन मोड मे है। इस मामले के बीच जिले के खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर को निलंबित कर दिया गया है। खनिज संसाधन विभाग के अवर सचिव एम चंद्रशेखर ने खनिज अधिकारी द्वारा जिले में रेत के अवैध उत्खनन एवं परिवहन के प्रकरणों में प्रभावी नियंत्रण तथा समुचित कार्रवाई नहीं करने के मामले को लेकर जिला खनिज अधिकारी प्रवीण चंद्राकर का कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण अधिनियम का उल्लंघन पाए जाने पर उन्हें तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। इधर पुलिस द्वारा भी इस मामले में लगातार कार्रवाई की जा रही है। एक के बाद एक आरोपियों की गिरफ्तारी हो रही है। बसंतपुर थाने की पुलिस ने इस मामले में पहले पार्षद संजय रजक और जेसीबी ऑपरेटर भगवती निषाद को गिरफ्तार किया था, इसके बाद शनिवार को जेसीबी और हाईवा के मालिक अभिनव तिवारी उर्फ चीनू महाराज को गिरफ्तार किया था। वहीं आज पुलिस ने इस मामले में मध्य प्रदेश के ग्वालियर निवासी शूटर अतुल तोमर को गिरफ्तार किया है। अतुल तोमर नहीं उस रात अवैध रेत की तस्करी रोकने पहुंचे वार्ड के लोगों पर गोलियां चलाई थी, पुलिस की गिरफ्त में आने के बाद आरोपी शूटर ने अपना जुर्म स्वीकार किया है।

हरिभूमि लगातार

### हाईकोर्ट ने लिया था संज्ञान

शहर के मोहड़ वार्ड में तस्करी और गोली कांड के इस मामले पर हाईकोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया था। आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर निर्देश दिया था, उसके बाद पुलिस ने इस मामले में त्वरित करवाई करते हुए आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

### अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, रेलवे स्टेशन, सभी सरकारी संस्थान सरकारी और निजी आवासों को सौर ऊर्जा से रोशन किया जाएगा

# नया रायपुर बनेगा सोलर सिटी, 10 मेगावाट बिजली बनाने क्रेडा की योजना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश में भी सोलर से बिजली का उत्पादन करने का काम अब तेजी से करने की तैयारी चल रही है। क्रेडा कई योजनाओं पर काम कर रहा है। नया रायपुर को सोलर सिटी भी बनाने की तैयारी है। इसके लिए क्रेडा ने करीब 10 मेगावाट बिजली के उत्पादन की योजना बनाकर प्रदेश सरकार को भेजी है। योजना को मंजूरी मिलने के बाद इस पर काम प्रारंभ होगा। देश में लगातार बढ़ती बिजली की मांग को देखते हुए अब केंद्र सरकार ने सोलर बिजली की तरफ रुख किया है। इसके लिए देश के कई राज्यों में भी काम हो रहा है। जहां एक तरफ केंद्र सरकार की प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना पर काम चल रहा है, वहीं राज्यों में बड़े-बड़े सरकारी और निजी सोलर प्लांट भी लगाने का काम हो रहा है। प्रदेश में राजनांदगांव में बड़ा सोलर प्लांट लगा है। इसी के साथ प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में भी घरों की छतों पर बिजली का उत्पादन किया जा रहा है। क्रेडा 20 हजार सोलर कृषि पंप भी लगाने वाला है। इसी के साथ जल जीवन मिशन योजना में भी 28 हजार सोलर पंप लगाए गए हैं।

अलग खबर



### नया रायपुर होगा सोलर से रोशन

नया रायपुर में अभी पूरी बसाहट नहीं हुई है, लेकिन यहां पर मंत्रालय, सरकारी और कई निजी संस्थानों के साथ मुख्यमंत्री, मंत्रियों के बंगले हैं। नया रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम भी है। क्रेडा ने एक योजना तैयार की है, जिसमें 10 मेगावाट बिजली का उत्पादन ग्रिड कनेक्टेड सौर ऊर्जा संयंत्रों से किया जाएगा। इस योजना में नया रायपुर को सोलर सिटी बनाया जाएगा। इसमें अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, सभी शासकीय भवन, सभी शासकीय और निजी आवास, रेलवे स्टेशन, स्ट्रीट लाइट, पंप हाउस भी शामिल हैं। इसके लिए अलग-अलग क्षमता के सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। स्टेडियम में जितने किलोवाट की जरूरत होगी, उसके हिसाब से वहां पर प्लांट लगेगा। इसी तरह से अलग-अलग शासकीय भवनों में वहां बिजली की जरूरत को देखते हुए उतनी क्षमता के प्लांट लगेंगे। इसी तरह से निजी और शासकीय आवासों में भी आवासों में बिजली की खपत के हिसाब से सोलर प्लांट लगाए जाएंगे। रेलवे स्टेशन और जो भी संस्थान और स्थान इस योजना में शामिल होंगे, सभी स्थानों में उनकी बिजली की खपत को देखते हुए प्लांट लगेंगे। सभी प्लांट के लिए अलग-अलग बजट बनाया जाएगा। अभी तो राज्य सरकार के पास योजना को मंजूरी के लिए भेजा गया है। राज्य सरकार से मंजूरी मिलने के बाद अलग-अलग स्थानों के लिए अलग-अलग योजनाएं तैयार करके बजट बनाया जाएगा।

### सरकार को भेजा है प्रस्ताव

नया रायपुर को सोलर सिटी बनाने की योजना है। इसके लिए एक प्रस्ताव बनाकर प्रदेश सरकार के पास मंजूरी के लिए भेजा गया है। वहां से मंजूरी मिलने पर काम प्रारंभ होगा।

- भूपेंद्र सवन्नी, अध्यक्ष, क्रेडा

गर्ल्स कालेज में अतिथि प्राध्यापक के रूप में पदस्थ केमिस्ट्री की महिला प्रोफेसर ने अपने किराये के मकान में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। पुलिस ने कमरे से सुसाइड नोट बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में अतिथि प्रोफेसर के रूप में पदस्थ प्रो. सुषमा साहू पिता नारायणलाल उम्र 31 वर्ष मूल रूप से रायपुर निवासी थी। बीते कुछ वर्षों से रूद्री रोड स्थित कैलाशपति नगर में किराये के मकान में रह रही थी। गर्मी की छुट्टियों के चलते वह अपने घर रायपुर चली गई थीं।

# गर्ल्स कॉलेज की अतिथि महिला प्राध्यापक ने मां-बाप को सॉरी बोल लगाई फांसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धमतरी

13 जून को महिला प्रोफेसर कैलाशपति नगर में स्थित अपने किराये के मकान में आ गई थी। दूसरे दिन उसके किराये के मकान से कोई एक्टिविटी नहीं होते देख अन्य पड़ोसियों ने आवाज लगाई। लेकिन भीतर से कोई जवाब नहीं मिला। शनिवार की शाम उसके पिता नारायणलाल साहू को सूचना दी गई। पिता ने तत्काल अपने परिचित को कैलाशपति नगर भेजा। दरवाजा तोड़ने पर भीतर डा. सुषमा नायलोन की रस्सी से सिलिंग पंखा लगे हुक में फांसी पर लटकी मिली। सूचना मिलते ही पिता भी मौके पर पहुंच गया। घटना की रूद्री पुलिस को सूचना दी गई। पंचनामा के बाद रविवार की सुबह रूद्री पुलिस ने शव को रक्तदान एंबुलेंस की मदद से पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया गया है। कमरे का बारीकी से निरीक्षण करने पर पुलिस ने एक सुसाइड नोट बरामद किया। जिसमें मम्मी-पापा सॉरी, मैं सुसाइड कर रही हूं लिखा है। मृतिका के पिता नारायणलाल साहू पूर्व में धमतरी की भू अभिलेख शाखा में नायब तहसीलदार रह चुके हैं। वर्तमान में अभनपुर में तहसीलदार के रूप में कार्यरत हैं।



### आत्महत्या का कारण अज्ञात

रूद्री थाना प्रभारी अमित बघेल ने मीडिया को बताया कि डा. सुषमा साहू गर्ल्स कॉलेज में प्राध्यापक थी। 13 जून को कुशालपुर रायपुर से अपने किराये के मकान कैलाशपति नगर पहुंची थी तब से उसे बाहर निकले किसी ने नहीं देखा। मकान में कूलर चल रहा था। पड़ोसियों के दरवाजा खटखटाने पर भी कोई जवाब नहीं मिला। उसके पिता द्वारा फोन लगाया गया। लेकिन फोन काल रिसीव नहीं हुआ। अनहोनी की आशंका के चलते उसके पिता ने अपने रिश्तेदार को कैलाशपति नगर भेजा। दरवाजा खोलने पर वह फंसी पर लटकी हुई पाई गई। शनिवार को पंचनामा के बाद रविवार की सुबह शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है।

### 600 करोड़ का इलेक्ट्रॉनिक कारोबार, 300 करोड़ के बिके गहने

# शादियों के सीजन में बाजार में जमकर बरसा धन, पांच माह में दो हजार करोड़ का कारोबार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

शादियों के सीजन में इस बार जनवरी से लेकर मई तक पांच माह राजधानी रायपुर के साथ प्रदेशभर में जमकर खरीदारी हुई है। सोने-चांदी के गहनों, कपड़ों, इलेक्ट्रॉनिक सामानों के साथ बर्तन, फर्नीचर, कैटरिंग के साथ ही होटल, भवनों के किराए को मिलाकर सीजन में दो हजार करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है। इस साल जनवरी से ही लगातार शादियों का सीजन चल रहा है। जनवरी से लेकर जून तक बहुत शादियों हुई हैं। इसके लिए जनवरी से ही सभी सेक्टर में लगातार खरीदारी हुई है। पूरे पांच माह तक बाजार में बड़ा बूम रहा है। पहली बार इतने लंबे समय तक बाजार में ग्राहकी हुई है।



**सोने की कीमत ज्यादा, खरीदी आधाः** शादियों के लिए सोने और चांदी के गहनों की थोक में बिक्री होती है। सराफा कारोबारियों के मुताबिक, जून तक के सीजन में 300 करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में हुआ है। इस साल सोने और चांदी की कीमत आसमान पर चली गई है। रायपुर सराफा एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष हरख मालू के मुताबिक, सोने की कीमत को देखते हुए अब लोगों ने इसकी खरीदारी का तरीका बदल दिया है। पहले सोना 50 हजार रहता था तो जो लोग एक लाख के बजट में 20 ग्राम सोना लेते थे, वे अब सोने की कीमत एक लाख होने के कारण 10 ग्राम ही सोने के गहने ले रहे हैं। इसी तरह से चार से पांच तोले के स्थान पर दो से तीन तोले के गहने लिए जा रहे हैं।

### होटल, भवन, टेंट कैटरर्स की भी चांदी

टेंट और कैटरिंग कारोबारी जसपाल सिंह होरा के मुताबिक, पूरे सीजन में होटल, भवन, टेंट, कैटरिंग को मिलाकर करीब तीन सौ करोड़ का कारोबार पूरे प्रदेश में हुआ है।

### 600 करोड़ का कपड़ा बाजार

प्रदेश का सबसे बड़ा राजधानी रायपुर का पंडरी कपड़ा बाजार जनवरी से ही गुलजार है। पंडरी कपड़ा एसोसिएशन के चंदर विधानी के मुताबिक, जनवरी से जून तक की शादियों के लिए जमकर खरीदारी हुई है। पूरे सीजन में छह सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार पूरे प्रदेश में हुआ है।

### इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे का क्रेज

लक्ष्मी इलेक्ट्रॉनिक्स के संचालक राजेश वासवानी के मुताबिक, इलेक्ट्रॉनिक्स में महंगे आइटमों का ज्यादा क्रेज है। पूरे सीजन में छह सौ करोड़ से ज्यादा का कारोबार हुआ है।

### फर्नीचर-बर्तनों का 200 करोड़ का कारोबार

शादियों में फर्नीचर और बर्तनों की भी जमकर खरीदारी हुई है। डिजाइनर फर्नीचरों की ज्यादा डिमांड है। कारोबारियों के मुताबिक पूरे सीजन में प्रदेशभर में करीब दो सौ करोड़ का कारोबार हो गया है।

रायपुर, सोमवार 16 जून 2025 | आषाढ़ कृष्ण पक्ष षष्ठी | वर्ष : 23, अंक : 329 | पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य : 5.00** | haribhoomi.com

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

### 13 टॉप मोस्ट नक्सलियों में यह शामिल

फोर्स द्वारा टॉप मोस्ट नक्सलियों को टारगेट करने रणनीति बनाई जा चुकी है, जिनकी हर गतिविधियों पर फोर्स नजर बनाए हुए है। इन टॉप नक्सलियों मं सबसे शीर्ष में बीएससी व बीईडी तक शिक्षित पोलित ब्यूरो व सलाहकार सेंट्रल कमेटी मेंबर मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति उर्फ रमन्ना उर्फ श्रीनिवास उर्फ दयानंद उर्फ चन्द्रशेखर उर्फ गुडसा दादा उर्फ मलन्ना उर्फ राजन्ना उर्फ ▶▶| शेष पेज 7 पर

# हिट लिस्ट में अब 13 टॉप नक्सली, इनमें चार पोलित ब्यूरो और नौ सेंट्रल कमेटी के मेंबर, ईनाम सात करोड़ से ज्यादा

*केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह के मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद के सफाए के ऐलान के बाद बस्तर संभाग में फोर्स नक्सलियों के खात्मे के लिए लगातार कोर इलाके अबूझमाड़ व नेशनल पार्क क्षेत्र में ऑपरेशन चला रही है। यही वजह है कि पिछले 18 माह में सीसी मेंबर से लेकर निचले कैडर के 411 नक्सलियों को मुठभेड़ में ढेर कर चुकी है, जिन पर 23.68 करोड़ रुपए का ईनाम घोषित था।*

राजेश दास ▶▶| जगदलपुर

खास खबर

फोर्स अब उन 13 टॉप मोस्ट नक्सलियों को टारगेट करने प्रयासरत है, जिन पर केवल छग में ही 7.36 करोड़ रुपए का ईनाम घोषित है। इनमें 4 करोड़ के ईनामी 4 पोलित ब्यूरो व 3.36 करोड़ के ईनामी 9 सेंट्रल कमेटी मेंबर शामिल हैं। बस्तर पुलिस सरकार की मंशा के अनुरूप सरेंडर करो या मरो की रणनीति पर काम करते हुए छग की फोर्स के अलावा पड़ोसी राज्य ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तेलगांना व महाराष्ट्र स्टेट की फोर्स के साथ आपसी समन्वय स्थापित कर करोड़ों के ईनामी टॉप मोस्ट नक्सलियों को टारगेट करने लगातार ऑपरेशन चला रही है। मुठभेड़ों में ▶▶| शेष पेज 7 पर



कादरी रेड्डी उर्फ कोसा

- 18 माह में 411 नक्सली ढेर

### पिछले डेढ़ वर्ष में फोर्स ने नक्सलियों की तोड़ी रीढ़

बस्तर में तैनात सुरक्षाबलों ने बीते डेढ़ वर्ष में नक्सलियों की कमर तोड़कर रख दी। सुरक्षाबलों ने नक्सलियों के कोर इलाकों में ऑपरेशन कर एक तरह से नक्सलियों को चुनौती देते हुए अभियान संचालित किया। फोर्स ने पिछले डेढ़ वर्ष में 411 हार्डकोर नक्सलियों को मुठभेड़ में मार गिराया, इन नक्सलियों 23 करोड़ ▶▶| शेष पेज 7 पर

### सरकार की मंशा अनुरूप ऑपरेशन जारी

नक्सलियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई व आपरेशन के चलते प्रशासन व सुरक्षबलों की पहुंच नक्सलियों के आधार इलाकों में बढ़ी है। यही वजह है कि पिछले डेढ़ वर्ष में करोड़ों के ईनामी 411 हार्डकोर नक्सलियों को ढेर कर उन्हे उन्हीं के इलाकों से खदेड़ने के साथ ही विकास कार्य व मूलभूत सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। जल्द ही पूरे इलाके को नक्सलमुक्त कर लिया जाएगा जिसके लिए हम प्रयासरत है।

**- सुंदरराज पी,** आईजी बस्तर

### ये हैं ईनामी नक्सली



मल्लोजुला वेणुगोपाल | अनल दा उर्फ तुफान | के. राजचंद्र रेड्डी उर्फ कट्टा | थिप्परी तिरूपति उर्फ देवजी | मुपल्ला लक्ष्मण राव उर्फ गणपति | सुजाता उर्फ कल्पना | गजराला रवि उर्फ उदय | मोडेम बालाकृष्णा उर्फ बालन्ना | पुल्लरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना | सब्यसाची गोस्वामी उर्फ अजय | मिशिर बेसरा उर्फ भास्कर | गणेश उईके उर्फ राजेश

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### सोनियाअस्पताल में भर्ती, हालत स्थिर



**नई दिल्ली।** कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी को पेट संबंधी समस्याओं के कारण रविवार को राष्ट्रीय राजधानी स्थित सर गंगा राम अस्पताल में भर्ती कराया गया। गांधी (78) को रात करीब नौ बजे 'गैस्ट्रोएंटरोलॉजी' विभाग में भर्ती कराया गया। सोनिया की हालत स्थिर है और वह चिकित्सकों की एक टीम की निगरानी में हैं।

### शूटिंग के दौरान नाव पलटी बाल-बाल बचे ऋषभ



**शिवमोगा।** कन्नड़ फिल्म 'कंतारा : चैप्टर 1' की शूटिंग के दौरान एक नाव जलाशय में पलट गई, हालांकि अभिनेता-निर्देशक ऋषभ शेट्टी और फिल्म निर्माण में शामिल 30 अन्य लोग बाल-बाल बच गए। यह घटना मणि जलाशय में फिल्म की शूटिंग के दौरान हुई।

### आकाशीय बिजली गिरने से परिवार के चार की मौत



**प्रयागराज।** प्रयागराज के यमुना नगर इलाके में कथित तौर पर आकाशीय बिजली गिरने से एक ही परिवार के चार लोगों की मौत हो गई। घटना हल्लाबोर गांव में उस समय की है जब विरेंद्र वनवासी अपने परिवार के साथ छप्पर के नीचे सो रहे थे तभी बिजली गिरी।

### चंद्रशेखर बने कैबिनेट सचिवालय में सचिव



**नई दिल्ली।** आईपीएस के वरिष्ठ अधिकारी आर.ए. चंद्रशेखर को कैबिनेट सचिवालय में सचिव (सुरक्षा) नियुक्त किया गया है। केरल कैडर के 1991 बैच के आईपीएस अधिकारी शेखर वर्तमान में आसूचना ब्यूरो में विशेष निदेशक के रूप में कार्यरत हैं।

### एंबुलेंस और पिकअप की टक्कर में पांच की मौत

**अमेठी।** अमेठी जिले में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार तड़के एक पिकअप और एंबुलेंस की टक्कर में पांच लोगों की मौत हो गयी और एक अन्य घायल हो गया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर दुख प्रकट किया है। पुलिस ने बताया कि घटना शुकुल बाजार थाना क्षेत्र में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर उस समय हुई, जब हरियाणा से बिहार के समस्तीपुर शव ले जा रही एंबुलेंस ने कथित तौर पर आगे निकलने की कोशिश में एक पिकअप वाहन को टक्कर मार दी।

## अहमदाबाद विमान दुर्घटना : डीएनए परीक्षण से की जा रही शवों की शिनाख्त

# रूपाणी के पार्थिव शरीर की पहचान 47 मृतकों का डीएनए हुआ मैच

एजेंसी ▶▶| अहमदाबाद

अब तक 24 लोगों के शव परिजनों को सौंपे जा चुके हैं। अधिकतर शव इतने जल गए हैं कि उनकी पहचान नहीं हो पा रही है, इसलिए अधिकारी इस भयावह त्रासदी में मारे गए लोगों की पहचान करने के लिए डीएनए परीक्षण करा रहे हैं। अतिरिक्त सिविल अधीक्षक डॉक्टर रजनीश पटेल ने संवाददाताओं को बताया, अब तक 47 डीएनए नमूने मेल खा चुके हैं और 24 शवों को उनके परिवारों को सौंप दिया गया है। ये लोग राजस्थान और गुजरात के विभिन्न हिस्सों से ताल्लुक रखते थे।

लंदन जा रहे विमान बोइंग 787-8 (एआई 171) में यात्रियों और चालक दल के सदस्यों सहित 242 लोग सवार थे, जिनमें से 241 की मौत हो गई। विमान में सवार लोगों में से केवल एक व्यक्ति ही दुर्घटना में बच पाया। घटना में मेडिकल कॉलेज के पांच छात्रों समेत 29 अन्य की भी मौत हो गई। गुरुवार को अपराह्न 1:39 बजे सरदार वल्लभभाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद विमान मेघाणीनगर में एक मेडिकल कॉलेज के परिसर में दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

*अहमदाबाद में विमान दुर्घटना में जान गंवाने वाले 47 लोगों की शिनाख्त डीएनए परीक्षण के जरिए कर ली गई है। गुजरात के रुपाणी का डीएनए मैच हो गया है, जिसके बाद अब उनका पार्थिव शरीर उनके परिवारवालों को सौंपा जाएगा और राजकोट में सोमवार को उनका अंतिम संस्कार होगा।*

### खास बातें

- अब तक 24 लोगों के शव परिजनों को सौंपे गए
- गुजरात के पूर्व सीएम रूपाणी का आज होगा अंतिम संस्कार
- मृतकों के परिजन की मदद के लिए 230 टीमें गठित



**रूपाणी के परिवार से मिले सीएम :** गुजरात के गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी ने बताया, राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी के डीएनए नमूने आज पूर्वाह्न 11.10 बजे मेल खा गए। राज्य के स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बताया कि मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने रूपाणी के परिवार के सदस्यों से मुलाकात की और उन्हें डीएनए मिलान के बारे में जानकारी दी।

### मृतकों के परिजन की मदद के लिए 230 टीमें गठित

राहत आयुक्त एवं राजस्व विभाग के सचिव आलोक कुमार पांडेय ने कहा, मृतकों के परिजनों की सहायता के लिए 230 टीमें गठित की गई हैं।

### इधर, अमेरिका के पूर्व नेवी पायलट का दावा

अहमदाबाद प्लेन क्रैश आरएटी की वजह से हुआ! अमेरिकी नेवी के पूर्व पायलट और जाने माने नेविगेशन एक्सपर्ट कैप्टन स्टीव ने प्लेन क्रैश के वीडियो के विश्लेषण करते हुए इसमें आरएटी (रैम एयर टरबाइन एक्टिवेशन की बात कही है। उन्होंने प्लेन क्रैश के 3 संभावित कारण बताए हैं। पहला इलेक्ट्रिकल फेल्योर, दूसरा दोनों ईंजन फेल या फिर तीसरा हाइड्रोलिक फेल्योर। स्टीव ने इस हादसे के एकमात्र सर्वाइवर विश्वास के बयान का भी सहारा लिया है।

1 कैप्टन स्टीव ने पहली संभावना दोनों इंजन के एक साथ फेल होना बताया है। इसका मतलब ये हादसा लिफ्ट लॉस यानि जहाज के पंखों से पर्याप्त हवा न मिलने की वजह से हुआ हो सकता है।


2 दूसरा कारण ये हो सकता है कि विमान के टेकऑफ से पहले कुछ विशेष तकनीकी सेटिंग्स की जरूरत होती है, जिनमें मुख्य होता है फ्लैप्स को नीचे करना. फ्लैप्स जहाज के पंखों के वो हिस्से होते हैं, जो टेक ऑफ के दौरान लिफ्ट बढ़ाते हैं।

3 तीसरी संभावना ये हो सकती है कि पायलट ने गलती से गलत लीवर खींच दिया हो। स्टीव के मुताबिक विमान जैसे ही टेकऑफ करता है तो को-पायलट कहता है विमान हवा में उठ चुका है।

# रायपुर-भिलाई से आए बाउंसरों ने किया चार आदिवासियों का अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर/गीदम

रायपुर-भिलाई से आए बाउंसर्स ने गीदम थाना क्षेत्र के दो गांव में बवाल मचाया। इन लोगों ने गांव से चार आदिवासी युवाओं को अपने चारपहिया वाहन में जबरन बैठा लिया और उनको लेकर जाने लगे। इस घटना को देख ग्रामीण भी सन्न रह गए। गांव वालों के सामने ही इन बाउंसर्स ने अपहरण की वारदात को अंजाम दिया। यह पूरा मामला नौकरी का झांसा देकर पैसे की लेन-देन से जुड़ा है। ग्रामीणों के सामने अपहरण कर ले जाने के बाद आस-पास के सभी गांव वाले जमा हो गए। इसके बाद उन्होंने इस बात की सूचना गीदम पुलिस को दी। पुलिस ने नाकेबंदी कर अपहरणकर्ताओं को धर दबोचा। साथ ही दो चार पहिया वाहनों को भी जब्त कर लिया। इन वाहनों में रॉड और डंडे भी मौजूद थे। ग्रामीणों का कहना है कि यह पूरा खेल दंतेवाड़ा के रहने वाला राजू अंसारी का रचा हुआ है। राजू ने इन चारों युवा आदिवासी से चार लाख रुपये नौकरी के नाम पर लिया था। जब युवाओं की नौकरी नहीं लगी, तो छले गए युवाओं ने पैसा वापस करने के लिए कहा। इसी बात से ▶▶| शेष पेज 7 पर



नौकरी दिलाने के नाम पर लिए थे 4 लाख, मांगने पर रची साजिश

### नाकाबंदी के बाद बारसूर से पकड़े गएः एसडीओपी

एसडीओपी गोविंद नाग का कहना है कि सभी आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है। दो चार पहिया वाहन से अज्ञात लोग आए थे। इन लोगों ने जबरन चार युवा ग्रामीणों को वाहन में बैठा लिया था। इन सभी को नाकेबंदी कर बारसूर से पकड़ा गया है। मामला पैसे के लेने से जुड़ा है। गहराई से पड़ताल की जा रही है। संदेहियों के वाहन में डंडे भी मौजूद थे। फिलहाल, जांच जारी है। जांच के बाद एफआईआर दर्ज की जाएगी।

## 11 किमी केशकाल बायपास मंजूर, बस्तर जाना होगा आसान

# 11 किमी केशकाल बायपास मंजूर, बस्तर जाना होगा आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर






मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा 307.96 करोड़ रुपए की लागत से पेव्ड शोल्डर मानक के साथ फोरलेन केशकाल बाईपास निर्माण की स्वीकृति प्रदान करने पर प्रदेशवासियों, विशेषकर बस्तर अंचल की जनता की ओर से आभार जताया है। उन्होंने कहा, यह बाईपास केशकाल घाट खंड में यातायात बाधाओं को दूर कर सुगम, सुरक्षित व निर्बाध यात्रा सुनिश्चित करेगा।

- कोंडागांव जिले में 307.96 करोड़ रुपए की लागत से होगा फोरलेन का निर्माण

मुख्यमंत्री ने कहा, डबल इंजन सरकार में तेजी से बस्तर अंचल का विकास हो रहा है। यह स्वीकृति केंद्र और राज्य सरकार की समन्वित विकास नीति का परिणाम है, जो बस्तर जैसे जनजातीय अंचल को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक और ठोस कदम है। इस ऐतिहासिक स्वीकृति के लिए मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की दूरदृष्टि तथा पहल के लिए आभार जताते हुए इसे बस्तर के विकास के लिए निर्णायक कदम बताया है।



- 8.10 किमी घाट की लंबाई
- 11.380 किमी प्रस्ताव बायपास की लंबाई
- 4 लेन बायपास मार्ग
- 307.96 करोड़ की लागत

### ऐसा होगा प्रस्तावित बायपास

प्रस्तावित केशकाल बायपास मार्ग-4 लेन है। प्रस्तावतव मार्ग में 2 वृहदपुल, 3 लघु पुल, 15 छोटी पुलिया के साथ 2 मेजर जंक्शन का निर्माण होगा। मार्ग की संपूर्ण लंबाई में डिवाइडर और घाट में साइड ड्रेन का प्रावधान है।

### बाईपास निर्माण से वैकल्पिक मार्ग मिलेगा

उल्लेखनीय है कि केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने ट्वीट कर यह जानकारी दी है। बाईपास के निर्माण से न केवल वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध होगा, बल्कि वाहन चालकों को तेज, सुगम और निर्बाध यात्रा का अनुभव भी मिलेगा। बाईपास निर्माण से शहरी क्षेत्रों में यातायात का दबाव कम होगा, जिससे स्थानीय नागरिकों को जाम और दुर्घटना की समस्या से राहत मिलेगी। साथ ही प्रदूषण के स्तर में भी गिरावट आएगी, जिससे पर्यावरणीय संतुलन को भी बढ़ावा मिलेगा।

## साइप्रस में भारतीयों के बीच पीएम मोदी...



- दो दशकों में किसी भारतीय पीएम की साइप्रस की पहली यात्रा

**निकोसिया।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को दो दिवसीय यात्रा पर साइप्रस पहुंचे। प्रधानमंत्री मोदी ने भारतीय समुदाय से मुलाकात की। पीएम मोदी ने साइप्रस के लिमासोल में होटल के बाहर भारतीय समुदाय से मुलाकात की। बच्चों को दुलार किया। पीएम मोदी इस यात्रा के दौरान वह द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस के साथ वार्ता करेंगे। मोदी तीन देशों की अपनी यात्रा के पहले चरण के तहत यहां पहुंचे हैं। वह कनाडा और क्रोएशिया भी जाएंगे।

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग

# बारिश ने बिगाड़ा फाइनल का खेल रायपुर-राजनांदगांव संयुक्त विजेता



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन का फाइनल मुकाबला रविवार को बारिश के कारण नहीं खेला जा सका। निर्धारित समय पर मैच शुरू होने की पूरी तैयारी थी, लेकिन लगातार बारिश के चलते मैदान खेलने लायक नहीं रहा और मैच को रद्द करना पड़ा। ▶▶| शेष पेज 7 पर

### 6 टीमों ने लिया हिस्सा

6 जून से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में प्रदेश की 6 टीमों ने हिस्सा लिया। कुल 15 लीग मैच और 2 सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। 14 जून को खेले गए सेमीफाइनल में रायपुर ने बिलासपुर को और राजनांदगांव ने बस्तर को हराकर फाइनल में प्रवेश किया था।

## बंगाल की खाड़ी में आर्द्रता बढ़ने से भारी बारिश का पूर्वानुमान

# छत्तीसगढ़ समेत कई राज्यों में सक्रिय होगा मानसून !

एजेंसी ▶▶| कोलकाता

बंगाल की खाड़ी में आर्द्रता बढ़ने एवं पश्चिम बंगाल के कुछ और हिस्सों तक मानसून पहुंचने से अगले सप्ताह राज्य में भारी बारिश होने की संभावना है। आईएमडी की ओर से जारी बुलेटिन के मुताबिक, अगले 24 घंटे में छत्तीसगढ़ के कुछ हिस्से, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में मानसून सक्रिय होगा। 17 जून को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना और पूर्व मेदिनीपुर के तटीय जिलों में मूसलाधार बारिश और 19 जून की सुबह तक क्षेत्र ▶▶| शेष पेज 7 पर

### छत्तीसगढ़ में ऑरेंज अलर्ट

छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून गतिविधियों ने रफ्तार पकड़ ली है। रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र ने धमतरी, गरियाबंद, महासमुंद, बलौदाबाजार, रायगढ़ , कोरबा, जशपुर, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही, सरगुजा, सूरजपुर, कोरिया, बलरामपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। यहां बारिश के साथ मेघ गर्जन होने और आकाशीय बिजली गिरने की घटना हो सकती है।



### मछुआरों को किया गया अलर्ट

आईएमडी ने कहा कि मछुआरों को पश्चिम बंगाल-ओडिशा तटों के पास समुद्र में न जाने की सलाह दी गई है। मौसम कार्यालय के मुताबिक, सुबह साढ़े आठ बजे से पहले के 24 घंटे के दौरान बंगाल की खाड़ी के सागर द्वीप पर सबसे अधिक 76.8 मिमी बारिश दर्ज की गई जबकि दार्जिलिंग की पहाड़ियों में इस अवधि के दौरान 36.2 मिमी बारिश हुई।

### 17 से 19 जून के बीच झारखंड पहुंचेगा मानसून

दक्षिण-पश्चिमी मानसून के 17 से 19 जून के बीच झारखंड पहुंचने की संभावना है। इस दौरान राज्य के कई हिस्सों में अत्यधिक बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने बताया कि राज्य के दक्षिण-पश्चिमी और मध्यवर्ती क्षेत्रों के कुछ हिस्सों में सोमवार के लिए 'येलो अलर्ट' (भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है, जबकि 17 जून से दो दिन के लिए 'ऑरेंज अलर्ट' (भारी से अत्यधिक भारी बारिश की चेतावनी) जारी किया गया है।

लंबी उम्र हमेशा से ही लोगों के बीच कौतूहल का विषय रहा है। विज्ञान भी इसके पीछे लंबे समय से लगा कि यह कैसे संभव हो सकता है। लेकिन, अब 100 साल जीने वाले लोग कोई अजूबा नहीं, बल्कि तेजी से बढ़ती उम्रदराज आबादी का हिस्सा बनते जा रहे हैं। इस पर एक बड़ा खुलासा हुआ है।

# ब्लड रिपोर्ट ने खोल दिया 100 की उम्र का राज, आ गया लंबी उम्र का फॉर्मूला

**स्टॉकहोम।** 1950 से अब तक हर 10 साल में इनकी संख्या दोगुनी हुई है और 2050 तक इसमें पांच गुना बढ़ोतरी का अनुमान है। इसका सबसे बड़ा सवाल ये है आखिर कुछ लोग इतनी लंबी उम्र कैसे जीते हैं। इसका जवाब भी मिलता दिख रहा है।

असल में जीरोसाइंस में पब्लिश एक जर्नल के मुताबिक स्वीडन के करोलिंस्का इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने इस पर कुछ काम किया है। उन्होंने 44000 बुजुर्गों के पुराने ब्लड रिपोर्ट्स का विश्लेषण किया, जिनकी उम्र 64 से 99 साल के बीच थी। इनमें से 1224 लोग 100 साल तक जीवित रहे और इनमें 85% महिलाएं थीं। रिसर्च में पाया गया कि जो लोग सौ साल जिए उनकी ब्लड रिपोर्ट पहले से ही बेहतर थी। शुगर क्रिएटिनिन और यूरिक एसिड जैसे लेवल सामान्य थे।

## 44000 बुज़ुर्गों के पुराने ब्लड रिपोर्ट्स का विश्लेषण




### वैज्ञानिकों ने इस पर किया है काम

वैज्ञानिकों ने पाया कि जिन लोगों के शरीर में सूजन, ब्लड शुगर और लिवर-कीडनी के कुछ एंजाइम का स्तर सामान्य रहा, उनकी उम्र लंबी हुई। जिनके लेवल बहुत ज्यादा या बहुत कम थे, उनके 100 तक जीने की संभावना घट गई। यूरिक एसिड के उदाहरण में जिनका स्तर सामान्य था उनमें 4% लोग 100 साल जिए। जबकि हाई लेवल वालों में ये आंकड़ा सिर्फ 1.5% था।

### अलग लोग अलग रास्तों से लंबे जीवन तक

रिसर्च का ये भी कहना है कि अलग-अलग लोग अलग रास्तों से लंबे जीवन तक पहुंचते हैं। कोई चुस्त रहते हैं तो कोई बीमारियों के साथ भी जी लेते हैं। लेकिन, ज्यादातर मामलों में सेहतमंद मिडलाइफ ही लंबी उम्र की नींव बनती है। संतुलित खानपान, हल्का व्यायाम और कम तनाव इस दिशा में मददगार साबित होते हैं।



### पुराने ब्लड डेटा को जेनेटिक जांच के साथ जोड़ने की तैयारी

वैज्ञानिक अब पुराने ब्लड डेटा को जेनेटिक जांच के साथ जोड़ने की तैयारी कर रहे हैं, ताकि जल्द ही यह पता चल सके कि कौन लोग स्वस्थ रूप से उम्रदराज होंगे। यानी अब फोकस बीमारी पकड़ने से हटकर इस पर होगा कि जिंदगी लंबी और फिट कैसे रहे। अगर मिडलाइफ में ब्लड रिपोर्ट अच्छी रहे तो बुढ़ापे की राह भी आसान हो सकती है।

---

## रोचक खबरें

# ये कबूतर नहीं, दादाजी थे..! मंडप में दुल्हन संग घटी ऐसी अनोखी घटना



**करौली।** राजस्थान के करौली में इन दिनों एक शादी अनोखी घटना के कारण चर्चा का विषय बन गई है। इस शादी का वीडियो भी इन दिनों सोशल मीडिया पर भी तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि शादी की रस्मों के दौरान एक कबूतर उड़कर अचानक दुल्हन के सिर पर आकर बैठ जाता है। यह दृश्य देखकर वहां मौजूद लोग कुछ देर के लिए चौंक जाते हैं। लेकिन, जल्द ही इस घटना को सभी ने शुभ संकेत मानते हुए पूर्वजों का आशीर्वाद बताते हैं। वीडियो में देखा जा सकता है कि दुल्हन मंडप में बैठी हुई थी और शादी की अंतिम रस्में निभा रही थी। तभी अचानक कबूतर सीधे उड़ता हुआ आया और बड़े ही शांत भाव से उसके सिर पर बैठ गया।

**कई महिलाएं हो गईं भावुक :** इस अनोखी घटना के बाद शादी में मौजूद कुछ महिलाओं ने भावुक होकर कहा कि यह कोई बुजुर्ग आत्मा हो सकती है, जो अपनी बेटी लाडली को विदा करने और उसे आशीर्वाद देने आई है। परिवार के लोग इस घटना को शुभ संकेत मान रहे हैं। यह पल इतना भावुक था कि वहां मौजूद कई लोग अपने आंसू नहीं रोक सके। कुछ रिश्तेदारों ने इस घटना को अपने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया और अब यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

### कबूतर को माना जाता है शांति का प्रतीक

स्थानीय ज्योतिषी पंडित मनीष उपाध्याय का कहना है कि भारतीय संस्कृति में पक्षियों को विशेष महत्व दिया जाता है। खासकर कबूतर को कई जगह आत्मा या शांति का प्रतीक माना जाता है। यह भी विश्वास किया जाता है कि हमारे पूर्वज कभी-कभी किसी रूप में हमें देखने या आशीर्वाद देने आते हैं। खासकर तब जब जीवन का कोई बड़ा मोड़ आता है। यह छोटा सा पल दुल्हन और उसके परिवार के लिए जीवनभर की याद बन गया।

# विज्ञापन के पोस्टर पर दिया अजीब सा ऑफर पुरानी बीवी के बदले नई देने का किया वादा

**नई दिल्ली।** सोशल मीडिया पर कई बार लोग मज़ाक भी बहुत अजीब कर जाते हैं। कभी कोई प्रैंक करते समय कुछ और हो जाता है तो कभी सामान्य वीडियो बनाते बनाते भी कुछ अजीब और मज़ेदार हो जाता है। पर कई बार कुछ बातें तो जानबूझ कर करने पर भी बहुत ही अजीब सी लगती हैं। ये सच है कि इस तरह से प्रैंक या मज़ाक कई लोगों को बुरा भी लग सकता है। लेकिन फिर भी लोग बाज़ नहीं आते हैं। एक वायरल वीडियो में एक ऐसा ही विज्ञापन छपा है जिसमें कहा गया है कि पुरानी बीवी दे कर नई ले जा सकते हैं। लेकिन यह असल में ब्यूटी पार्लर का विज्ञापन है। महिलाओं, खास तौर पर पत्नी से पुरुषों के पीड़ित होने वाले बहुत से मज़ाक और चुटकुले बनाए जाते हैं। कई लोगों को यह बुरा भी लगता है। लेकिन फिर भी कॉमेडी के लिए यह एक लोकप्रिय विषय है। इसे विज्ञापन के रूप में दिखाना बहुत अजीब सा लगता है। विज्ञापन में जो दावा किया गया है कि उसके साथ होम सर्विस का भी ऑफर दिया गया है। लेकिन विज्ञापन जिस चीज़ का है, वह आसानी से समझ में नहीं आता है। इसे आकर्षक बनाने की भी कोशिश की गई है।




# गोलियों की रफ्तार से तेज आया रेडियो सिग्नल, बर्फ को चीरकर निकल गया

**वॉशिंगटन।** वैज्ञानिक कुछ न कुछ ऐसी खोज करते रहते हैं, जिससे लोग हैरान हो जाते हैं। एक बार फिर वैज्ञानिकों ने फिर दुनिया को हैरान कर दिया है। इन्होंने अंटार्कटिका में जमीन के नीचे से आने वाले अजीबोगरीब रेडियो सिग्नल का पता लगाया है। ये सिग्नल पृथ्वी से ऊपर उठते हुए प्रतीत होते हैं और इन्हें लेकर दावा किया जा रहा है कि हो सकते हैं ये ब्रह्मांड के किनारे से आ रहे हों। वैज्ञानिकों ने अंटार्कटिक इंपल्सिव ट्रांजिएंट एंटीना पर एक गुब्बारा लगाया है उस पर लगे उपकरण ने इन सिग्नलों को पकड़ा है। ये सिग्नल इतनी तेज गति से आ रहे थे कि इन्होंने बर्फ को भी चीर दिया और चीरते हुए ये सिग्नल पूरी तरह से सतह के आगे निकल गए। ये काफी ज्यादा असामान्य हैं, क्योंकि इन्हें चट्टानों में अवशोषित हो जाना चाहिए था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इस मंजर को देखकर वैज्ञानिक भी पूरी तरह से हैरान हो गए हैं। इसके अलावा वैज्ञानिकों ने बताया कि एएनआईटीए गहरे अंतरिक्ष से संकेतों की तलाश करता है, एएनआईटीए बाहरी अंतरिक्ष से आने वाले फीके संकेतों को पकड़ने के लिए हवा में यात्रा करता है और बर्फ के साथ बातचीत करता है। ये सिग्नल न्यूट्रिनो की तरह नहीं हैं। क्योंकि, न्यूट्रिनो इतनी दूर तक बिना रुकावट के नहीं आ सकते। ब्रह्मांड में मौजूद छोटे कण तभी आते हैं, जब सुपरनोवा या बिग बैंग जैसी घटनाएं हो। लेकिन, ऐसा नहीं हुआ है ऐसे में ये सिग्नल कुछ और हो सकते हैं। वीओन की रिपोर्ट के मुताबिक सिग्नल के बारे में अधिक जानने के लिए टीम ने एएनआईटीए द्वारा एकत्र किए गए डेटा की तुलना दो अन्य प्रमुख न्यूट्रिनो डिटेक्टरों, अंटार्कटिका में आइसक्यूब और अर्जेंटीना में पियरे ऑगर वेधशाला से प्राप्त जानकारी से की.



---

## दावा

### मानवता को पूरी तरह से बदल देगी तकनीक!

# 5 साल में आएंगे एआई से लैस नए इंसान!

**लंदन।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के बारे में दुनिया में तरह- तरह के दावे किए जा रहे है। कहा जा रहा है कि एक दिन ये इंसानों पर हावी हो जाएगी। कुछ सालों में यह पूरी दुनिया को बदल देगी। इसके जरिए रोबोट और चैटबोट आदि पूरी दुनिया और मानवता पर भी हावी हो जाएंगे। पर क्या तकनीक इंसानों को भी बदल सकती है। अगर आजकल के ट्रेंड्स पर गौर करें तो यही लगता है कि इन तकनीकों से मानवता भी अछूती नहीं रह जाएगी। एक उद्योगपति का दावा है कि अगले पांच साल के भीतर ही दुनिया में एआई से लैस इंसान दिखने लगेंगे। उन्होंने भविष्य की वह तस्वीर भी दिखाई जो इन बदलावों से पूरी तरह से बदल जाएगी।



### स्टेम सेल पर पहले ही हो रहा है काम


हरबार्ट का दावा है कि बचे हुए इंसान समाज में योगदान नहीं दे पाएंगे। तब धीरे-धीरे मानवता खत्म ही हो जाएगी। हरबर्ट का कहना है कि जापान में पहले से ही पशु मानव हाइब्रिड पर काम हो रहा है। जापान की सरकार ने 2019 में स्टेम सेल रिसर्च को मंजूरी दी थी. ये हाइब्रिड टेस्टिंग के दौर में हैं। हरबर्ट ने बिटकॉइन से पैसा कमाया है। वे ट्रांसह्यूमनिज्म डॉट कॉम के भी मालिक हैं। उनका कहना है कि 5 साल में मानव हाइब्रिड आने लगेंगे। ये टेक्नोलॉजी हमें लंबी उम्र और सुपरपावर देगी। हरबर्ट का कहना है कि अब रोबोट्स जैसी टेक्नोलॉजी लोगों को दूर की लगती है। लेकिन यह टेक्नोलॉजी पहले से ही मौजूद है। अब हमें लोगों को शिक्षित करना है। ताकि हम इस टेक्नोलॉजी के साथ जी सकें।

### नई प्रजातियां भी आएंगी

यह सोचने वाली बात है कि हम क्या हासिल कर सकते हैं। लोग इसे फंतासी कहते हैं। लेकिन इसमें कुछ सच्चाई हो सकती है। हरबर्ट का कहना है कि दुनिया भर की संस्कृतियां ड्रैगन और मिथास किरदारों की तस्वीरें बनाती हैं। इसका कारण है कि नए प्रजाति आएंगीं और ये इंसानों से बेहतर होंगी।

### बेहतर होगी लाइफस्टाइल

हरबर्ट का कहना है कि इस रिसर्च से सर्जरी की जरूरत नहीं होगी। उन्हें ब्रेन में चिप्स लगाने की जरूरत नहीं होगी। हरबर्ट 38 साल के हैं। वे खुद को फ्यूचरिस्ट कहते हैं। वे मानते हैं कि ये टेक्नोलॉजी जल्द ही रियलिटी बन जाएगी। हरबर्ट का कहना है कि ट्रांसह्यूमनिज्म टेक्नोलॉजी और साइंस से मानवता को पार करना है। मानवता अब एक मोड़ पर है। हमें टेक्नोलॉजी को अपनी जिंदगी में अपनाना होगा।यह हमारी लाइफस्टाइल को बेहतर बनाएगा। हरबर्ट का कहना है कि ट्रांसह्यूमनिज्म से हम 500 साल तक जी सकते हैं।




### लंबी उम्र जीने में करेगी मदद

हरबर्ट सिम लंदन में न्यूरोचिप डॉट कॉम नाम की कंपनी चलाने वाले अरबपति व्यवसायी हैं। वे इंसानों और उन पर एआई के प्रयोगों पर गहरी रिसर्च कर रहे हैं। उनका दावा है कि 5 साल में नए इंसान आएंगे। ये इंसान एआई से लैस होंगे। उनका कहना है कि टेक्नोलॉजी मानवता को बदल देगी। यह रिसर्च बीमारियों को हराने और लंबी उम्र जीने में मदद करेगी। रिसर्च में एक हेलमेट का इस्तेमाल किया जा रहा है।

# पत्नी के लिए बनवाया ताजमहल! वीडियो देखकर आंखें खा जाएंगी धोखा

**बुरहानपुर।** शाहजहां ने मुमताज की याद में ताजमहल बनवाया था। ताजमहल के मुख्य गुंबद के ठीक नीचे दोनों की कब्रें मौजूद हैं। सफेद संगमरमर से बना दुनिया का यह अजूबा जितना बाहर से खूबसूरत है, अंदर से उतना ही हसीन है। कई लोगों का सपना होता है कि उनका भी ताजमहल जैसा होता है। ऐसा ही सपना मध्य प्रदेश के आनंद प्रकाश चौकसे ने देखा और उन्होंने अपने सपने को हकीकत में बदल डाला। मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में रहने वाले इस जोड़े ने ताजमहल की तर्ज पर एक शानदार चार कमरों का घन का बनवाया है। यह घर इतना खूबसूरत है कि पहली नजर में आपकी आंखों को धोखा हो सकता है कि क्या यह असली ताजमहल है। अब सोशल मीडिया पर इस घर का वीडियो वायरल हो गया है। आनंद प्रकाश चौकसे और उनकी पत्नी का यह घर है। उन्होंने घर को ताजमहल की तरह दिखाने के लिए खास मकराना संगमरमर का इस्तेमाल किया है।





### एक स्कूल परिसर के अंदर बना

वीडियो में पति-पत्नी से एक कंटेंट क्रिएटर सवाल करता है कि क्या यह घर वाकई उनका है और क्या यह ताजमहल की कॉपी है। इस पर उन्होंने कहा कि हां और फिर घर को दिखाते हैं। इस घर में संगमरमर के सुंदर गुंबद, नक्काशीदार खंभे और मेहराबदार दरवाजे हैं। यह एक स्कूल परिसर के अंदर बना है। इसे आनंद प्रकाश चौकसे ने खुद शुरू किया था। वीडियो में बताया गया है कि यह घर प्रेम का प्रतीक है, जैसे असली ताजमहल प्रेम के लिए बना था।

## नई स्टडी

### डेंजर जोन में इन लोगों की जान, बज गई खतरे की घंटी!

# अचानक खट्टा होने लगा महासागर का पेट

**वॉशिंगटन।** हमारे जीवन में महासागर का महत्वपूर्ण स्थान है। महासागर की बदलती गतिविधियों का वातावरण पर काफी असर पड़ता है। हालांकि, वैज्ञानिकों ने एक बड़ी चेतावनी देते हुए बताया है कि महासागर की स्थिति पहले से ज्यादा खराब हो गई है। क्योंकि अम्लता का स्तर लगातार बढ़ रहा है। इसकी वजह से समुद्र तट पर रहने वाले लोगों को खतरा का सामना करना पड़ सकता है।

वैज्ञानिकों के द्वारा की गई एक नई स्टडी में पता चला है कि जीवाश्म ईंधन के जलने जैसी औद्योगिक गतिविधियों की वजह से कार्बन डाइऑक्साइड निकलता है जिसका असर महासागर पर पड़ रहा है और ये अम्लीय हो गए हैं। एक पत्रिका में प्रकाशित एक अध्ययन से पता चला है कि पिछले 5 साल की तुलना में अम्लीकरण काफी ज्यादा है। इससे पहले किए गए शोधों में पता चला था कि पृथ्वी के महासागर अम्लीकरण के लिए खतरे के क्षेत्र के करीब पहुंच रहे थे।



### कैसे होता है अम्लीकरण

रिपोर्ट के मुताबिक अम्लीकरण समुद्र में अतिरिक्त सीओ2 के अवशोषण से प्रेरित होता है। जब सीओ2 समुद्री जल में घुल जाता है तो वह कार्बोनिक एसिड बनाता है और पीएच स्तर को कम करता है और महत्वपूर्ण कार्बोनेट आयनों पर आक्रमण करता है। इसकी वजह से पानी में रहने वाली प्रजातियों, जैसे कोरल और शेलफिश को खतरा होता है क्यों ये कैल्शियम कार्बोनेट पर निर्भर होते हैं।

### घातक होगा परिणाम

इससे पहले वैज्ञानिकों ने आशंका जताई थी कि महासागर अम्लीकरण खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। यह स्वस्थ और स्थिर पर्यावरण को बनाए रखने वाली सीमा को भी पार कर गया है। इसका प्रभाव काफी घातक हो सकता है। महासागरों पर निर्भर रहने वाले लोगों के स्वास्थ्य और सुरक्षा पर इसका असर पड़ेगा। उनके रहन- सहन और खाने पीने तक की चीजों को भी ये प्रभावित कर सकता है। आने वाले दिनों में भी इसमें बढ़ोतरी देखी जा सकती है।

# दुनिया का सबसे महंगा अंगूर, एक गुच्छे की कीमत में खरीद सकते हैं कार



**टोक्यो।** दुनियाभर में अंगूर की कई किस्में पाई जाती हैं। भारत में भी लोगों को अंगूर खाना काफी पसंद है। अभी तक आपने सिर्फ काले और हरे अंगूर खाये होंगे, जो आपको बाजार में आसानी से 100 रुपए से भी कम में एक किलो मिल जाता है। लेकिन, क्या आपने कभी कल्पना की है कि अंगूर का सिर्फ एक गुच्छा कितना महंगा हो सकता है? आज हम आपको एक ऐसे अंगूर के बारे में बताने जा रहे हैं, जिसकी कीमत आपके होश उड़ा सकती है। अंगूर की इस किस्म का नाम 'रूबी रोमन' है, जो लाल रंग की होती है। साल 1995 में अंगूर की इस प्रजाति को विकसित किया गया। जापान के इशिकावा में अंगूर की इस प्रजाति को विकसित करने के लिए किसानों ने प्रीफेक्चुरल एग्रीकल्चर रिसर्च सेंटर से एक अपील की। रिसर्च सेंटर ने 400 अंगूर की लताओं पर करीब दो साल तक एक्सपेरिमेंट किया। अंगूर की 400 लताओं में से केवल 4 में ही लाल अंगूर आए। इन 4 अंगूरों में से एक किस्म ऐसी थी, जिसने किसानों का दिल जीत लिया। रूबी रोमन अंगूर को 'इशिकावा का खजाना' भी जाता है। इसकी खेती के दौरान अंगूर के आकार, स्वाद और रंग का विशेष ख्याल रखा जाता है।

### एक गुच्छे में करीब 24 अंगूर

इस खास प्रजाति के एक अंगूर का वजन करीब 20 ग्राम होता है। एक गुच्छे में करीब 24 अंगूर होते हैं। जापान में रूबी रोमन अंगूर की कीमत करीब 9 लाख रुपए होती है। ऊंची कीमत की वजह से यह लाल अंगूर खासतौर पर अमीरों के फल के तौर पर जाना जाता है। यह अंगूर खाने में काफी मीठा होता है। आकार में यह अन्य अंगुरों से चार गुना बड़ा होता है। साथ ही ज्यादा मीठा और रसभरा होता है। इस अंगूर के एक गुच्छे की कीमत 9 लाख होती है। यानी एक अंगूर की करीब 25 हजार रुपए।

# जब चाहा बदल लिया जेंडर, इन जानवरों के अंदर भरा पड़ा है जादू



**लंदन।** दुनिया भर में कई अनोखे जानवर होते हैं जो अपने की वजह से चर्चाओं में रहते हैं। कोई अपनी बनावट की वजह से तो कोई अपने बोलने और रहने की वजह से चर्चा में रहता है। ऐसे में हम आपको बताने जा रहे हैं कुछ ऐसे जानवरों के बारे में जो अपना जेंडर बदलने में माहिर होते हैं। ये जानवर कभी मेल की तरह रहते हैं तो कभी फीमेल। आपको ये सुनने में अजीब लगता होगा, लेकिन ये सच है।

### फ्लैटवॉर्म

सबसे पहले हम बात करेंगे फ्लैटवॉर्म के बारे में। इन्हें चपटे कृमि भी कहा जाता है। ये जेंडर बदलने में माहिर होते हैं। वे उभयलिंगी होते हैं। इनके पास नर और मादा दोनों प्रजनन अंग होते हैं।

### क्लाउनफिश

जेंजर बदलने के मामले में क्लाउनफिश का भी काफी ज्यादा नाम आता है। क्लाउनफ़िश नर के रूप में पैदा होते हैं। ये एक स्पष्ट सामाजिक व्यवस्था के साथ ग्रुप में रहते हैं। सबसे ऊपर एक फीमेल रहती है। अगर वो मर जाती है उसे हटाया जाता हो तो इस ग्रुप का सबसे बड़ा मेल क्लाउनफिश फीमेल में बदल जाती है और ग्रुप बिना किसी देरी के बच्चे पैदा कर सकता है।

### पैरट फिश

इसके बाद हम बात करने जा रहे हैं पैरटफिश के बारे में। पैरटफिश भी अपना जेंडर बदलते हैं, इसमें से कई मादा के रूप में जन्म लेते हैं और बाद में बड़े होने पर नर में बदल जाते हैं। इस बदलाव के साथ-साथ इनके रंग में भी बदलाव आता है। इनके रंग अक्सर चमकीले या अलग हो जाते हैं।

### गोबी

जेंडर बदलने के मामले में गोबी भी शामिल है। ये खारे पानी और मीठे पानी दोनों में पाई जाने वाली छोटी मछली है, जरूरत पड़ने पर अपना लिंग बदल सकती है। अगर कोई फीमेल गोबी है और उसे साथी नहीं मिल रहा है तो ये अपना जेंडर बदल लेती है। यह इनके जिंदा रहने का एक स्मार्ट तरीका है।

### झींगा

एक रिपोर्ट के मुताबिक लिस्माटा जैसी कुछ झींगा प्रजातियां भी जेंडर बदलने के लिए जानी जाती हैं। ये मेल के रूप में पैदा होते हैं और धीरे-धीरे बड़े होने पर मादा में बदल जाते हैं। इस वजह से इन्हें उभयलिंगी भी कहा जाता है। जेंडर बदलने की वजह से ये काफी ज्यादा फेमस हैं।




## खबर संक्षेप

### धन के जाल में न फंसे पार्टी कार्यकर्ता : उद्धव

**मुंबई।** शिवसेना के प्रमुख उद्धव ठाकरे ने अपने पार्टी कार्यकर्ताओं से कहा कि वे पाला बदलने के लिए पैसों के प्रलोभन में न आएं और मुंबई की खातिर एकजुट रहें। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, '' जो लोग पैसे के लालच में फंस जाते हैं, वे यह नहीं समझते कि उनका इस्तेमाल किया जा रहा है और बाद में उन्हें फेंक दिया जाएगा। यह टिप्पणी महाराष्ट्र में बीएमसी समेत विभिन्न स्थानीय और नगर निकायों के चुनावों से पहले आई है। संभवतः इस वर्ष के आखिर में इन निकायों के चुनाव हो सकते हैं। जून 2022 में एकनाथ शिंदे के नेतृत्व में विद्रोह होने के बाद शिवसेना विभाजित हो गयी थी।



### शनि शिंगणापुर मंदिर से 167 कर्मी बर्खास्त

**मुंबई।** महाराष्ट्र के अहिल्यानगर जिले में स्थित शनि शिंगणापुर मंदिर न्यास ने अनुशासन का उल्लंघन करने और अनियमितताओं का हवाला देते हुए 167 कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया है, जिनमें 114 मुस्लिम कर्मी भी शामिल हैं। न्यास के एक अधिकारी ने बताया कि यह निर्णय पूरी तरह से प्रशासनिक आधार पर लिया गया है, क्योंकि इन कर्मचारियों को कुछ सेवा नियमों और अनुशासनात्मक मानदंडों का उल्लंघन करते पाया गया था। यह कदम, हाल ही में हिंदू संगठनों द्वारा मंदिर परिसर में मुस्लिम कर्मचारियों की मौजूदगी का विरोध करने के बाद उठाया गया है।



## ईरानी रक्षा मंत्रालय को बनाया निशाना, ईरान ने भी इजराइल पर किया पलटवार

# इजराइल-ईरान कर रहे एक दूसरे पर मिसाइलों की बारिश, कई ठिकाने तबाह, सैकड़ों लोग मरे

एजेंसी ▶▶| तेहरान-तेल अबीब

*ईरान और इजराइल ने शनिवार देर रात एक बार फिर एक-दूसरे पर कई मिसाइलें दागीं। इन मिसाइलों में से कई मिसाइलों को दोनों देशों ने मार गिराया वहीं कई मिसाइलों ने दोनों ही देशों के रहवासी क्षेत्रों में भारी तबाही मचाई। इजरायल और ईरान दोनों ही एक दूसरे को नुकसान पहुंचाने का दावा कर रहे हैं।*



इजराइली डिफेंस फोर्स ने ईरान में मिलिट्री हथियार फैक्ट्रियों और उनके आसपास रहने वाले नागरिकों को तुरंत इलाका खाली करने की चेतावनी दी है। दोनों देशों के संघर्ष में चीन और अमेरिका की अप्रत्यक्ष एंट्री होने से युद्ध के हालात और गंभीर होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

इजरायल के हवाई सेना प्रमुख कर्नल अविचय अद्री ने एक्स पर पोस्ट में कहा कि हथियार फैक्ट्रियों के पास रहना ईरानियों के लिए खतरनाक हो सकता है। इजराइल का दावा है कि उसने तेहरान में रक्षा मंत्रालय को निशाना बनाया है। इसके अलावा तेहरान और बुशहर में ऑयल डिपो और गैस रिफाइनरी समेत 150 से ज्यादा ठिकानों को तबाह किया है।

### चीन भी कूदा जंग में, चीनी कार्गो प्लेन तेहरान में उतरा

इजरायल और ईरान के बीच जंग में क्या अब चीन भी कूद पड़ा है? दरअसल तेहरान में चीनी कार्गो प्लेन की लैंडिंग की खबर से यह अटकलें तेज हो गई हैं। माना जा रहा है कि इसके जरिये चीन ने ईरान को भारी मात्रा में हथियार सप्लाई की है। मीडिया रिपोर्ट में दावा किया गया है कि इस प्लेन ने अपने ट्रांसपॉन्डर बंद कर रखे थे, जिससे यह रडार की पकड़ में ना आ सके। चीन और ईरान की रणनीतिक साझेदारी और सैन्य सहयोग को देखते हुए माना जा रहा है कि इसमें सैन्य उपकरण या प्रतिबंधित सामान हो सकते हैं।

### ट्रंप की चेतावनी- अगर हम पर हमला किया तो.....



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को ईरान को चेतावनी देते हुए कहा, 'अगर किसी भी रूप में, किसी भी तरीके से ईरान ने हमारे खिलाफ हमला किया तो, अमेरिका की सशस्त्र सेनाओं की पूरी ताकत और शक्ति तुम पर ऐसी गिरेगी जैसी पहले कभी नहीं देखी गई होगी। ट्रंप का यह बयान उस समय आया जब इजरायल ने शनिवार को तेहरान में ईरान के रक्षा मंत्रालय मुख्यालय को निशाना बनाया और ईरान के बुशहर प्रांत में स्थित साउथ पार्स गैस फील्ड से जुड़े एक नैचुरल गैस प्रोसेसिंग यूनिट पर हमला किया।

### घुटनों पर ईरान, नेतन्याहू से युद्धविराम की गुहार



ईरान और इजरायल के बीच बढ़ते तनाव के बीच अब कूटनीतिक प्रयास तेज हो गए हैं। ईरान के शीर्ष राजनयिक ने साफ संकेत दिया है कि अगर इजरायल अपने हमले रोकता है तो ईरान भी जवाबी कार्रवाई बंद कर देगा। इस बीच, एक सूत्र के हवाले से द जेरूसलम पोस्ट ने बताया कि ईरान ने ओमान और कतर से मध्यस्थता करने का आग्रह किया है ताकि वॉशिंगटन के साथ परमाणु वार्ताएं फिर से शुरू कराई जा सकें और इजरायली हमले रोके जा सकें।

### नेतन्याहू बोले- अभी तो सिर्फ शुरुआत है...



भीषण जंग के बीच इजरायली पीएम नेतन्याहू ने ईरान को धमकी दी है कि ईरान रुक जाए अन्यथा ये तो शुरुआत है। आगे बहुत बड़ी तबाही ईरान में ला देंगे। नेतन्याहू ने कहा कि ईरान को इजरायली हमले में भारी नुकसान उठाना पड़ा है। इजरायल ने एक साथ कई फ्रंट पर ईरान को निशाना बनाया। एक तरफ उसकी सेना के टॉप कमांडर और परमाणु वैज्ञानिक मारे गए तो दूसरी तरफ उसके परमाणु कार्यक्रमों की भी धज्जियां उड़ गईं।

# बंदूकधारियों ने की 100 की हत्या, गोली मारी, जिन्दा जलाया




एजेंसी ▶▶| नाइजीरिया

अफ्रीकी देश नाइजीरिया के एक गांव में बंदूकधारियों ने भयावह हमले करते हुए 100 से ज्यादा लोगों की बेरहमी से हत्या कर दी है। बंदूकधारियों ने बेन्यू राज्य के येलेवाटा गांव में इस घटना को अंजाम दिया है। एमनेस्टी इंटरनेशनल नाइजीरिया ने इसकी पुष्टि की है। कल देर रात गांव में पहुंचे बंदूकधारी शनिवार सुबह तक लोगों को ढूंढ-ढूंढकर उनकी हत्या करते रहे।

इससे पूरा गांव किसी खुले कब्रिस्तान में बदल गया, जहां चारों ओर लाशें बिखरी थीं। फर्स्टपोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक, येलेवाटा में हुए इस भीषण हमले के बाद कई लोग लापता हैं। उनके या तो बच निकलने या फिर अपहरण किए जाने की आशंका है। वहीं दर्जनों लोग घायल हैं। इनको उचित चिकित्सा देखभाल भी नहीं मिल पा रही है। बेन्यू राज्य में हालिया समय में इस तरह के नरसंहार के मामले लगातार देखे गए हैं।

### लोगों को घरों में बंद कर जलाया

एमनेस्टी इंटरनेशनल ने कहा है, 'हमलावरों ने कई परिवारों को उनके घरों में बंद कर जिंदा जला दिया। ये जुल्म की इंतहा है। हम बेन्यू राज्य में हमलों के खतरनाक बढ़ने का दस्तावेजीकरण कर रहे हैं, जहां बंदूकधारी बिना किसी डर के लोगों को मार रहे हैं।' उसने कहा, 'ये हमले बड़े पैमाने पर विस्थापन का कारण बन रहे हैं।

**किसानों और चरवाहों के बीच झड़प है कारण :** नाइजीरिया में भूमि के विवाद अक्सर बढ़ते हुए जातीय और धार्मिक तनाव का कारण बन जाते हैं। इन हमलों के लिए अधिकतर फुलानी चरवाहों को दोषी ठहराया जाता है।

### सरकार के प्रयास भी हुए विफल

इस क्षेत्र में पिछले महीने भी संदिग्ध चरवाहों ने ग्वेर पश्चिम जिले में कम से कम 42 लोगों की हत्या कर दी थी। इंटेलिजेंस के अनुसार, 2019 से इस तरह की झड़पों में 500 से अधिक लोग मारे गए हैं और करीब 22 लाख लोग अपने घरों से भागने को मजबूर हुए हैं। नाइजीरियाई सरकार ने बेन्यू राज्य में शांति स्थापित करने के लिए कई प्रयास किए हैं, लेकिन कोई खास सफलता नहीं मिली है।

# निर्माता कंपनी का दावा, पाक कभी नहीं गिरा सकता राफेल

## डसाल्ट एविएशन ने खोली पोल

## डूब मरेगा आतंक का आका!

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

ऑपरेशन सिंदूर में लड़ाकू विमान राफेल ने पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को नेस्तनाबूद करने में बड़ी भूमिका निभाई लेकिन पाकिस्तान दुनिया भर में झूठ बोलता रहा कि उसने राफेल को गिराया है। अब फ्रांस की विमान निर्माता कंपनी डसाल्ट एविएशन के सीईओ एरिक ट्रैपियर ने पाकिस्तान के उस दावे को खारिज कर दिया है जिसमें उसने कहा था कि उसने भारत के तीन राफेल लड़ाकू विमान




मार गिराए। ट्रैपियर ने साफ कहा कि पाकिस्तान कभी भी राफेल विमान को नहीं गिरा सकता। भारतीय राफेल के नुकसान की जो रिपोर्ट्स चल रही हैं वे गलत और भ्रामक हैं।

### राफेल सबसे बेहतर विकल्प

असल में उनका ये बयान पेरिस एयर शो से कुछ दिन पहले आया है जहां राफेल की क्षमताएं वैश्विक स्तर पर फिर से चर्चा में हैं। ट्रैपियर ने फ्रांसीसी मैगजीन चैलेंजेस को दिए इंटरव्यू में राफेल की मजबूती और लड़ाकू क्षमताओं को लेकर भरोसा जताया। उन्होंने कहा कि अगर आप एक ऐसा विमान चाहते हैं जो हवाई लड़ाई, ग्राउंड स्ट्राइक, निगरानी, परमाणु हमला और एयरक्राफ्ट कैरियर ऑपरेशन कर सके तो राफेल सबसे बेहतर विकल्प है।

## दूर तक उठी लपटें, छाया धुएं का काला गुबार

# दुबई की 67 मंजिला इमारत में भीषण आग, 3820 लोगों का रेस्क्यू



एजेंसी ▶▶| दुबई

संयुक्त अरब अमीरात में दुबई शहर के मरीना में 67 मंजिला एक इमारत में भीषण आग लग गई। दुबई मीडिया कार्यालय के मुताबिक, कल देर रात इमारत में आग लगने के बाद मरीना पिनाकल के 764 अपार्टमेंट में रहने वाले सभी 3,820 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। 67 मंजिल इमारत में लगी आग का वीडियो भी सामने आया है। इसमें दिख रहा है कि आग नीचे से बिल्डिंग में ऊंचाई की ओर बढ़ रही है। बिल्डिंग में से धुएं का काला गुबार उठ रहा है। जो भी शख्स बिल्डिंग में लगी आग को देखा, वह सब दंग रह गया। खलीज टाइम्स अखबार की रिपोर्ट के अनुसार, दुबई सिविल डिफेंस की टीमों ने छह घंटे की कड़ी मेहनत के बाद इमारत में लगी आग पर काबू पा लिया।




## मस्जिद कमेटी ने लगाया शानदार जुगाड़, अवैध था निर्माण

# न टूटेगी, न बिगड़ेगी...यूपी में शिफ्ट हो रही मजार

एजेंसी ▶▶| संभल

उत्तर प्रदेश के संभल में आस्था के लिए एक मजार को लिफ्ट और शिफ्ट किया जा रहा है। याकूब अली शाह की मजार एक हिस्सा सरकारी सड़क को कब्जा कर बनाया गया है। प्रशासन ने अवैध कब्जे को तोड़ने का नोटिस दिया है। मस्जिद कमेटी ने मजार को बचाने के लिए इसे शिफ्ट करने का फैसला किया है। मजार को शिफ्ट करने के लिए देसी जुगाड़ वाली तकनीक अपनाई जा रही है। जिस जुगाड़ तकनीक से मजार को शिफ्ट किया जाएगा उसका ट्रायल चल रहा है।



मजार को शिफ्ट करने देसी जुगाड़ वाली तकनीक अपनाई जा रही है

### इस तकनीक का प्रयोग कर मजार होगी शिफ्ट

संभल की मजार भी सड़क की जमीन को कब्जा कर बनाई गई थी। इसलिए मस्जिट कमेटी ने इसे शिफ्ट करने का फैसला किया है। बताया गया कि मजार को शिफ्ट करने के लिए देसी जुगाड़ तकनीक का इस्तेमाल किया जाएगा। मजार की नींव को जैक के जरिए ऊपर उठाया जाएगा। फिर पहिया लगाकर बिल्डिंग को शिफ्ट किया जाएगा। मस्जिद कमेटी ने कहा हमने एआई तकनीकी की मदद से सीन रिक्रिएट करने की कोशिश की है कि किस तरह मजार को शिफ्ट किया जाएगा।

### पहले भी हो चुका है ऐसा

यहां हम आपको बताना चाहेंगे कि दुनिया में पहले भी कई धार्मिक स्थलों को शिफ्ट किया जा चुका है। वर्ष 1927 में कनाडा के नॉत्र डेम चर्च को बाढ़ से बचाने के लिए दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था। वर्ष 1964 से 1968 के बीच डैम बनाने के लिए मिस्र के प्राचीन अबू सिम्बल टेंपल को शिफ्ट किया गया था। वर्ष 1970 में खदान के विस्तार के लिए पोलैंड में वैरोनिक चैपल को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया था। दिसंबर 2018 में तुर्किए के हसनकैफ शहर में बांध बनाने के लिए 600 साल पुरानी एय्यूबी मस्जिद को दूसरी जगह शिफ्ट किया गया। तुर्किए में मस्जिद को शिफ्ट करने के लिए रोबोट ट्रांसपोर्टर की मदद ली गई थी। हालांकि संभल में मजार को शिफ्ट करने के लिए देसी जुगाड़ तकनीक का ही सहारा लिया जाएगा।


## चिंतन

# स्कूल से महरूम बच्चों की संख्या में वृद्धि चिंतनीय

विश्व की सरकारें प्राथमिक शिक्षा सुनिश्चित करने के अपने संवैधानिक लक्ष्य का निर्वहन नहीं कर पा रही हैं। दुनिया भर में 27.2 करोड़ बच्चे स्कूल नहीं जा रहे हैं। साफ है कि ये बच्चे अपनी प्राथमिक शिक्षा के अधिकार से वंचित हैं। भारत में करीब 14 लाख बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं, जबकि देश में सरकारें बच्चों को स्कूल तक लाने के लिए मिड डे मिल से लेकर मुफ्त शिक्षा तक के अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। भारत में पिछले 12 से 13 वर्ष में गरीबी दर में काफी गिरावट आई है, इससे आर्थिक प्रगति का पता चलता है, लेकिन स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों, स्कूल से ड्रॉप आउट करने वाले बच्चों, माध्यमिक शिक्षा तक का सफर तय नहीं कर पाने वाले बच्चों और उच्च शिक्षा तक नहीं पहुंच पाने वाले बच्चों की संख्या में अपेक्षित गिरावट नहीं आई है। भारत में अत्यधिक गरीबी से सामान्य गरीबी में जीने वाले परिवारों की बड़ी संख्या की वजह से शिक्षा इनकी प्राथमिकता नहीं रह पाती है। भारतीय स्कूलों में 14 वर्ष तक के बच्चों के लिए निःशुल्क शिक्षा है, लेकिन बच्चों के लिए किताब, कलम कॉपी से लेकर भोजन और वस्त्र के इंतजाम गरीब परिवारों के लिए परेशानी पैदा करते हैं। गरीब परिवार अपने गुजर-बसर में अपने बच्चों को शामिल कर लेते हैं। यह स्थति दुनिया भर में देखी जाती है। गरीबी और शिक्षा का सीधा संबंध है। विश्व की कई सरकारें अपनी शिक्षा व्यवस्था को निजी क्षेत्र के हवाले छोड़े हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र की यूनेस्को की वैश्विक शिक्षा निगरानी टीम (जीईएम) ने अपनी हालिया रिपोर्ट में आशंका जताई है कि 2025 के अंत तक देश शिक्षा के अपने राष्ट्रीय लक्ष्यों से पिछड़ सकते हैं। अभी 27 करोड़ से अधिक बच्चे स्कूल नहीं जा पा रहे हैं। यह संख्या पिछले वर्ष से 2.1 करोड़ अधिक है। मतलब साफ है कि स्कूल न जाने वालों की संख्या में कमी आनी चाहिए, उल्टे यह बढ़ रही है। विश्व की सरकारों का प्राथमिक शिक्षा के सुदृढ़ीकरण पर फोकस नहीं है। धार्मिक रूढ़िवाद भी शिक्षा के लक्ष्य हासिल करने में बाधा बन रहे हैं। अफगानिस्तान समेत कुछेक कट्टर इस्लामिक सोच वाली सरकारें हैं, जो लड़कियों की शिक्षा को रोक रही हैं। स्कूलों में नए नामांकन में वैश्विक स्तर पर कमी आई है। शिक्षा मूलभूत अधिकार है, सबके लिए, इसके बावजूद कई कट्टर इस्लामिक सरकारें हैं, तो बालिकाओं की शिक्षा के मार्ग को अवरूद्ध कर रहे हैं। 2021 में अफगानिस्तान में माध्यमिक विद्यालय में लड़कियों के जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया। विश्व भर में सैन्य संघर्ष बढ़ने व हमले होने के चलते भी स्कूल शिक्षा को धक्का लगा है, प्रभावित क्षेत्र में बच्चों का सुरक्षित स्कूल पहुंचना मुश्किल हुआ है। जनसंख्या में भी वृद्धि हो रही है, जिसके चलते यूनेस्को के अनुमान में बढ़ोतरी हो सकती है, लेकिन जनसंख्या में वृद्धि के साथ विश्व स्तर पर सरकारों को अपने-अपने मुल्क में प्राथमिक से लेकर उच्च शिक्षा तक के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना चाहिए। वित्त वर्ष 2024-25 के आंकड़ों के मुताबिक, भारत में उत्तर प्रदेश, असम व झारखंड ऐसे राज्य हैं, जहां स्कूल नहीं जाने वाले बच्चों की संख्या अन्य राज्यों से अधिक है। एक सर्वे के मुताबिक, भारत में तकरीबन 2 फीसदी बच्चे ऐसे हैं, जो कभी स्कूल नहीं गए। भारत में 14 वर्ष की आयु तक सभी बच्चों के लिए अनिवार्य व निःशुल्क शिक्षा के बावजूद अगर शत प्रतिशत बच्चे स्कूल तक नहीं पहुंच रहे हैं, तो यह सरकारों की बड़ी विफलता है। बेहतर नागरिक का निर्माण राज्य का संवैधानिक दायित्व है, इसलिए सरकार यह सुनिश्चित करे कि 14 वर्ष तक के सभी बच्चे स्कूल में हों।

## पर्यावरण

ज्ञानेन्द्र रावत



# थम नहीं रहा देश में बढ़ती गर्मी का कहर

आजकल भीषण गर्मी के कहर और लू की भयावहता से सर्वत्र त्राहि-त्राहि मची है। गर्मी ने सारा जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है। इस भीषण गर्मी के चलते जहां लोग हाय-हाय कर रहे हैं, वहीं हजारों-लाखों लोग गर्मी जनित बीमारियों की चपेट में आकर मौत के मुंह में जाने को मजबूर हैं। मैदान से लेकर पहाड़ तक सब तेज गर्मी से झुलस रहे हैं। हालत यह है कि दिन के साथ रातें भी गर्म हैं। लू अर्थात हीटवेव की तीव्रता और घातकता में दिन-ब-दिन तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। आईपीई ग्लोबल और इसरो इंडिया के अध्ययन की मानें तो अगले पांच सालों में यानी 2030 तक देश के दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, सूरत, ठाणे, भुवनेश्वर, हैदराबाद और पटना जैसे शहरों में लू के दिन दोगुने हो जाएंगे। यही नहीं, देश के 69 फीसदी तटीय जिले 2030 तक जून से लेकर सितम्बर के लम्बे समय तक भीषण गर्मी की मार झेलेंगे। मौजूदा समय में देश के दिल्ली, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, राजस्थान, हिमाचल, बिहार, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, ओडिशा, मेघालय और मणिपुर आदि राज्यों के 84 फीसदी जिले चरम लू जैसी स्थिति की चपेट में हैं। देश की राजधानी दिल्ली बीते पांच दिनों से भट्टी की तरह तप रही है। राजस्थान का गंगानगर जिला और पंजाब का बठिंडा जिला 48 डिग्री को पार कर गया है। देश के उत्तर, मध्य और पश्चिमी क्षेत्रों में भीषण गर्मी और लू से होने वाली मौतों को रोकने के लिए राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग एनएचआरसी ने राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो द्वारा भीषण गर्मी और लू के कारण लोगों की मौतों को लेकर जारी रिपोर्ट पर उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखण्ड, दिल्ली समेत 11 राज्यों को कमजोर वर्गों खासकर आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों, बाहरी कामगारों, बुजुर्गों, बच्चों और बेघर लोगों की सुरक्षा के लिए तत्काल समुचित एवं एहतियाती कदम उठाने के निर्देश दिए हैं, जो पर्याप्त आश्रय और संसाधनों की कमी के कारण जोखिम में हैं। अध्ययन की रिपोर्ट के अनुसार बीते 22 महीनों में से 21 महीने धरती का तापमान पूर्व औद्योगिक काल वर्ष 1850 से 1900 तक के औसत से 1.5 डिग्री सेल्सियस अधिक रहा है। जबकि 2024 से मई 2025 की अवधि में वर्ष 1850- 1900 बेंचमार्क की तुलना में धरती 1.57 डिग्री सेल्सियस गर्म रही। असल में धरती का तापमान जिस तेजी से बढ़ रहा है, वह समूची दुनिया के लिए ख़तरनाक संकेत है। यह भी कि तापमान में बढ़ोतरी नित नए-नये कीर्तिमान बना रही है। बीते दस सालों ने तो धरती के सर्वाधिक गर्म होने का रिकार्ड कायम किया है। फिर यह कि साल दर साल तापमान में बढ़ोतरी के रिकार्ड ध्वस्त हो रहे हैं। चिंता इस बात की है कि भविष्य में इस पर अंकुश की कोई उम्मीद नहीं दिखाई देती। इसका कारण तापमान को नियंत्रित करने के सारे प्रयासों का अभी तक नाकाम साबित होना है। दुनिया के शोध और अध्ययन भी इसका खुलासा करते हैं कि ग्रीनहाउस गैसों के उत्सर्जन में कमी के बिना बेतहाशा बढ़ती गर्मी पर अंकुश की फिलहाल उम्मीद ही बेमानी है। मौसम विज्ञान विभाग ने लोगों को सतर्क रहने, गर्मी से बचने और शरीर में पानी की कमी होने से बचने की सलाह दी है। जरूरी हो तभी बाहर निकलें और मुंह पर कपड़ा बांधें ताकि लू ना लगे। डॉक्टर दिन में कम से कम आठ से दस गिलास पानी पीने की सलाह दे रहे हैं। वैस्टर्न आस्ट्रेलिया यूनिवर्सिटी के शोधकर्ताओं के मुताबिक धरती 1.7 डिग्री सेल्सियस तक गर्म हो चुकी है। यदि तापमान में गिरावट नहीं हुई तो यह ग्रह किस दिशा में जाएगा,यह कहना बहुत मुश्किल है। धरती के तापमान में बढ़ोतरी के कारणों में ग्लोबल वार्मिंग एक कारण है ही, अल नीनो भी एक बड़ा कारण है। इसके साथ ग्रीन हाउस गैसों, कार्बन डाइऑक्साइड का सतत उत्सर्जन, सल्फर डाइऑक्साइड की बढ़ती मात्रा, वनों के तेजी से होते विनाश, कार्बन फ्लोरो कार्बन गैसों का सतत उत्सर्जन, जीवाश्म ईंधन का दहन आदि की भी अहम भूमिका है जिसे झुठलाया नहीं जा सकता। पिछले कुछ वर्षो में हीटवेव ने दुनिया के हर महाद्वीप को प्रभावित किया है। तापमान में बढ़ोतरी के चलते वाष्पीकरण की दर में वृद्धि होने और इससे मिट्टी की नमी कम होने से कई क्षेत्र सूखे का सामना करेंगे। नतीजतन फसलों की पैदावार में कमी आने से खाद्य असुरक्षा, गरीबी, बेरोजगारी और बाढ़ का खतरा बढ़ेगा। जलाशयों में पानी का भंडारण कम होने और भूजल का स्तर गिरते जाने से जल संकट गहरायेगा। इसलिए जरूरी है कि हम सतर्क रहें, सादा जीवन जिये। अधिकाधिक पौधारोपण करें, प्लास्टिक का कम से कम प्रयोग करें। हमें प्रकृति से तादात्म्य स्थापित करना होगा। प्रकृति प्रदत्त संसाधनों की रक्षा हेतु सदैव तत्पर रहना होगा, तभी धरती बची रह पाएगी।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)



विश्लेषण

शिवप्रकाश

# रक्षा क्षेत्र में मजबूत बन रहा भारत

> गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है। आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। 'ऑपरेशन सिंदूर' में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सरकार के 11 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भारतीय जनता पार्टी संकल्प से सिद्धि अभियान चला रही है। संपूर्ण देश में मोदी सरकार की सफलता पर प्रेस वार्ताएं, प्रदर्शनी, विचार संगोष्ठी, जनसभाएं एवं ग्राम स्तर पर चौपाल कार्यक्रमों का आयोजन हो रहा है। सोशल मीडिया द्वारा योजनाओं की जानकारी एवं अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन भी हो रहा है। गरीब कल्याण, ढांचागत विकास, अंतर बाह्य सुरक्षा, आर्थिक प्रगति, सांस्कृतिक उत्थान एवं विदेशों में बढ़ता भारतीय सम्मान सभी क्षेत्रों में ऐतिहासिक उपलब्धियां 11 वर्ष में प्रगति की गवाह हैं। भारत सहित विश्व की अनेक संस्थाओं एवं प्रमुख व्यक्तियों ने इस ऐतिहासिक सफलता की प्रशंसा की है। रक्षा क्षेत्र में भी इसी प्रकार की उपलब्धियां ऐतिहासिक हैं।

चाणक्य नीति में कहा कि "शस्त्रेण रक्षिते राष्ट्रे शास्त्र चिंता प्रवर्तते" अर्थात शास्त्रों की चर्चा भी तभी संभव है जब राष्ट्र सभी प्रकार से सुरक्षित हो। सिद्धांत कितना भी श्रेष्ठ हो, उसकी सफलता उस सिद्धांत का अनुसरण करने वालों की शक्ति पर ही निर्भर करती है। इसी कारण विद्वानों ने शक्ति को ही शांति का आधार बताया है। राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर अपनी कविता 'क्षमा शोभती उस भुजंग को, जिसके पास गरल हो' इस सिद्धांत को ही प्रतिपादित करते हैं। भारतीय जनसंघ ने अपने 1964 के पटना अधिवेशन में प्रस्ताव पारित करते हुए मांग की थी कि भारत को परमाणु बम बनाने के सभी प्रयत्न करने चाहिए।"सिद्धांत एवं नीतियां" नामक दस्तावेज में भी परमाणु अस्त्रों का निर्माण करने की बात की थी। प्रस्ताव प्रतिपादन करते समय कहा गया था कि हमारे आराध्य सभी देवी-देवता धर्म संस्थापना के लिए शस्त्रधारी हैं। इसलिए भारत माता भी परमाणु बम धारी होनी चाहिए। इसी नीति का अनुसरण करते हुए अटल बिहारी वाजपेयी के नेतृत्व वाली एनडीए सरकार ने 1999 में पोखरण परमाणु विस्फोट कर विश्व में भारत के सम्मान को बढ़ाने का कार्य किया था।

2014 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सरकार बनने के बाद देश अपने हितों की सुरक्षा करने में समर्थ बने, इस प्रकार की नीति पर चला। आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति इसी का उदाहरण है। जहां कांग्रेस सरकार में आतंकियों के लिए 'जी' जैसे सम्मानपूर्वक शब्दों का उपयोग एवं 'बिरयानी खिलाना' जैसे उपक्रम चल रहे थे वहीं मोदी सरकार में सेना और सुरक्षा बलों को आतंक से लड़ने के लिए छूट एवं सुरक्षा बलों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध करवाये गए। रक्षा क्षेत्र का बजट 2013-14 में 2.53 लाख करोड़ था, अब 2025-26 के लिए वह बढ़कर 6.81 लाख करोड़ अर्थात तीन गुना से अधिक हो गया है। 2015 कैग रिपोर्ट के अनुसार भारतीय सेना के पास केवल 20 दिन का गोला बारूद उपलब्ध था। व्यक्तिगत सैनिक स्तर पर, सैनिकों को अब स्वदेशी रूप से निर्मित उच्च गुणवत्ता वाली बुलेटप्रूफ जैकेट, उन्नत हेलमेट, नई बैटल ड्रेस यूनिफॉर्म, नाइट विजन डिवाइस और थर्मल इमेजर उपलब्ध करायी गई हैं। मोदी सरकार के आने के बाद सेना के समन्वय के लिए लंबित मांग सीडीएस की नियुक्ति का निर्णय हुआ। ऑपरेशन सिन्दूर में तीनों सेनाओं के समन्वय में हमने इस निर्णय की भूमिका को अनुभव किया है। शस्त्रों की खरीद



के लंबे समय से लंबित निर्णयों का भी शीघ्र निस्तारण होते हुए हम देख चुके हैं। फ्रांस से आने वाले राफेल की खरीद इसी प्रक्रिया का परिणाम है। एस-400, सुखोई -30, इजरायल से ड्रोन, हैमर मिसाइल, चिनूक हेलिकॉप्टर, एलसीएच प्रचंड (लाइट कॉम्बैट हेलीकॉप्टर), तेजस फाइटर जेट (पूर्ण स्वदेशी विमान), पिनाका राकेट सिस्टम ( मल्टी बैरल राकेट लांचर) , वरुणास्त आदि की उपलब्धता के कारण भारतीय सेना विश्व की श्रेष्ठतम सेनाओं में गिनी जाती है। ऑपरेशन सिन्दूर में निर्धारित लक्ष्य पर मार एवं शत्रु के ड्रोन एवं मिसाइल को मार गिराने में हम सक्षम हुए हैं। 11 वर्ष के सफलतम कालखंड में केवल विदेशों से शस्त्र खरीद ही नहीं, हमने स्वयं के आत्मनिर्भर होने के मंत्र को भी पहचाना है। अब हम भारत में उन्नत एवं आधुनिक स्वदेशी शस्त्रों का निर्माण भी कर रहे हैं। स्वदेशी विमान वाहक पोत आईएनएस विक्रांत का निर्माण, आकाश एयर डिफेंस सिस्टम, रुस्तम यूएवी ड्रोनसका डीआरडीओ द्वारा लखनऊ में निर्माण, रूस के साथ ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल,टाटा -डसाल्ट के साथ राफेल के मुख्य भाग का हैदराबाद में हम निर्माण करने वाले हैं। रक्षा उत्पादन में पिछले 10 वर्षों में 174% की वृद्धि हुई है। रक्षा उत्पादन 2014-15 में 46529 करोड़ की तुलना में 2023-24 में 127265 करोड़ हुआ है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 17 नवंबर 2021 (राष्ट्र रक्षा समर्पण पर्व, झांसी) के अपने संबोधन में कहा कि "भारत अपनी रणनीतिक व सुरक्षा आवश्यकताएं अन्य देशों पर निर्भर होकर पूरा नहीं कर सकता ... सरकार निरंतर 'आत्मनिर्भर भारत' की दिशा में प्रयासरत है।'' रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता की नीति के कारण अब हम खरीदने अर्थात आयात करने वाले देश नहीं, हम बेचने वाले अर्थात निर्यात करने वाले देश बन गए हैं। 2004 से 2014 अर्थात 10 वर्षों में हमने 4312 करोड़ का निर्यात किया था। 2014 से 2024 में 88,319 करोड़ का हुआ है। 2024 - 25 में केवल एक वर्ष में ही हमने 23622 करोड़ का निर्यात किया है। आयात में 21% की कमी करके 11 वर्षों में निर्यात में 34% की वृद्धि करने में देश सक्षम हुआ है।

आज हम लगभग 80 से अधिक देशों में रक्षा उत्पादों का निर्यात कर रहे हैं। ऑपरेशन सिंदूर में हमारे स्वदेशी शस्त्रों की सफलता को देखकर विश्व में हमारे शस्त्रों की मांग भी बढ़ गयी है। देश को नक्सल मुक्त करने के मोदी सरकार के संकल्प ने देश के सामान्य नागरिकों में सरकार के प्रति विश्वास जगाया है। नक्सली हिंसा में लिप्त आतंकी अपनी अंतिम सांस गिन रहे हैं। 2014 में नक्सल आतंकवाद से प्रभावित जिलों की संख्या 126 थी। 11 वर्षों बाद 2025 में वह संख्या मात्र 6 रह गई है। बड़े-बड़े इनामी नक्सली आतंकी मुठभेड़ में मारे गए हैं। सरकार के नक्सलमुक्त देश के संकल्प से लगता है कि भावी पीढ़ी नक्सलवाद नाम ही भूल जाएगी। गुलामी की मानसिकता से मुक्ति का उदाहरण प्रस्तुत करते हुए 2 सितंबर 2022 को कोच्चि में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय नौसेना के नए ध्वज का अनावरण किया, जिसमें औपनिवेशिक 'सेंट जॉर्ज क्रॉस' को हटाकर छत्रपति शिवाजी महाराज की राजमुद्रा से प्रेरित अष्टकोणीय प्रतीक को स्थान दिया गया। खून एवं पानी एक साथ नहीं बहेगा सिंधु नदी समझौता रद्द कर हमने आतंक के प्रति अपने दृष्टिकोण को विश्व के सामने स्पष्ट किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के बाद की स्थिति, पाकिस्तान के आतंकी चेहरे को बेनकाब करने, आतंकवाद के प्रति भारत के दृष्टिकोण को विश्व के सम्मुख रखने के लिए सर्वदलीय प्रतिनिधिमण्डल देश की एकजुटता को प्रकट करने का कूटनीतिक सराहनीय प्रयास है। भारत को सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के यह प्रयास देश की जनता में यह विश्वास जगाने में सफल हुए हैं कि मोदी के नेतृत्व में देश सुरक्षित हाथों में है।

(लेखक भाजपा के राष्ट्रीय सह महामंत्री (संगठन) हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया edit@haribhoomi.com पर दे सकते हैं।

# मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं?



संकलित

दर्शन

जब ईश्वर का वास हृदय में माना गया है, तो मंदिर जैसे उपासना स्थल क्यों बनाए जाते हैं? मंदिरों की स्थापना के पीछे उद्देश्य था कि पूजा, अर्चना और यज्ञ आदि द्वारा पवित्र तन्मात्रओं यानी पंचभूतों के सूक्ष्म रूप की सृष्टि की जाए। किसी साधु हृदय व्यक्ति को पूजा का कार्यभार सौंपा जाए। स्थान का मन पर अदृश्य प्रभाव पड़ता है। चिकित्सालय में व्यक्ति को हर तरफ रोग और रोगी ही दिखते हैं। स्वस्थ व्यक्ति भी वहां अशक्त महसूस करने लगता है। हमारे शरीर से प्रतिदिन शुभ या अशुभ अदृश्य सूक्ष्म शक्ति-राशि का उत्सर्जन होता रहता है। मंदिर जाने वाला व्यक्ति काम, क्रोध और आलस्य बाहर छोड़कर ईश्वर के प्रति भक्तिभाव से जाता है। यह सामूहिक भक्ति या उपासना शुभ तन्मात्रओं व तरंगों का सृजन करती है। अतः यहां आगमन दुर्बल मन वाले मनुष्यों में ऊर्जा का संचार करता है। सज्जनों से ही प्रार्थना स्थलों की पवित्रता बनी रहती है। यदि मंदिर में असाधु व्यक्तियों का आवागमन बढ़ जाए तो स्थान अपनी पवित्रता खोने लगता है। पवित्र श्रवण मास में शिवलिंग पर दुग्ध, बेलपत्र, फल-फूल आदि चढ़ाकर पुण्य अर्जित करने की होड़ लगी रहती है। यदि ईश्वर है और वह हमारी प्रार्थना से प्रसन्न होता है तो वह एक बेलपत्र, अंजुली भर दूध या एक पुष्प से भी प्रसन्न हो जाएगा। सावन के महीने से इतर भी ये दृश्य आमतौर पर मंदिरों में आम होते हैं। यदि यह व्यवस्था सुचारु न हो तो अव्यवस्था स्वाभाविक है। इसी कारण कई मंदिरों में व्यक्तिगत रूप से भोग-अर्पण की मनाही है।

# महिमा राम नाम की



संकलित

प्रेरणा

एक आदमी बर्फ बनाने वाली कंपनी में काम करता था। एक दिन कारखाना बन्द होने से पहले अकेला फ्रिज करने वाले कमरे का चक्कर लगाने गया तो गलती से दरवाजा बंद हो गया। और वह अंदर बर्फ वाले हिस्से में फंस गया छुट्टी का वक्तत था और सब काम करने वाले लोग घर जा रहे थे। किसी ने भी अधिक ध्यान नहीं दिया की कोई अंदर फंस गया है। वह समझ गया की दो-तीन घंटे बाद उसका शरीर बर्फ बन जाएगा अब जब मौत सामने नजर आने लगी तो, भगवान को सच्चे मन से याद करने लगा। एक घंटे ही गुजरे थे कि अचानक फ्रिज रूम में खट-खट की आवाज हुई। दरवाजा खुला चौकीदार भागता हुआ आया। उस आदमी को उठाकर बाहर निकाला और गर्म हीटर के पास ले गया। उसकी हालत कुछ देर बाद ठीक हुई तो उसने चौकीदार से पूछा, आप अंदर कैसे आए? चौकीदार बोला कि साहब मैं 20 साल से यहां काम कर रहा हूं। इस कारखाने में काम करते हुए हर रोज सैकड़ों मजदूर और ऑफिसर कारखाने में आते जाते हैं। मैं देखता हूं लेकिन आप उन कुछ लोगों में से हो, जो जब भी कारखाने में आते हो तो मुझसे हंस कर राम-राम करते हो और हालचाल पूछते हो और निकलते हुए आपका राम-राम काका कहना मेरी सारे दिन की थकावट दूर कर देता है। जबकि अक्सर लोग मेरे पास से यूं गुजर जाते हैं कि जैसे मैं हूं ही नहीं। आज हर दिनों की तरह मैंने आपका आते हुए अभिवादन तो सुना लेकिन राम राम काका सुनने के लिए इंतज़ार करता रहा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### और अलर्ट हों विमान कंपनियां

बीता गुरुवार हमारे देश के लिए बहुत ही अभागा दिन रहा। अहमदाबाद में उड़ान भरने के कुछ ही मिनटों में एक यात्री विमान आग का गोला बन गया और इस अभागे विमान में बैठे यात्रियों के साथ-साथ वहां जहां यह विमान टकराया और जहां इस जलते विमान के हिस्से गिरे, वहां के लोगों की मौत का कारण भी बन गया। जिस किसी ने भी इस दर्दनाक हादसे की खबर सुनी, वो स्तब्ध है। इस अभागे विमान के हादसे के क्या कारण रहे, यह तो जांच के बाद ही पता चलेगा, लेकिन इस दुखद हादसे से यह तो साफ जाहिर है कि इनसान विज्ञान के क्षेत्र में अपने आपको बेशक तीसमार खां समझता हो, लेकिन वह इस क्षेत्र में अभी भी अधूरा नजर आता है। अगर ऐसा नहीं होता तो विमान की तकनीकी खराबी का पहले पता चल गया होता। विमान कंपनियों को और अलर्ट रहने की जरूरत है।

*- रविंद्र चौहान, राजनांदगांव*

## करंट अफेयर

# कश्मीरी हिंदुओं ने ह्यूस्टन में मनाई ज्येष्ठ अष्टमी

टेक्सास भर से 150 से अधिक कश्मीरी हिंदू परिवार ज्येष्ठ अष्टमी और खीर भवानी पर्व मनाने के लिए ह्यूस्टन के 'हिंदू वर्शिप सोसाइटी' मंदिर में इकट्ठा हुए और उन्होंने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच मां रागन्या देवी की पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने अनुष्ठान में हिस्सा लिया और पारंपरिक रीति-रिवाज के अनुसार मंदिर में खीर, दूध, फूल चढ़ाए तथा दीपक जलाए। देवी खीर भवानी माता दुर्गा का एक ही एक रूप हैं जिन्हें कश्मीरी पंडित कुलदेवी के रूप में पूजते हैं। ह्यूस्टन में 35 वर्ष से अधिक समय से रह रहे सुरेंद्र कौल ने नयी पीढ़ी को इस पर्व के आध्यात्मिक महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा, 'ये रिवाज हमारी आत्मा से जुड़ा है। ये रीति रिवाज हमें हमारी मातृभूमि की याद दिलाते हैं जिसे हम हिंसा और भय के कारण छोड़ आए हैं।' 'टेक्सास कश्मीरी बिरादरी' के अध्यक्ष अमित रैना ने कहा, 'यह अष्टमी सिर्फ परंपरा नहीं है, यह हमारी आस्था है। अपने त्योहारों के माध्यम से हम कश्मीर की संस्कृति को जीवित रखते हैं, अपने बच्चों को बताते हैं कि वे कौन हैं। फिर भी घर लौटने की चाह एक ऐसा दर्द है जिसे हम हर दिन सहते हैं। इस दौरान बच्चों ने गजन गाए और अन्य कार्यक्रमों में भाग लिया जो परंपरा के साथ उनके एक मजबूत संबंध को दर्शाता है।



## ऑफ बीट


# कार्डियो वजन उठाने से पहले करना चाहिए या बाद में?

फिटनेस के प्रति जुनूनी लोग दशकों से इस प्रश्न पर बहस करते रहे हैं कि 'कार्डियो' करना वजन उठाने से पहले बेहतर होता है या बाद में? हाल तक, इसका उत्तर काफी हद तक पसंद पर निर्भर करता था - कुछ लोग वजन उठाने से पहले जॉगिंग करते थे, जबकि अन्य लोगों का मानना था कि पहले वजन उठाना वसा को खत्म करने के लिए बेहतर है। लेकिन एक नए शोध ने अंततः इस लंबे समय से विवादित प्रश्न का उत्तर दे दिया है। शोध के अनुसार, आपके व्यायाम का क्रम इस बात को महत्वपूर्ण रूप से प्रभावित करता है कि आप कितनी चर्बी कम करते हैं। जिन प्रतिभागियों ने वजन उठाने के बाद कार्डियो किया, उनमें कार्डियो करने के बाद वजन उठाने वालों की तुलना में काफी अधिक चर्बी कम हुई और वे पूरे दिन शारीरिक रूप से अधिक सक्रिय रहे। शोधकर्ताओं ने प्रतिभागियों को 12 सप्ताह के लिए तीन समूहों में विभाजित किया। दोनों व्यायाम समूहों ने एक जैसे प्रशिक्षण कार्यक्रम अपनाए, केवल व्यायाम क्रम में अंतर था। प्रतिभागियों ने बेंच प्रेस, डेडलिफ्ट, बाइसेप कर्ल और स्क्वाट जैसे व्यायाम किए। कार्डियो सत्र में 30 मिनट तक 'साइकिलिंग' शामिल थी। दोनों समूहों के प्रतिभागियों ने अपनी हृदय संबंधी फिटनेस, मांसपेशियों की ताकत और शारीरिक बनावट में सुधार का अनुभव किया।



## ट्रेंड

### भारत-साइप्रस संबंध



साइप्रस हवाई अड्डे पर मेरा स्वागत करने के विशेष सम्मान के लिए साइप्रस के राष्ट्रपति निकोस क्रिस्टोडौलिडेस का आभार। यह यात्रा भारत-साइप्रस संबंधों को महत्वपूर्ण गति प्रदान करेगी, विशेष रूप से व्यापार, निवेश और अन्य क्षेत्रों में।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### भूमिपुत्रों का अधिकार



कांग्रेस चाहती थी कि राष्ट्र की संपत्ति पर एक विशेष समुदाय का अधिकार हो। जबकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सिद्धांत है कि राष्ट्र की संपत्ति पर सबका अधिकार हो, लेकिन सर्वप्रथम उसका हक भूमिपुत्रों का होना चाहिए।

-हिमंत विश्व शर्मा, सीएम, असम

### विदेश नीति में खामियां



अब यह बात स्पष्ट होती जा रही है कि हमारी विदेश नीति में खामियां हैं। शायद, प्रधानमंत्री मोदी को अब अपने विदेश मंत्री की बार-बार की गई गलतियों पर विचार करना चाहिए और कुछ जवाबदेही तय करनी चाहिए।

- मल्लिकार्जुन खड़गे, कांग्रेस अध्यक्ष

### मृतकों को श्रद्धांजलि




केदारनाथ में हेलिकॉप्टर क्रैश के मृतकों को श्रद्धांजलि एवं उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त करता हूं। सरकार सुनिश्चित करे कि सुरक्षा मानकों पर खरे उतरे बिना कोई भी उड़ान न भरी जाए।

-अखिलेश यादव, सांसद, सपा

### अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से hbcgpati@gmail.com पर भेज सकते हैं।



# कन्नप्पा का ट्रेलर रिलीज अक्षय बने महादेव...

**मुंबई।** साउथ सिनेमा की बहुचर्चित मल्टीस्टारर फिल्म कन्नप्पा, 27 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। टीजर के बाद अब फिल्म का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया गया है, जिसमें प्रभास, मोहनाल से लेकर अक्षय कुमार जैसे दिग्गज कलाकार नजर आ रहे हैं। दो मिनट 54 सेकेंड के इस ट्रेलर की शुरुआत एक बच्चे यानी कि 'कन्नप्पा' से होती है, जो कहता है कि भगवान का अस्तित्व नहीं है और वह खुद अपने समुदाय के लोगों को बचाने की जिम्मेदारी लेता है। इसके बाद बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार दिखते हैं, जो भगवान शिव के रूप में नजर आ रहे हैं। फिल्म की कहानी शिव भक्तों की कहानी है।

लाइफ Style

# चित्रांगदा

## महिला हो या पुरुष, बराबर है जिम्मेदारी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

इन दिनों फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग यानी कामकाजी महिलाओं को लेकर एक अहम बहस चल रही है। खासकर उन आर्टिस्ट को लेकर जो मां भी हैं और अपने करियर को भी संभाल रही हैं। हाल ही में दीपिका पादुकोण ने मां बनने के बाद आठ घंटे ही शूटिंग करने की डिमांड मेकर्स के सामने रखी। इसके बाद ही यह बहस शुरू हुई।

इस मुद्दे पर एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह ने भी अपनी राय रखी है। बॉलीवुड एक्ट्रेस चित्रांगदा सिंह हालिया रिलीज फिल्म 'हाउसफुल 5' में नजर आ रही हैं। इसी बीच अमर उजाला डिजिटल से खास बातचीत में एक्ट्रेस ने फिल्म इंडस्ट्री में वर्किंग महिलाओं के लिए 8 घंटे की शिफ्ट को लेकर अपनी राय रखी। एक्ट्रेस ने कहा, 'मुझे लगता है कि सबका अपना-अपना माइंडसेट होता है। अपनी पसंद होती है। कोई भी किसी की चॉइस पर सवाल नहीं उठा सकता। लेकिन, अगर आप सेट पर आ रहे हैं, चाहे आप मेल एक्टर हों या फीमेल, हम एक क्वालिटी की उम्मीद करते हैं। इसलिए, वहां सबकी बराबर जिम्मेदारी होनी चाहिए। काम का मतलब काम होता है।

मुझे लगता है कि मेल या फीमेल, इससे फर्क नहीं पड़ता। काम की जिम्मेदारी सबकी होती है। चित्रांगदा ने आगे बताया, मैंने खुद सात साल का ब्रेक लिया था। जब मेरा बेटा हुआ, मैंने पूरा काम छोड़ दिया। इससे मेरे कॅरियर पर असर पड़ा। लेकिन वो मेरी चॉइस थी। ये एक पर्सनल चॉइस थी। कोई उस पर सवाल नहीं उठा सकता। हर किसी की प्रायोरिटी होती है। मैं उस महिला की भी इज्जत करती हूं जो साफ तौर पर कहती है कि मैं इससे ज्यादा काम नहीं कर सकती।



## हॉलीवुड मसाला



# स्थगित किए वर्ल्ड टूर के चार शो

लॉस एंजिल्स। पॉप गायिका काइली मिनोग बीमार हैं। ऐसे में उनके फैंस के लिए दुख की बात यह है कि उन्होंने अपनी बीमारी के चलते अपने चार आगामी शो स्थगित करने का ऐलान किया है। काइली मिनोग यूके में भीड़ को जमा करने के लिए अपने 'टेंशन' टूर पर प्रदर्शन कर रही थीं। लेकिन, आवाज में दिक्कत की वजह से उन्हें अपने चार प्रोग्राम रद्द करने पड़े। 'टेंशन' टूर सात सालों में उनका पहला वैश्विक और उनके कॅरियर का 16वां टूर है।




# टॉम ने गर्लफ्रेंड एना के साथ लंदन में किया डिनर डेट...

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड स्टार टॉम क्रूज और उनकी 25 साल छोटी गर्लफ्रेंड एना डे आर्मस एक बार फिर सुर्खियों में हैं। इस बार दोनों लंदन में डिनर डेट पर निकले। इससे उनके कथित रिश्ते के बारे में अटकलों को और हवा मिल गई है। इनकी फोटोज सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रही हैं। मालूम हो कि टॉम जहां 62 साल के हैं तो एना 37 साल की हैं। दोनों की उम्र के बीच 25 साल का अंतर है। रिपोर्ट्स के अनुसार, टॉम क्रूज और एना एना डे आर्मस अलग-अलग आए थे, लेकिन बाद में एक-दूसरे के साथ बहुत खुश दिखाई दिए। दोनों ने ब्लैक कलर का आउटफिट पहना था। भीड़ और पपाराजी की परवाह से दोनों दूर थे। हालांकि, ये पहली बार नहीं है, जब टॉम और एना को एक साथ देखा गया है। वे पहले भी कई बार मिल चुके हैं, जिससे उनके अफेयर के कयास लगाए जाने लगे।



# चेहरे पर बालों के लिए मिलते थे कमेंट्स

**मुंबई।** म्यूजिक की दुनिया में जोनिता गांधी एक जाना माना नाम हैं। हाल ही में सिंगर एक इंटरव्यू में शामिल हुईं, जहां उन्होंने अपने पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ को लेकर बात की है। इस दौरान गायिका ने बताया कि लोग उन्हें चेहरे और बालों को लेकर खराब-खराब बोलते थे, जिससे उनकी जिंदगी पर बुरा असर पड़ रहा था। जोनिता गांधी ने कहा, 'जब मैं बड़ी हो रही थी तो मेरे चेहरे पर काफी बाल थे, जिस वजह से लोग मुझे चिढ़ाते थे और खराब-खराब बोलते थे। वे मुझे गॉडजिला कहते थे, मुझे लगता है कि वे बस यही सोचते थे कि मैं बदसूरत हूं। मैं घर आकर रोती थी। यहां तक कि मेरी क्लास के पंजाबी लड़के भी मेरा मजाक उड़ाते थे। मैं अपनी बॉडी को खुद ही नहीं अपना पा रही थी, तो कोई और कैसे अपनाता।' जोनिता गांधी ने बताया, 'मेरे अंदर अभी भी वो डर है।



# उर्फी ने अपूर्वा को कहा- बदतमीज

**मुंबई।** करण जौहर के रियलिटी शो 'द ट्रेटर्स'के अभी कुछ एपिसोड ही प्रसारित हुए हैं और अभी से घर के अंदर ड्रामा अपने चरम पर है। इस बार सुर्खियों में हैं दो कंटेस्टेंट्स- उर्फी जावेद और अपूर्वा मुखिजा। शुरुआती एपिसोड में दोनों के बीच 'सिस्टर कोड' देखने को मिला था, लेकिन अब वही रिश्ता तकरार में बदल चुका है। दोनों अब एक दूसरे कीं कट्टर दुश्मन बन गई हैं। अब दोनों की लड़ाई सिर्फ शो तक ही सीमित नहीं है बल्कि शो से बाहर भी दोनों एक दूसरे पर तंज कसते हुए नजर आ रही हैं। अपूर्वा ने भी इस क्लिप को अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, 'हमें मानना पड़ेगा, हम एक ही लेवल पर नहीं हैं। इस पर उर्फी ने करारा जवाब देते हुए इंस्टाग्राम स्टोरी में अपूर्वा को 'बदतमीज' बताया और कहा, 'मैं इस लड़की की तरह बदतमीज नहीं हूं।

## टीवी मसाला



# 'बड़े अच्छे लगते हैं' के अलावा ये रोमांटिक सीरियल भी हुए मशहूर

**नई दिल्ली।** सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' के नए सीजन में शिवांगी जोशी और हर्षद चोपड़ा लीड रोल में नजर आने वाले हैं। इस जोड़ी की इन दिनों सोशल मीडिया पर काफी चर्चा है। फैंस का मानना है कि हर्षद और शिवांगी भी रोमांटिक टीवी सीरियल के पॉपुलर कपल्स की लिस्ट में शामिल होंगे। हम आपको यहां पर टीवी के कुछ मशहूर रोमांटिक सीरियल के ही बारे में बता रहे हैं। साल 2011 में एकता कपूर सीरियल 'बड़े अच्छे लगते हैं' का पहला सीजन लेकर आईं। इसमें राम कपूर और साक्षी तंवर ने राम और प्रिया नाम के किरदार निभाए थे। यह सीरियल एक मिडिल एज कपल्स की लव स्टोरी पर था। राम और प्रिया की रोमांटिक जोड़ी को दर्शकों ने खूब पसंद किया। कृतिका कामरा और करण कुंद्रा स्टारर टीवी सीरियल 'कितनी मोहब्बत है' के दो सीजन आए थे। दोनों ही सीजन में इन एक्टर्स ने अर्जुन और आरोही नाम के किरदार निभाए। पहला सीजन 2009 में दर्शकों को देखने को मिला था। आज भी दर्शक इस सीरियल के दीवाने हैं। साल 2007 में 'दिल मिल गए' सीरियल आया, यह सीरियल 'संजीवनी' का आगे का पार्ट था। इस सीरियल में करण सिंह ग्रोवर लीड में थे। फीमेल लीड दो-तीन बार बदलीं। इस सीरियल के भी कई सीजन आए। मेडिकल ड्रामा के अलावा इस सीरियल की प्रेम कहानी यंग ऑडियंस को काफी पसंद आई। साल 2009 में टीवी एक सीरियल 'पवित्र रिश्ता' टेलीकास्ट हुआ। बहुत कम समय में इस सीरियल ने टीआरपी लिस्ट में अपने लिए जगह बना ली।

## 13 साल छोटी एक्ट्रेस के प्यार में पड़े कुशाल

**नई दिल्ली।** टीवी के मशहूर अभिनेता कुशाल टंडन ने रविवार की सुबह ऐलान किया कि उन्होंने शिवांगी जोशी से अलग होने का फैसला किया है। अभिनेता ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर रात 2:30 बजे के आसपास यह नोट लिखा। हालांकि, पांच मिनट के बाद एक्टर ने ये पोस्ट डिलीट कर दी। कुशाल टंडन ने पोस्ट में लिखा 'मैं जिन लोगों से प्यार करता हूं, उनसे बस इतना कहना चाहता हूं कि मैं और शिवांगी अब साथ नहीं हैं, 5 महीने हो गए हैं।' इससे पहले कि फैंस इस खबर को समझ पाते, कुशाल ने इसे अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी से हटा दिया। इसके बाद उन्होंने कोई बात नहीं कही है। फैंस अटकलें लगा रहे हैं कि क्या एक्टर नशे में थे या फिर ब्रेकअप की बात सही है जिसकी वजह से उन्होंने पोस्ट डिलीट की। कुशाल टंडन ने अपने ब्रेकअप का एलान ऐसे मौके पर किया जब फैंस ने अनुमान लगाया कि दोनों अलग होने वाले हैं। कुशाल और शिवांगी, जो कुछ महीने पहले तक सोशल मीडिया पर बहुत ज्यादा एक्टिव थे, ने हाल ही में इंस्टाग्राम पर एक-दूसरे को अनफॉलो कर दिया।



# सनी देओल से लेकर अल्लू अर्जुन तक ने सेलिब्रेट किया फादर्स-डे

**मुंबई।** 15 जून को देश-दुनिया में लोग फादर्स डे सेलिब्रेट किया। इस खास दिन को बॉलीवुड सेलिब्रिटी, साउथ फिल्मों के कई स्टार्स तक सेलिब्रेट करते नजर आए। कई सेलिब्रिटीज ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर अपने पिता के नाम प्यार भरे संदेश लिखे हैं, साथ ही उनके साथ तस्वीरें भी साझा की हैं।

***बेटी रूही-बेटे यश के नाम लिखा इमोशनल नोट***

पिताः हमारे जीवन को संवारते हैं, हमें जिंदगी जीने का सलीका सीखाते हैं, सही राह दिखाते हैं। साथ ही उनका प्यार हमारी जिंदगी को खुशियों से भर देता है। पिता के बारे में जितना कहा जाए, कम है। कुछ ऐसी ही फीलिंग्स करण जौहर की भी हैं। फादर्स-डे के मौके पर करण जौहर ने अपने पिता को याद करते हुए एक पोस्ट साझा किया है। साथ ही अपने बच्चों के नाम भी एक पोस्ट शेयर किया है। करण जौहर ने पिता यश जौहर के साथ एक पुरानी तस्वीर शेयर की है, इस फोटो में दोनों एक फिल्म के सेट पर बैठे हैं। साथ ही करण जौहर ने एक कैप्शन भी लिखा है, 'आपने दिल और आत्मा (Soul) के साथ फिल्में बनाईं। आपने अपने जीवन को अधिक जिया। आपने मुझे सिखाया कि अच्छी कहानी कहने की शुरुआत आपके अच्छे मन से होती है। मैं अपनी फीलिंग्स को बड़े पर्दे पर दिखा पाया, इसके लिए आपने हिम्मत दी, इसके लिए शुक्रिया। हैप्पी फादर्स डे पापा।'

### मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं

सनी देओल ने अपने पिता धर्मेंद्र को फादर्स डे पर विश किया है। इंस्टाग्राम पर अपने पापा के साथ एक फोटो शेयर करते हुए वह कैप्शन में लिखते हैं, 'आप मेरी ताकत हैं, मैं जो कुछ भी हूं, आपके गाइडेंस से हूं। आपका बेटा होकर मुझे गर्व महसूस होता है। मैं हमेशा आपके बताए रास्ते पर चलूंगा। बहुत सारा प्यार पापा।'



### पिता को बताया अपना भगवान

अल्लू अर्जुन ने अपने पिता के साथ एक पुरानी तस्वीर साझा की हैं। पिता को फादर्स डे विश किया है। इस पोस्ट में वह पिता को अपना भगवान भी बताते हैं।



# नशे में धुत्त होकर लड़ पड़े थे देव आनंद प्रोड्यूसर ने फिल्म से कर दिया था आउट

**नई दिल्ली।** शम्मी कपूर की फिल्म 'तीसरी मंजिल'साल 1966 में रिलीज हुई थी। फिल्म का आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे गाना आज भी सुपरहिट है।. वैसे इस फिल्म के लिए पहली पसंद देव आनंद थे। हाल ही में आमिर खान ने खुलासा किया कि शम्मी कपूर को इस फिल्म में होना ही नहीं था। दरअसल, यह फिल्म देव आनंद को लेकर बनाई जानी थी और आमिर के चाचा नासिर हुसैन इसे डायरेक्टर करने वाले थे। आमिर खान ने बताया कि एक्ट्रेस साधना की सगाई की पार्टी में दोनों के बीच जमकर लड़ाई हुई थी। इसके बाद नासिर हुसैन ने देव आनंद को फिल्म से बाहर कर दिया और फिर उन्होंने विजय आनंद को डायरेक्शन की जिम्मेदारी सौंपी थी। फिल्म बनी और यह एक बड़ी हिट साबित हुई।

***आमिर खान ने सुनाया पूरा किस्सा :*** एक इंटरव्यू में आमिर खान ने पूरा किस्सा बताया, जो उन्हें चाचा और फिल्ममेकर नासिर हुसैन ने सुनाया था। आमिर ने बताया कि साधना की सगाई की पार्टी में जब देव आनंद और नासिर हुसैन ने शराब पी रखी थी, तो दोनों के बीच झगड़ा हो गया, जो बाद में हाथापाई तक पहुंच गया।



***देव आनंद के साथ बन रही थी तीसरी मंजिल :*** आमिर ने बताया, नासिर, विजय आनंद के बहुत करीब थे और देव आनंद के भी दोस्त थे। तीसरी मंजिल को शुरू में देव आनंद के साथ बनाया जा रहा था। देव आनंद उसमें एक्टिंग कर रहे थे और नासिर उसका डायरेक्शन कर रहे थे। जब तीसरी मंजिल बनाई जा रही थी, उस समय नासिर हुसैन एक और फिल्म बहारों के सपने भी प्रोड्यूस कर रहे थे, जिसका डायरेक्शन विजय आनंद कर रहे थे और उसमें न्यूकमर राजेश खन्ना लीड भूमिका में थे।

***शराब पीकर लड़ पड़े थे देव आनंद-नासिर हुसैन :*** सगाई पार्टी में देव आनंद दोनों फिल्मों के बारे में बात कर रहे थे और नासिर ने यह बातचीत सुन ली। देव आनंद ने तीसरी मंजिल को बड़ी फिल्म और बहारों के सपने को छोटी फिल्म कह दिया। यह तुलना नासिर को बहुत बुरी लगी और इसी बात को लेकर उन दोनों के बीच बहस शुरू हो गई।

***इस वजह से शुरू हुई थी दोनों के बीच मारपीट :*** आमिर खान ने बताया, नासिर साहब ने कहा कि छोटी फिल्म या बड़ी फिल्म क्या होती है? दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। फिर वे दोनों लड़ने लगे और दोनों के बीच मारा-मारी होने लगी। इस घटना के बारे में नासिरजी ने मुझे बताया था। फिर मैंने यह किस्सा साधना जी से कन्फर्म किया, जिन्होंने कहा कि हां, दोनों दारू पीकर झगड़ा कर रहे थे।

***तीसरी मंजिल से निकाले गए थे देव आनंद :*** नासिर इस बात से देव आनंद से काफी नाराज हो गए थे, इसलिए उन्होंने फैसला किया कि वह और विजय आपस में फिल्में बदल लेंगे। इसके बाद विजय आनंद को तीसरी मंजिल की जिम्मेदारी दे दी गई और नासिर ने बहारों के सपने का डायरेक्शन किया।

## शुरुआत में काफी किया संघर्ष, स्टूडियो में किया रिफ्लेक्टर ब्वॉय का काम

# 49 बार निभाया नारद मुनि का किरदार, विलेन बनकर हीरो का किया जीना मुश्किल

*नई दिल्ली। ओमकार नाथ धर उर्फ अभिनेता जीवन का जन्म (24 अक्टूबर 1915) एक कश्मीर पंडित परिवार में हुआ। मां का निधन ओमकार को जन्म देने के बाद हो गया था, वह तीन साल के हुए तो पिता को भी खो दिया। बिना माता-पिता के प्यार के ओमकार नाथ धर की परवरिश उनके दादा ने की थी। ओमकार नाथ धर एक संपन्न परिवार से संबंध रखते थे, मगर सिनेमा को लेकर कोई माहौल उनके घर में नहीं था।*

### 26 रुपए लेकर एक्टर बनने बंबई आ गए

बचपन से ही ओमकार को फिल्मों से गहरा लगाव हो गया। मगर परिवार के लोग, खासकर दादा जी फिल्मों में काम करने को अच्छा नहीं मानते थे। ऐसे में ओमकार घर से भाग निकले। जिस वक्त ओमकार ने घर छोड़ा, उनकी उम्र सिर्फ 18 साल थी। अपनी जेब में सिर्फ 26 रुपए लिए वह बंबई (मुंबई) आ गए। बॉलीवुड में शुरुआत में काफी संघर्ष किया। एक नामी फिल्म स्टूडियो में रिफ्लेक्टर ब्वॉय के तौर पर काम किया। आगे चलकर उन्हें फिल्म 'फैशनेबल इंडिया'नाम की फिल्म में काम करने का मौका मिला। फिल्मों के लिए उन्होंने अपना नाम ओमकार नाथ से जीवन भी कर लिया।

**कॅरियर में किए कई तरह के रोल :** अभिनेता जीवन ने अपने कॅरियर में कई तरह के रोल किए, लेकिन वह बड़े पर्दे पर सबसे ज्यादा बार नारद मुनि का रोल निभाते हुए नजर आए। एक बार अभिनेत्री तबस्सुम ने अपने चर्चित टॉक शो में जीवन से सवाल किया था? 'आप लगभग 40 बार नारद मुनि का रोल कर चुके हैं?' इस जीवन का जवाब था, ' 40 नहीं, मैं 49 बार नारद मुनि का रोल कर चुका है।'



### विलेन के किरदार किए जाते हैं याद

*60 से लेकर 80 के दशक तक जीवन ने बॉलीवुड फिल्मों में विलेन के या फिर नेगेटिव रोल निभाए। विलेन के किरदार में वह खूब मशहूर हुए। फिल्म अमर अकबर एंथनी, धर्म वीर जैसी फिल्मों में निभाए जीवन के विलेन के किरदार आज भी याद किए जाते हैं।*

### अभिनय की विरासत को बेटे ने बढ़ाया आगे

जीवन के अभिनय की विरासत को उनके बेटे किरण कुमार ने आगे बढ़ाया है। वह टीवी और फिल्मों के चर्चित अभिनेता हैं। अपने पिता जीवन के बारे में किरण कुमार एक इंटरव्यू में कहते हैं, 'मेरे पिता का स्टाइल अलग ही था। वह अपने किरदारों को अलग ढंग से निभाते थे। कई लोगों ने मेरे पिता को कॉपी किया, आज वह लोग काफी सफल हैं।'

**कनाडा की धरती का दुरुपयोग भारत के खिलाफ : जो ट्रूडो न कर पाए क्या करेंगे कर्नी**

# भारत की 'जी-7' में भागीदारी से निकलेंगे कई संदेश, विश्व बिरादरी की नजर मोदी पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

ठीक साल भर पहले तब कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो थे। कनाडा की जमीन से खालिस्तान समर्थक आतंकी भारत की आंतरिक सुरक्षा के लिए चुनौती बन रहे हैं, विस्तार से जानकारी दी गई थी। स्थानीय राजनीतिक वजहों से ट्रूडो ने सुना अनसुना किया। उसके बाद भी जी-7 की बैठक में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गये। मजबूती के साथ विश्व बिरादरी के समक्ष भारत का पक्ष रखा। ट्रूडो ने तब भारत, कनाडा द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने की बात दोहराई थी लेकिन दोनों देशों के बीच तब रिश्ते तनावपूर्ण हो गये थे।

### निज्जर की हत्या में लगाया आरोप, संबंध बिगड़े

वर्ष 2023 में सिख अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के बाद तत्कालीन कनाडाई पीएम जस्टिन ट्रूडो ने इस हत्या में भारतीय सरकार की संलभावित संलिप्तता का आरोप लगाया था, जिसे भारत ने निराधार और दुर्भावना से प्रेरित बताकर खारिज कर दिया था। दोनों देशों ने वर्ष 2023 और 2024 में एक-दूसरे के उच्चायुक्तों को निष्कासित किया और वीजा सेवाओं को अस्थायी रूप से रोक दिया था।

### मोदी-कार्नी की द्विपक्षीय बैठक पर सबकी नजर

मोदी की कनाडा में कार्नी के साथ द्विपक्षीय बैठक भी हो सकती है। विशेषज्ञों का स्पष्ट मानना है कि मोदी खालिस्तान समर्थकों द्वारा कनाडा की धरती का दुरुपयोग करने के मामले में भारत के पक्ष में बात रखते हुए कनाडा के नव निर्वाचित प्रधानमंत्री मार्क जे कार्नी को दो टूक शब्दों में अपनी बात जरूर रखेंगे। मामला चूंकि संवेदनशील है इसीलिए सार्वजनिक चर्चा इस मसले पर भले न हो लेकिन देश की नजर इस खबर पर जरूर रहेगी।



### अब कनाडा में ट्रूडो की जगह कार्नी हैं

अब कनाडा की राजनीतिक फिजां बदली है। ट्रूडो की जगह मार्क जे कार्नी अब कनाडा के पीएम हैं। भारत के पीएम नरेंद्र मोदी ने कार्नी की चुनावी जीत पर बधाई दी और जी-7 की बैठक में शिरकत करने वाली यात्रा को भारत-कनाडा संबंधों को नई गति देने का अवसर बताया। वर्ष 2015 के बाद पीएम मोदी की कनाडा की पहली आधिकारिक यात्रा होगी।

### खालिस्तानियों का अब तक कुछ नहीं हुआ

ये बात अलग है कि खालिस्तानी उपद्रवियों का तब से अब तक कुछ नहीं बदला। कनाडा के बेंकूवर स्थित ब्रिटिश कोलंबिया के गुरुद्वारों और मंदरों में खालिस्तानी समर्थकों के नारे लिखे गये। हमले किये गये। कनाडा की जमीन से खालिस्तानी उग्रवाद को अब भी जमकर खादपानी मिल रहा है। पीएम मोदी को बैठक के लिए मिले आमंत्रण पर कनाडा में सिख समुदाय के कुछ संगठनों, जैसे वर्ल्ड सिख ऑर्गनाइजेशन और सिख फेडरेशन ऑफ कनाडा, ने इस आमंत्रण की निंदा की है।

## भारतीय सेना ने लांस नायक के परिवार को सम्मानित किया

**चंडीगढ़।** भारतीय सेना ने रविवार को 17वीं जाट रेजिमेंट के बहादुर सैनिक लांस नायक कृष्ण कुमार को श्रद्धांजलि दी, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपने प्राण न्योछावर कर दिए। 'घर-घर शौर्य सम्मान' पहल के तहत, सेना ने कुमार के परिवार को हरियाणा के सिरसा जिले के तरकांवाली गांव में उनके निवास पर सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न भेंट किया। हवलदार कमलेश बिश्नोई और सिपाही सुनील सहित सेना के प्रतिनिधियों की एक टीम ने शहीद की पत्नी संतोष देवी, बेटों मनोज और मुकेश तथा भाई बलजीत सहित उनके परिवार से मुलाकात की। कुमार के परिवार को 26 जुलाई, 2025 को मनाए जाने वाले 26वें कारगिल विजय दिवस समारोह के मद्देनजर भारतीय सेना की पहल के बारे में जानकारी दी गई। लांस नायक कृष्ण कुमार ने 30 मई, 1999 को 20 वर्ष की आयु में कारगिल में दुश्मन सेना से लड़ते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया। बयान में कहा गया है कि उनकी बहादुरी और निस्वार्थ सेवा को हमेशा याद रखा जाएगा और राष्ट्र उनका ऋणी रहेगा। 'घर-घर शौर्य सम्मान योजना' के तहत सेना शहीदों के परिवारों को उनके घर जाकर सम्मान पत्र और स्मृति चिह्न देकर सम्मानित कर रही है।

### गृहमंत्री शाह ने सीएम योगी के साथ डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में नियुक्ति पत्र बांटे

# अब न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर मिल रही युवाओं को नौकरी

एजेंसी ▶▶| लखनऊ

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि न पर्ची, न खर्ची, न जाति, न भ्रष्टाचार, बल्कि योग्यता के आधार पर नौकरी मिली है। यूपी दंगा मुक्त हो चुका है। यहां अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिला है। यूपी में न्याय का शासन है। यहां पर योग्यता के आधार पर अब नौकरी मिलती है। केंद्रीय मंत्री शाह ने रविवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। केंद्रीय मंत्री शाह ने यूपी के मुख्यमंत्री योगी के साथ राजधानी लखनऊ के डिफेंस एक्सपो ग्राउंड में 60,244 नव चयनित पुलिस कांस्टेबलों को नियुक्ति पत्र बांटे। आज इन 60,244 युवाओं के लिए सबसे शुभ दिन है। आज ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे हैं। यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी आदित्यनाथ मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

शाह ने कहा यूपी में कुछ साल ऐसे आए जब यहां की कानून व्यवस्था बिगड़ती गई। लेकिन, फिर समय आया और योगी मुख्यमंत्री बने और यहां पर फिर कानून का राज स्थापित हुआ।

**ये सभी लोग देश के सबसे बड़े प्रदेश के पुलिस बल का हिस्सा बनने जा रहे**

### योगी सरकार के बाद प्रदेश में काफी बदलाव दिख रहा

शाह ने कहा कि 2014 में नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के तीन साल बाद तक यूपी में बदलाव नहीं हुआ। लेकिन योगी सरकार बनने के बाद यहां काफी बदलाव हुआ। आज किसी युवा को एक पैसा भी नहीं देना पड़ा, न खर्ची, न पर्ची, न सिफारिश, सिर्फ योग्यता के आधार पर आप सबको चयनित किया गया। इसमें 12 हजार से अधिक बच्चियां हैं। आज बच्चियों के चेहरे पर मुस्कान, तेज, आत्मसंतोष देखकर काफी सुकून मिला।



### यूपी दंगामुक्त, अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता

शाह ने कहा कि यूपी आज दंगा मुक्त हो चुका है। आज यूपी में अपराधियों को वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं मिलता। पिछले 11 साल के अंदर 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। गैस सिलेंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, आदि मिल रहा है। जब पीएम नरेंद्र मोदी आए तब देश आर्थिक जगत में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे पायदान पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया के तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। गृहमंत्री ने कहा कि सभी युवा यूपी पुलिस का हिस्सा बनिए। गरीब, वंचित को आपके अंदर मसीहा दिखना चाहिए। ऐसा काम कीजिए। यूपी में अच्छा काम करते हुए आप देश की सेवा करेंगे।

### *मोदी सरकार ने देश को नया उजाला दिया*

*पिछले 11 साल के अदंर देश में 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर आए। करोड़ों लोगों को गैस सिलिंडर, पांच लाख तक का मुफ्त इलाज, किसान को छह हजार रुपये सालाना देकर मोदी सरकार ने एक नया उजाला देने का काम किया है। जब नरेंद्र मोदी आए तब देश अर्थतंत्र में 11वें नंबर पर था। आज हम चौथे नंबर पर हैं। 2027 तक हमारा देश दुनिया में तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। मोदी सरकार में देश सुरक्षित हुआ है। पहले 11 जिलों में नक्सलवाद हावी था। आज सिर्फ तीन जिले बचे हैं। मेरी बात याद रखना 31 मार्च 2026 को हम देश को नक्सलवाद मुक्त कर देंगे। कांग्रेस शासन में आए दिन आतंकवादी हमले होते थे।*

**प्रियंका गांधी ने कहा**

# नीलांबुर उपचुनाव केरल में बदलाव की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



कांग्रेस महासचिव और वायनाड से सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने आज कहा कि नीलांबुर उपचुनाव महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह केरल में बदलाव की दिशा में पहला कदम उठाने का अवसर है। पार्टी उम्मीदवार आर्यदान शौकत के समर्थन में एक सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने लोगों से ऐसा प्रतिनिधि चुनने का आग्रह किया जो उनके कल्याण के लिए प्रतिबद्ध और समर्पित हो। प्रियंका गांधी ने कहा कि यह केरल में बदलाव लाने का समय है। उन्होंने लोगों से शौकत को चुनने का आग्रह करते हुए कहा कि वे अपने पिता पूर्व विधायक आर्यदान मोहम्मद की विरासत को आगे बढ़ाते हुए उन्हीं की तरह समर्पण और प्रतिबद्धता के साथ काम करेंगे। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल समेत अन्य कांग्रेस नेता मौजूद थे।

### पेंशन राजनीति का विषय न हो : प्रियंका

केरल में पेंशन में देरी का उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि यह राजनीति का विषय नहीं होना चाहिए और न ही सरकार की इच्छा पर निर्भर होना चाहिए। पेंशन लोगों की आजीविका के लिए महत्वपूर्ण है और इसका भुगतान समय पर किया जाना चाहिए।

### बदलाव ऐसी सरकार लाएगी जो आपकी हितैषी हो

कांग्रेस महासचिव ने उपस्थित लोगों से कहा कि उन्होंने पिछले दस वर्षों में देखा है कि मौजूदा राज्य सरकार ने कैसे काम किया है। उन्होंने कहा कि अब बदलाव लाने का समय आ गया है। उन्होंने कहा कि यह बदलाव ऐसी सरकार से आएगा जो लोगों की परवाह करे, उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में काम करे और लोगों के जीवन व उनकी आजीविका का राजनीतिकरण न करे।

**मस्क के न्यूरालिंक डिवाइस ने किया कमाल!**

# ब्रेन चिप के जरिए बंदर ने देखा काल्पनिक दृश्य, इंसान पर भी टेस्ट

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली




एलन मस्क की कंपनी न्यूरालिंक ने एक नई तकनीक के जरिए एक बंदर को ऐसी चीजें देखने में सक्षम बना दिया जो वास्तव में वहां नहीं थीं। यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों को देखने की क्षमता देने की दिशा में बड़ा कदम मानी जा रही है। कंपनी ने एक ऐसे ब्रेन इम्प्लांट डिवाइस का सफल परीक्षण किया है, जो मस्तिष्क के विजुअल हिस्सों को उत्तेजित कर उस दृश्य की कल्पना करवा सकता है जो वहां असल में मौजूद नहीं है। इस तकनीक का नाम है ब्लाइंडसाइट और यह नेत्रहीनों को देखने की नई उम्मीद दे सकती है। न्यूरालिंक के इंजीनियर जोसेफ ओ डोहार्टी ने बताया कि परीक्षण के दौरान बंदर ने दो-तिहाई बार उन वस्तुओं की ओर आंखें घुमाईं, जिन्हें वैज्ञानिकों ने दिमाग को भ्रमित कर दिखाने की कोशिश की। इस प्रयोग को हाल ही में एक कॉन्फ्रेंस में सार्वजनिक किया गया है। यह डिवाइस फिलहाल अमेरिकी एजेंसियों से मानव परीक्षण की मंजूरी का इंतजार कर रही है। मस्क का कहना है कि इसका शुरुआती लक्ष्य दृष्टिहीन लोगों को देखने में मदद करना है, जबकि दीर्घकालिक लक्ष्य 'इन्फ्रारेड' जैसी सुपरह्यूमन दृष्टि प्रदान करना है। अब तक पांच लोग न्यूरालिंक इम्प्लांट के साथ जी रहे हैं। इनमें से तीन को 2024 में और दो को 2025 में डिवाइस लगाई गई थी। ये यूजर्स हर हफ्ते करीब 60 घंटे तक डिवाइस का इस्तेमाल कर रहे हैं।

■ यह तकनीक दृष्टिहीन लोगों के लिए वरदान होगी

**महाकाल मंदिर में बदली दर्शन व्यवस्था**

# नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद सिर्फ मोस्ट वीआईपी ही 'जा' सकेंगे

### भारी भीड़ को देखते हुए लिया फैसला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उज्जैन





महाकाल मंदिर में ग्रीष्म अवकाश और शनिवार-रविवार की छुट्टियों के चलते श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही है। इसे देखते हुए मंदिर प्रशासन ने रविवार को नंदी हॉल में आम भक्तों की एंट्री बंद कर दी है। अब सिर्फ मोस्ट वीआईपी को ही नंदी हॉल में दर्शन की अनुमति दी जा रही है, जबकि सामान्य श्रद्धालुओं को गणेश मंडपम के सामने से दर्शन कराए जा रहे हैं। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए मंदिर प्रशासन ने वर्तमान में चलायमान (मूविंग दर्शन) व्यवस्था लागू की है।

### ऐसी है मंदिर की दर्शन व्यवस्था

अब भक्त महाकाल लोक, मानसरोवर फैसिलिटी सेंटर से होकर महाकाल टनल-1 से गुजरते हुए गणेश मंडपम तक पहुंचते हैं। यहां लगाए गए बेरिकेड्स के जरिए भगवान महाकाल के दर्शन कर, फिर पालकी हॉल होते हुए एंबुलेंस गेट से बाहर निकलते हैं। इसके अलवा गेट नंबर 1 से एंट्री करने वाले श्रद्धालु कार्तिकेय मंडपम के रास्ते गणेश मंडपम पहुंचते हैं और बेरिकेड्स से दर्शन करते हैं। इसी तरह गेट नंबर 4 से आने वाले श्रद्धालु विश्राम धाम से होते हुए सभा मंडप और फिर गणेश मंडपम पहुंचकर भगवान महाकाल के दर्शन करते हैं। इसके बाद पालकी हॉल से होते हुए बाहर निकलते हैं।

epaper : www.haribhoomi.com

**हरिभूमि CLASSIFIED**

Email : response.haribhoomi@gmail.com

आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

**Appointment आवश्यकता**

**अतिशीघ्र आवश्यकता है-** औद्योगिक क्षेत्र हेतु सुरक्षा गार्ड वेतन 14000/- सुपरवाइजर 16000/- फील्ड ऑफिसर 15000/- (आवास फ्री PF +ESIC) **संपर्क:-** ALERT SGS PRIVATE LIMITED, **भर्ती कार्यालय, साकरा चौक, सिलतरा, रायपुर, छत्तीसगढ.** 7747000019, 7746000016, 7747000016, 7746000019. (RO-074)

**पेट्रोल पंप कर्मी**

**आवश्यकता है-** कन्हेरा स्थित पेट्रोल पंप पर कार्य करने हेतु लड़को की आवश्यकता है। इच्छुक व्यक्ति - आवेदन Bio-data एवं समस्त दस्तावेज सहित सम्पर्क करे। **डागा पेट्रोल पंप, कन्हेरा, 94242-25533.** (RO-06)

**आवश्यकता है-** मे. शारदा प्रसाद साव (बी.पी.सी.एल.) पेट्रोल पंप रानी अवंती बाई चौक कोहका भिलाई में पेट्रोल डालने के लिए लड़कों की आवश्यकता है **संपर्क करें:- 9926123539, 9074372514, 7692888808.** (आरो नं.-7187)

**रिसेप्शनिस्ट/टेलीकॉलर**

**आवश्यकता है-** रायपुर ऑफिस के लिए रिसेप्शनिस्ट, टेलीकॉलर, फील्ड एग्जीक्यूटिव के लिए लड़के/लड़कियों की आवश्यकता है. योग्यता दसवीं - स्नातक फ्रेशर भी कर सकते हैं. वेतन 8000 - 15, 000 **संपर्क-** (INNOV8, **भाटागांव)- 9522776520.** (RO-6894)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

**ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य हेतु 18 से 28 वर्ष युवतियों, महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5,000 से 20,000 कमाने का अवसर **पता- खम्हारडीह पुलिस स्टेशन के पास न्यू सेल्स टैक्स कॉलोनी रायपुर संपर्क करें- 9343467254, 7470490884.** (RO-6899)

**दुकान कार्य**

**आवश्यकता है-** राखी दुकान में काम करने हेतु लड़के/ लड़कियों की आवश्यकता है। पता- गोपी राखी रहमनिया चौक रवि भवन के पीछे। रायपुर (छ ग) **संपर्क- 7024636503, 9827180503.** (RO-6897)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु मेहनती लड़कों की आवश्यकता है। वेतन योग्यता अनुसार **संपर्क:- खेतान इंटरप्राइजेस, खेतान गेराज बिल्डिंग, वीडियो वर्ल्ड के पास, मौदहापारा रायपुर**(RO-21)

**आवश्यकता है-** दुकान में कार्य करने हेतु लड़के चाहिए, कंप्यूटर ऑपरेटर (टैली)-(अनुभव 1 साल), काउंटर सेल्समैन, कार्य समय 11 AM to 9 PM **राधा इंटरप्राइजेस, स्टेशन रोड, रायपुर, 9425504853.** (RO-370)

**आवश्यकता है-** रेडीमेट कपड़े की थोक दुकान मे कार्य करने हेतु लड़कियों की आवश्कता है जिसको कपड़े के क्षेत्र मे अनुभव हो **संपर्क नंद होजयरी डिपो जयहिंद होजयरी मार्केट पंडरी रायपुर 9243103125** (RO-533)

नोट - विज्ञापन प्रकाशन के पहले दिन ही करेक्शन मान्य होगा।

**सेल्समैन/हेल्पर**

**आवश्यकता है-** अनुभवी सेल्समैन हेल्पर और कैशियर की आवश्यकता है l **संपर्क करें - समृद्धि लेडीज फेब्रिक स्टोर शॉप नंबर 163, 164 गेट नं. 2 महालक्ष्मी मार्केट पंडरी रयपुर मो. 9111125609, 9685039844.** (RO-6896)

**ऑफिस बॉय/सफाई कर्मी**

**आवश्यकता है-** शंकर नगर ऑफिस में ऑफिस बॉय एवं गर्ल की आवश्यकता है, जो ऑफिस की साफ-सफाई व अन्य कार्यों में सहायता करें। **इच्छुक एवं योग्य व्यक्ति संपर्क करें। मोबाइल: 9300532000.** (RO-353)

**पैकेजिंग/ डिलवरी कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य, माल पैकेजिंग, डिलवरी कार्य हेतु 10वी, 12वी पास युवकों की आवश्यकता वेतन योग्यतानुसार **मिले:- डुको आर्ट शादीजा कंपाउंड** LIG-64, **बैंक ऑफ बड़ौदा के पास अवंति विहार रायपुर 99932-40022.** (RO-109)

**ऑपरेटर/सेल्समैन**

**आवश्यकता है-** सत्यम बेकरी दुर्ग भिलाई में कार्य हेतु कंप्यूटर ऑपरेटर, सेल्समैन, सॉफ्टवेयर इंजीनियर गर्ल्स/बॉय की आवश्यकता है। **संपर्क - 7000198701.** (आरो नं.-1598)

**आया/सफाई कर्मी**

**आवश्यकता है-** क्लैमेन्ट इंटरनेशनल स्कूल न्यू पुरैना, राजेन्द्र पार्क महावीर नगर रायपुर छ:ग. मे आया/ नैनी (स्कूल में छोटे बच्चों की देखरेख, भोजन कराने एवं सफाई के कार्य हेतु अनुभव को प्राथमिकता दी जाऐगी) **प्रबंधक 9021058332.** (RO-6895)

छोटा विज्ञापन बड़ा लाभ

**फील्ड/ऑफिस कार्य**

**आवश्यकता है-** फिल्ड एवं ऑफिस कार्य हेतु युवक - युवतियां स्टाफ की आवश्यकता है **संपर्क करे- तालपुरी ब्लॉक** B, 92 - C **पारिजात तालपुरी अपार्टमेंट भिलाई, दुर्ग मो. - 97520-70689, 93994-47968.** (आरो न.-771)

**आवश्यकता है-** फील्ड वर्क के लिए (साउंड सिस्टम वीडियो स्क्रीन) टेक्नीशियन 12वीं पास फ्रेशर या अनुभवी एवं फील्ड वर्क लेबर लड़कों की आवश्यकता है। रहने की व्यवस्था दी जाएगी सैलरी पांच अंको में **संपर्क यश एल. ई. डी टेक्नोलॉजी प्रा. लि. कचना रायपुर मो. 9926791401 संपर्क समय 10 AM TO 5 PM**(RO-6898)

**कुक/घरेलु कार्य**

**आवश्यकता है-** न्यू गीतांजलि नगर, रायपुर (बी टी आई के पास) में खाना बनाने और घर के काम के लिए महिला की आवश्यकता है। **संपर्क - 9752530608.** (RO-126)

**अकाउन्टेंट/ऑपरेटर**

**आवश्यकता है-** थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी अकाउंटेंट, कंप्यूटर ऑपरेटर व ट्रांसपोर्टिंग का कार्य करने हेतु व्यक्ति की आवश्यकता है **संपर्क चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29 - 30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर 9425506658, 9424200658, 9425206658.**(RO-7257)

**देखरेख**

**आवश्यकता है-** रायपुर स्थित घर की देखरेख करने 24 घंटे रहने योग्य महिला/युवती चाहिए, रहना खाना फ्री+ **वेतन. 9993707000.**(RO-406)

**ड्रायवर/गार्ड**

**आवश्यकता है-** स्कूल बस चलाने हेतु अनुभवी ड्राइवर (हैवी लाइसेंस) और लेडी कंडक्टर एवम सुरक्षा गार्ड की शीघ्र आवश्यकता है। **शिवोम विद्यापीठ, सांकरा, मो.- 9109126445.** (RO-05)

**इंजीनियर/ठेकेदार**

**आवश्यकता है-** अहिवारा स्थित फेब्रिकेशन प्लांट के लिए मैकेनिकल प्रोडक्शन क्वालिटी इंजीनियर एवं कंप्यूटर जानकर ऑफिस स्टाफ अकाउंटेंट इलेक्ट्रीशियन और फैब्रिकेशन ठेकेदार की शीघ्र आवश्यकता है **संपर्क करे:-9827978677, 7206206623.** (आरो न.-770)

**आवश्यकता है-** भवन निर्माण कार्य हेतु फ्रेशर एवं अनुभवी सिविल इंजीनियर, सिविल ऑफिस मैनेजर, सुपरवाइजर, स्टोर कीपर, ड्राइवर एवं चौकीदार की आवश्यकता है। **संपर्क मुकुट नगर पानी टंकी के पीछे, लाखे नगर रायपुर। मो. 7999496025.**(RO-404)

**ऑफिस /गोडाऊन कार्य**

**आवश्यकता है-** ऑफिस कार्य एवं गोडाउन कार्य हेतु लड़को की आवश्यकता है। बायोडाटा सहित **संपर्क करें श्री राधे कृष्णा एजेंसीस, 8 न्यु ब्लॉक फरिश्ता कॉम्प्लेक्स, रायपुर। फोन 9009449977** (RO-398)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

विज्ञापन बुकिंग टाइम
सुबह 10:30 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक

**Medical चिकित्सा**

on teeth cleaning and teeth removal Shri Shyam multi-speciality Dental Avenue. Ashoka plaza, 1st floor Ashoka ratna, Shankar Nagar, Raipur , Mob. No. 8435533000.(RO-6983)

**Business व्यापार**

**व्यापार-** जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित **संपर्क:-** APS **इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर - 8359913999, 9589288936, रायगढ़, अंबिकापुर कोरबा- 9826020603.** (RO-080)

**हरिभूमि क्लासीफाईड**

**Property प्रापर्टी**

**कृषि भूमि**

**बेचना है-डबल रोड 01.50 एकड़ कृषि भूमि नवा रायपुर, केन्द्री में। नहर रोड व धरसा रोड पर 150' एवं 400' फ्रंट @ 85 लाख/एकड़। लेवाल ही संपर्क करें - 7987504355, 7477202779.** (RO-6893)

**आवश्यक सूचना**

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।




विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

# अमेजन के बेजोस की जगह ओरेकल के एलिसन बने दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

**फोर्ब्स की सूची के अनुसार एलिसन ने एन दिन में जोड़े 26 बिलियन डॉलर**

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस अब दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति नहीं रह गए। उनकी जगह ओरेकल के लैरी एलिसन ने लिया है।

■ यह एक दिन में किसी भी अरबपति द्वारा जोड़ी गई सबसे अधिक राशि

फोर्ब्स वर्ल्ड बिलिनियर लिस्ट के अनुसार लैरी एलिसन ने अपने नेटवर्थ में 26 बिलियन डॉलर जोड़े हैं। जोकि किसी भी अरबपति के द्वारा एक दिन में जोड़ा गया सबसे अधिक पैसा है। जिसके बाद 12 जून को उनकी नेट वर्थ 243 बिलियन डॉलर हो गई है। वहीं, अमेजन के चेयरमैन जेफ बेजोस की नेटवर्थ 227 बिलियन डॉलर है।

### जेफ बेजोस 2017 में बने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति

*अमेजन के फाउंडर जेफ बेजोस 2017 में दुनिया के दूसरे सबसे अमीर व्यक्ति बन गए थे। तब उनका नेटवर्थ 75.6 बिलियन डॉलर पहुंच गया था। इस उछाल के पीछे की वजह अमेजन के शेयरों की कीमतों में तेजी को माना गया था। तब जेफ बेजोस ने वारने बफेट की जगह ली थी। एलन मस्क की बात करें तो उनकी नेटवर्थ में इस हफ्ते 191 मिलियन डॉलर का इजाफा हुआ है। बता दें, ट्रंप और मस्क के बीच रिश्ते सुधरते नजर आ रहे हैं।*


जेफ बेजोस


लैरी एलिसन

### ओरेकल के शेयर 13 फीसदी चढ़े

फॉर्ब्स की रिपोर्ट के अनुसार ओरेकल के शेयरों की कीमतों में बुधवार को 13 प्रतिशत की तेजी देखने को मिली थी। कंपनी की तरफ से जारी रिपोर्ट के अनुसार अर्निंग पर शेयर 1.70 डॉलर पहुंच गया है। वहीं, सेल्स 15.9 बिलियन डॉलर रहा है।

बता दें, जेफ बेजोस ने 8 साल के बाद अरबपतियों की लिस्ट में दूसरे स्थान को गंवाया है।

### बेजोस मेटा के मार्क से भी पिछड़े

जेफ बेजोस इस समय मेटा के चेयरमैन मार्क (239 बिलियन डॉलर) से भी पिछड़ गए हैं। बता दें, अरबपतियों की लिस्ट में नंबर एक स्थान पर इस समय भी टेस्ला के सीईओ एलन मस्क काबिज हैं। उनकी नेटवर्थ 407 बिलियन डॉलर है।

### ओरेकल के लिए शानदार रहा मई तिमाही

एलिसन की संपत्ति में इजाफा ओरेकल के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ है। मई में समाप्त हुए तिमाही में ओरेकल का नेट प्रॉफिट और रेवन्यू मार्केट के अनुमान के मुताबिक रहा है। जिसकी वजह कंपनी के शेयरों का भाव पहली बार 200 डॉलर को क्रॉस कर गया। जिसका फायदा एलिसन को भी मिला है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सबसे अधिक नुकसान में एचडीएफसी बैंक




**नई दिल्ली।** स्थानीय शेयर बाजार में सुस्ती के रुख के बीच बीते सप्ताह सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से आठ के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 1,65,501.49 करोड़ रुपये की गिरावट आई। पिछले सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 1,070.39 अंक या 1.30 प्रतिशत टूट गया।

भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर सुब्बाराव ने कहा

# भारत आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा; पर नौकरी, सुधारों के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

*भारतीय रिजर्व बैंक के पूर्व गवर्नर डी सुब्बाराव ने कहा है कि नरेन्द्र मोदी सरकार के 11 साल के कार्यकाल के दौरान मजबूत आर्थिक वृद्धि, राजकोषीय स्थिति और महंगाई दर में नरमी के साथ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है, लेकिन अच्छी नौकरी सृजित करने, विनिर्माण और अगली पीढ़ी के सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं है।*


प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अगुवाई में 2014 में जब राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार सत्ता में आई थी, उस समय आर्थिक वृद्धि धीमी थी, महंगाई बढ़ी हुई थी, डॉलर के मुकाबले रुपये की विनिमय दर अस्थिर थी और राजकोषीय तथा चालू खाते का घाटा ऊंचा बना हुआ था तथा फंसे कर्ज की समस्या थी।

### मुद्रास्फीति नरम, रुपया स्थिर

सुब्बाराव ने कहा, ''आज, 11 साल बाद, आर्थिक वृद्धि मजबूत है, मुद्रास्फीति नरम हुई है, रुपया स्थिर है, बाह्य क्षेत्र मजबूती दिखा रहा है, राजकोषीय स्थिति बेहतर है और फंसे कर्ज की समस्या समाप्त हो गयी है। हालांकि, शुल्क बाधाओं और बिगड़ते भू-राजनीतिक तनावों से कई वैश्विक बाधाएं और अनिश्चितताएं उत्पन्न हुई हैं, बावजूद इसके भारत एक आर्थिक शक्ति के रूप में उभर रहा है जो महत्वपूर्ण है।''

### आज हम चार ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था

सुब्बाराव ने कहा, ''पिछले 11 वर्षों में यह एक उल्लेखनीय बदलाव है, यह खुशी का कारण है, लेकिन जश्न मनाने का नहीं...। अन्य बातों के साथ हम रोजगार, विनिर्माण और आर्थिक सुधारों को आगे बढ़ाने में विफल रहे हैं।' एक सवाल के जवाब में सुब्बाराव ने कहा, निश्चित रूप से जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) बढ़ रही है, और हम आगे बढ़े हैं। आज हम चार ट्रिलियन (4,000 अरब डॉलर) की अर्थव्यवस्था हैं।



■ भारत आज आर्थिक शक्ति के रूप में उबर रहा

■ सुधारों को आगे बढाने के मोर्चे पर स्थिति अच्छी नहीं

■ आज 11 साल बाद आर्थिक स्थिति मजबूत बनी हुई है

### 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं

वहीं संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (संप्रग) सरकार के 10 साल (2004-14) में वृद्धि दर औसतन 6.7 प्रतिशत (नई श्रृंखला के तहत) और मुद्रास्फीति लगभग 8.1 प्रतिशत थी। रोजगार की स्थिति के बारे में पूछे जाने पर वर्ष 2008 से 2013 तक आरबीआई के गवर्नर रहे सुब्बाराव ने कहा, ''...पिछले 11 साल में रोजगार में कोई सुधार नहीं हुआ है।

### मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत पर स्थिर

उल्लेखनीय है कि अर्थव्यवस्था का प्रमुख पैमाना आर्थिक वृद्धि और मुद्रास्फीति होती है। पिछले 11 साल में अगर मोदी सरकार के कार्यकाल में औसत वास्तविक वृद्धि दर (कोविड महामारी 2020-21 में आर्थिक वृद्धि में गिरावट के बावजूद) 6.2 प्रतिशत, जबकि मुद्रास्फीति पांच प्रतिशत रही है।

### हम आज भी पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था

जब मोदी सरकार ने सत्ता संभाली थी तब हम 11वें स्थान पर थे। आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं। हम इस साल चौथी सबसे बड़ी और 2027 में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएंगे। उन्होंने कहा, ''लेकिन जीडीपी सिर्फ एक पैमाना है। आप जानते हैं, हम एक बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, हमारी आबादी 1.4 अरब है।

### हम अब भी एक गरीब देश

लेकिन सचाई है कि प्रति व्यक्ति आय के हिसाब से, हम अब भी एक गरीब देश हैं, जो किसी देश की बेहतरी का एक मापदंड है। प्रति व्यक्ति आय लगभग 2,800 डॉलर (2,878 डॉलर) है, हम इस मामले में 136वें (196 देशों में) स्थान पर हैं। हम ब्रिक्स में सबसे गरीब हैं। हम जी-20 में सबसे गरीब हैं। और हमारे पास दुनिया के किसी भी अन्य देश की तुलना में अधिक गरीब लोग हैं।''

# नीट यूजी रिजल्ट 2025- एलन रायपुर से 7 छात्र टॉप 5000 में

■ एलन रायपुर ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की




**रायपुर।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से घोषित नेशनल इलेजिब्लिटी कम एंट्रेंस टेस्ट (नीट-यूजी 2025) के रिजल्ट्स में एलन रायपुर ने एक बार फिर श्रेष्ठता साबित की है।

एलन रायपुर सेंटर हेड कुणाल सिंह ने बताया कि नीट यूजी 2025 में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट रायपुर के स्टूडेंट्स ने देश में टॉप रैंक के साथ बड़ी संख्या में गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एडमिशन सुनिश्चित किया है। अभी तक प्राप्त जानकारी के अनुसार एलन रायपुर के ऋषभ अग्रवाल ने आल इंडिया रैंक 1272, ऋषव पांडा ने एआईआर 2066, आशना गुप्ता ने एआईआर 2625 रैंक प्राप्त की है। एलन रायपुर से टॉप 3000 में तीन स्टूडेंट्स, टॉप 5000 में सात एवं टॉप 15,000 में 18 स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है। दुर्लभ शर्मा ने एआईआर 3070, अनिकेत साहू ने एआईआर 3156, यशस्विनी श्रीवास्तव ने एआईआर 3472, कृष्णा सोनी ने एआईआर 4511, लक्ष्य चंद्राकर ने एआईआर 5311, साहिल अली ने एआईआर 6233, वेदांता गोयल ने एआईआर 6605, पाण्डव कुमार रखरीआ ने एआईआर 8491, संचित सोनी ने एआईआर 8502 और स्नेहा गंजड़र ने एआईआर 9963 आल इंडिया रैंक हासिल की है। ये सभी एलन

■ रायपुर से ऋषभ अग्रवाल ने 1272 रैंक प्राप्त की

रायपुर के रेगुलर क्लासरूम स्टूडेंट हैं। नेशनल रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि परिणामों में एलन के क्लासरूम कोर्स के स्टूडेंट मृणाल ने आल इंडिया रैंक-04 प्राप्त की है। इसके साथ ही टॉप-10 में चार स्टूडेंट्स ने स्थान प्राप्त किया है। इसमें केशव मित्तल ने आल इंडिया रैंक 07, भव्य चिराग झा ने आल इंडिया रैंक 08 प्राप्त की, ये तीनों एलन के क्लासरूम स्टूडेंट है तथा आरव अग्रवाल ने आल इंडिया रैंक 10 प्राप्त की है जो कि दूरस्थ शिक्षा से एलन से जुड़े हैं। एलन के निदेशक डॉ. गोविन्द माहेश्वरी, राजेश माहेश्वरी, डॉ. नवीन माहेश्वरी व डॉ. बृजेश माहेश्वरी ने सभी सफल स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। सीईओ नितिन कुकरेजा ने बताया कि गुणवत्ता के साथ-साथ संख्या की दृष्टि से भी एलन के परिणाम बेहतर रहे हैं। परिणाम देखे जाने तक बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ऐसे सामने आ रहे हैं, जिनका प्रवेश गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस के लिए सुनिश्चित माना जा रहा है।

### श्रेष्ठ परिणाम दे रहा

*सीईओ कुकरेजा ने कहा कि एलन श्रेष्ठता में विश्वास रखता है। श्रेष्ठ माहौल, श्रेष्ठ फैकल्टीज और श्रेष्ठ स्टूडेंट्स के साथ एलन श्रेष्ठ परिणाम दे रहा है। मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम्स में गत 16 वर्षों में एलन के 13 क्लासरूम स्टूडेंट्स ने आल इंडिया रैंक 1 हासिल की है। वर्ष 2024 के परिणामों के बाद चिकित्सा शिक्षा के लिए देश के श्रेष्ठ संस्थान माने जाने वाले एम्स इंस्टीट्यूट्स में प्रवेश लेने वाला हर चौथा स्टूडेंट एलन से था। इसके साथ ही गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेजों में 10,450 से अधिक स्टूडेंट्स चयनित हुए थे।*

### ऑथेंटिसिटी में विश्वास

*सीईओ ने कहा कि एलन रिजल्ट्स की ऑथेंटिसिटी में भी विश्वास रखता है और इसे बरकरार रखने के लिए अपने रिजल्ट्स को देश की बड़ी ऑडिट फर्म ई-वाई इंडिया से वैलिडेट करवाया है। उल्लेखनीय है कि जेईई-एडवांस्ड-2025 के परिणामों में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट के क्लासरूम स्टूडेंट राजित गुप्ता ने आल इंडिया टॉप किया। टॉप-10 में 4 और टॉप-100 में 46 स्टूडेंट्स एलन से रहे।*

# ईरानी मिसाइल हमलों से अदाणी का हाइफा बंदरगाह अप्रभावित



एजेंसी ⏭ जेरुशलम

■ परिचालन सामान्य रूप से चल रहा

■ बंदरगाह में अभी आठ जहाज

इजराइल में अदाणी समूह के हाइफा बंदरगाह को ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से कोई नुकसान नहीं हुआ, और परिचालन सामान्य रूप से चल रहा है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

इस सप्ताह की शुरुआत में ईरान के परमाणु और अन्य लक्ष्यों पर तेल अवीव के हमले के जवाब में शनिवार की देर रात ईरान ने इजराइल के हाइफा बंदरगाह और पास की एक तेल रिफाइनरी को निशाना बनाया। इस मामले से अवगत दो सूत्रों ने कहा कि बंदरगाह पर रासायनिक टर्मिनल में शार्पनेल गिरे और कुछ अन्य प्रक्षेपास्त्र तेल रिफाइनरी में गिरे। उन्होंने दावा किया कि कोई हताहत नहीं हुआ। हालांकि, हमले से अदाणी का बंदरगाह प्रभावित नहीं हुआ। एक सूत्र ने कहा, ''बंदरगाह में अभी आठ जहाज हैं, माल ढुलाई सामान्य है।''

सूत्रों ने दावा किया कि ईरानी बैलिस्टिक मिसाइल हमले से बंदरगाह या इसके संचालन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। अदाणी समूह ने इस मुद्दे पर तुरंत कोई टिप्पणी नहीं की। टिप्पणी के लिए इजराइल सरकार के अधिकारियों से तुरंत संपर्क नहीं किया जा सका।

### आयात का 30 फीसदी से अधिक संभालता है

हाइफा बंदरगाह एक महत्वपूर्ण समुद्री केंद्र के रूप में कार्य करता है, जो इजराइल के आयात का 30 प्रतिशत से अधिक संभालता है। इसका स्वामित्व अदाणी पोर्ट्स के पास है, जो 70 प्रतिशत हिस्सेदारी को नियंत्रित करता है।

# क्रिप्टो करेंसी से आय अब सीबीडीटी की जांच के घेरे में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली



क्रिप्टो करेंसी से होने वाली आय अब आयकर विभाग की जांच के घेरे में है। विभाग ने हजारों ऐसे व्यक्तियों को ई-मेल भेजा है, जिन्होंने क्रिप्टो करेंसी का लेनदेन किया है, लेकिन अपने रिटर्न में इससे होने वाली आय का उल्लेख नहीं किया है। ये लेनदेन आकलन वर्ष 2023-24 और 2024-25 से संबंधित हैं। केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) को उन कुछ 'उच्च जोखिम'' वाले लोगों पर कर चोरी और धनशोधन में शामिल होने का संदेह है, जो संभावित रूप से 'बेहिसाब'' आय का उपयोग आभासी डिजिटल परिसंपत्तियों (वीडीए) यानी क्रिप्टो करेंसी में निवेश करने के लिए कर रहे हैं।

# उत्तर प्रदेश के दशहरी आम का दुबई को सीधा निर्यात

■ वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा आम



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार के कृषि निर्यात को बढ़ावा देने के प्रयासों के तहत 1,200 किलोग्राम दशहरी आम (400 बक्से, प्रत्येक का वजन तीन किलोग्राम) हवाई मार्ग से दुबई भेजा गया है। रविवार को एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान के मुताबिक आया तक कंपनी वरग्रो ट्रेडिंग एल एल सी, दुबई, यूएई है और भेजे गए आम का कुल मूल्य 2,992 अमेरिकी डॉलर है, जो उत्तर प्रदेश के आम उत्पादकों को वैश्विक बाजार में नई पहचान दिला रहा है। प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने खेप को दुबई के लिए हरी झंडी दिखाई। इन्डो-जर्मन एएमडी प्रोजेक्ट के अंतर्गत लखनऊ क्षेत्र से चयनित तीन एफपीओ को कृषि निर्यात का प्रशिक्षण देकर उनकी क्षमता का विकास किया गया।

# गरुड़ एयरोस्पेस ने चेन्नई में कृषि-ड्रोन निर्माण संयंत्र लगाया

**चेन्नई।** ड्रोन विनिर्माता गरुड़ एयरोस्पेस ने कल-पुर्जों सहित अत्याधुनिक मानव रहित हवाई प्रणाली को डिजाइन और विनिर्माण के लिए शहर के पास एक कृषि-ड्रोन संयंत्र लगाया है। यह संयंत्र पूरी तरह स्वदेशी तकनीक पर आधारित है।

यह संयंत्र अपनी तरह का पहला कदम है, जो चेन्नई के पास स्थित गरुड़ एयरोस्पेस की मौजूदा विनिर्माण इकाई की क्षमता को बढ़ाता है और ड्रोन विनिर्माण को आगे बढ़ाने की दिशा में एक बड़ी छलांग है। संयंत्र में उत्पादित उत्पादों में सात उप-प्रणालियां (मानव रहित हवाई प्रणाली की), 33 कलपुर्जे शामिल हैं।



शहर के पास थलांबूर में 35,000 वर्ग फुट में फैली इस अत्याधुनिक संयंत्र का उद्घाटन बृहस्पतिवार को केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान ने किया। गरुड़ एयरोस्पेस ने देश भर में विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों और उद्योग भागीदारों के सहयोग से स्थापित 300 उत्कृष्टता केंद्र भी शुरु किये हैं।

HMS साईटिका तेल
शिव सायटिका — सिरप, कैप्सुल व ऑयल उपलब्ध है
लकवा, कमर दर्द, गर्दन दर्द, सायटिका, गठियावात, हड्डीदर्द, झुनझुनी वात, घुटनों का दर्द एवं सभी प्रकार के वात रोग, मोच, सूजन एवं मुठमार दर्द, एड़ी दर्द एवं सभी प्रकार के मांसपेशियों, नाड़ियों जैसे पोलियो अर्द्धांगवात, अस्थिभगन, अस्थि शूल, टूटी हुई हड्डी व कमजोर हड्डीयों को मजबूती प्रदान करता है, रक्त में संचार बढ़ा कर अस्थियों को क्रियाशील बनाता है
सीला मलहम®
अंदर की खुजली व बदबू के लिये, चिंगार पानी, शिला, छितरी सफेद दाग, पुरानी खुजली एवं शरीर में जलन तथा मिठी खुजली में केवल तीन दिनों में असर देखें ....
HMS देखकर खरीदें 94060-21769

हरिभूमि HEALTH CARE — छत्तीसगढ़ के मेडिकल विशेषज्ञ

डॉ. राठौर चेस्ट क्लिनिक — सुविधाएं: पी.एफ.टी. ब्रांकोस्कोपी स्लीप स्टडी — दमा, टी.बी., छाती एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ — गरचा कॉम्प्लेक्स, कचहरी चौक, जेल रोड, रायपुर, मो. 7999450384, 7042974029, समय : दोपहर 2.00 बजे से शाम 7.00 बजे तक (रविवार अवकाश) — स्पेशलिस्ट : खासी, श्वांस, दमा, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी फेफड़े का कैंसर, खर्राट व नींद

अहलूवालिया हॉस्पिटल — नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर — 0771-4050006, 8103128515 — डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO — डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S. — नाक,कान, गला विभाग: सिर, मुख एवं गले का कैन्सर। ऑपरेशन द्वारा इलाज, नाक की प्लास्टिक सर्जरी, चक्कर की जॉच, एलर्जी — Dental & Consmetic Treatments: टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना, दांतो की नसों का इलाज, दांतों की सफाई व चमकाना, दंत प्रत्यारोपण, मुंह के कम खुलने का इलाज, (Hearing Aids) सुनाई मशीन

डॉ. जाऊलकर — काम, नाक, गला, एलर्जी एवं वर्टिगो (चक्कर), कोअब्लेशन एवं लेजर सर्जरी हॉस्पिटल — ई.एन.टी. हॉस्पिटल (ISO 9001-2000 Certified) — सेन्ट्रल एवेन्यू चौबे कालोनी प्रगति कॉलेज रायपुर (छ.ग.) — फोन: 0771-4044551 — समय: सुबह 9.30 से 4.30 तक

निवेद चेस्ट & आई केयर — उपलब्ध सुविधायें: एलर्जी, अस्थमा, निमोनिया, फिजीयॉथेरेपी, धुम्रपान नियंत्रण, स्लिप स्टडी और आईसीयू केयर — आई केयर सुविधायें: मोतियाबिंद, काला मोतिया, डायबिटिक रेटिनॉपैथी और मेडिकल रेटिना — डॉ. देवी ज्योति दास M.D. DNB PULMONARY MEDICINE (DELHI) (Gold medalist) — डॉ. नमित नंदे MS Ophthalmology — 24, Central Avenue, Ground Floor, Below SBI Personal Banking Branch, Choubey Colony, Raipur (C.G.), Mob.: 0711-4337888,7697752001

अग्रवाल हॉस्पिटल (मल्टीस्पेशियेलिटी सेन्टर) — उपलब्ध विशेषताएं: लेप्रोस्कॉपिक एवं जनरल सर्जरी, जनरल मेडीसीन, ऑर्थोपेडिक्स, जोड़ प्रत्यारोपण सर्जरी, ऑन्कोलॉजी (सर्जिकल), गायनेकोलॉजी — जी.ईरोड, आर.के.सी. कॉम्पलेक्स के सामने, रायपुर (छ.ग. 492001) — फोन: +91-0771-4088107/108, ईमरजेंसी नंबर 9109187755, डॉ. राजन अग्रवाल - 9329101037 — लेप्रोस्कॉपिक सर्जरी में सभी प्रकार की हार्निया, अपेन्डिक्स, पित की थैली, बच्चादानी आदि से संबंधित ऑपरेशन सभी तरह की कैंसर सर्जरी एवं कीमोथेरेपी की सुविधा उपलब्ध — OPD समय - शाम 4 से 6 बजे

सिंघानिया स्किन केयर — सभी प्रकार के स्किन एवं बाल संबंधी समस्याओं का निदान, मुंहासे, झांई, झुर्रियों का इलाज, अनचाहे बालों हेतु लेजर ट्रीटमेंट — 36, प्रथम तल, गुरूकुल कॉम्प्लेक्स कालीबाड़ी, रायपुर 0771-4053311 — Email:bsinghania111@yahoo.co.in — Makeover Skin, Hair & Aesthetic Centre — रानी सती मंदिर के पास, केनाल लिंकिंग रोड, रवीनगर, राजातालाब, रायपुर — मो. 94252-14479, 0771-4020411 — www.makeoverraipur.com — त्वचा व बाल संबंधी समस्याओं का इलाज

अष्टविनायक हॉस्पिटल — बच्चों के सभी ऑपरेशन किये जाते हैं। — * आयुष्मान कार्ड / राशन कार्ड द्वारा ऑपरेशन संभव * — बच्चों के विशेषज्ञ सर्जन डॉ. रितेश रंजन (MCH, पीडियाट्रिक सर्जन) — आमा सिवनी, विधानसभा रोड, रायपुर (छ.ग.) 7987225800, 9301744425

प्रभा मनोचिकित्सा क्लिनिक — मनोरोग नशा उन्मूलन एवं यौन रोग विशेषज्ञ — मो. 9977247553 — नया पता : शॉप नं. 119, प्रथम तल, लालगंगा मिडास, फाफाडीह, रायपुर — समय : सुबह 11.00 से शाम 5.00 बजे तक — सिरदर्द, मिर्गी, मानसिक तनाव, घबराहट, असामान्य व्यवहार, डिप्रेशन, शीर्ष पतन, आदि, हर माह के प्रथम रविवार को कवर्धा में 12.00 से 4.00 एवं 8.30 से 10.30 बेमेतरा में

श्रीराम किंकर मेडीकल इंस्टीट्यूट — डॉ. नवनीत जैन एम.एस.- एडवांस लेप्रोस्कोपी एवं जनरल सर्जन (गोल्ड मेडलिस्ट) — डॉ. करूणा जैन एम.डी.- प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ — लिली चौक, रायपुर - 492001 — फोन : 0771-2536521, मो. 9329103589

डायबिटिक क्लीनिक — Dr. Satyajeet Sahu Advance Dibetes & Thyroid care centre — Diabetic Clinic — डायबिटीज / शुगर संबंधी सभी समस्याएं, थायराइड, मोटापा, प्रेग्नेंसी डायबिटिस, फुलबॉडी चेकअप, डायबिटिक सेक्स रोग, नसों की सुन्नता। — Appointments No. 7724035770, 9329004557, 9303724304 — 17, गुरूकुल कॉम्पलेक्स, कालीबाड़ी रायपुर, समय - सुबह 10 से 5, शाम 6 से रात 9 बजे तक

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 7987119756, 9303508130

डॉ. मनोज अग्रवाला — एमडी (सीएमसी वेल्लोर) (गोल्ड मेडलिस्ट) — स्किन क्लिनिक — सेवाएं: मुहासें, सोरासिस, स्किन एलर्जी, पिगमेंटेशन, विटिलियो / ल्यूकोडरमा, पीआरपी थेरेपी, एलोपेसिया, अर्टीकेरिया, फंगल इंफेक्शन, टेली कंसल्टेशन, लेजर थेरेपी — चौबे कॉलोनी, रायपुर (छत्तीसगढ़) 0771-4003777, 77778-76292

# सीसीपीएल फाइनल का रोमांच धुला, लीग में अमनदीप के बल्ले और अजय ने गेंदबाज़ी से मचाई धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग फाइनल मुकाबला बारिश की भेंट चढ़ गया। रायपुर राइनोज और राजनांदगांव पैंथर्स के बीच खेले जाने वाला यह महामुकाबला दर्शकों की भारी उम्मीदों के बावजूद शुरू नहीं हो सका। मैच शाम 5 बजे शुरू होना था और टॉस भी समय पर कर लिया गया था, लेकिन इसके तुरंत बाद तेज बारिश ने खेल को रोक दिया। लगातार बारिश के कारण मैदान खेलने लायक नहीं रह गया। रात 9 बजे तक बारिश थमने की प्रतीक्षा की गई, लेकिन जब मैदान में पानी भरने लगा और हालात सामान्य नहीं हो सके, तब आयोजकों ने दोनों टीमों को संयुक्त विजेता घोषित कर दिया। फाइनल को देखने के लिए करीब 10,000 से अधिक दर्शक शहीद वीर नारायण सिंह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम




पहुंचे थे। इनमें से कई दर्शक 3 से 4 घंटे तक मैदान में बारिश रुकने का इंतजार करते रहे, लेकिन मौसम ने किसी को मौका नहीं दिया।

आयोजकों ने स्पष्ट किया कि लीग मैचों और फाइनल के लिए रिजर्व डे नहीं रखा गया था, जिससे विकल्प सीमित हो गए। बारिश से भले ही क्रिकेटप्रेमी मायूस हुए हों, लेकिन विजेता ट्रॉफी वितरण का पल खास रहा। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, खेल मंत्री टंक राम वर्मा, बीसीसीआई उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला और बीसीसीआई कोषाध्यक्ष प्रभतेज भाटिया की उपस्थिति में दोनों टीमों को संयुक्त रूप से विजेता ट्रॉफी प्रदान की गई। इस मौके पर रायपुर राइनोज के कप्तान अमनदीप खरे और राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल ने मिलकर ट्रॉफी उठाई। इस दौरान स्टेडियम में जमकर आतिशबाजी हुई, जो आकर्षण का केंद्र रहा।

### टॉप बैटर लिस्ट में रायपुर के दो खिलाड़ियों का दबदबा

*छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग के दूसरे सीजन में रायपुर राइनोज के खिलाड़ियों का शानदार प्रदर्शन देखने को मिला। टॉप बैटर लिस्ट में रायपुर के दो खिलाड़ियों ने अपनी जगह बनाई है। लीग के टॉप स्कोरर बने रायपुर राइनोज के कप्तान अमनदीप खरे, जिन्होंने पूरे टूर्नामेंट में जबरदस्त बल्लेबाज़ी करते हुए 318 रन बनाए और पहले स्थान पर रहे। उनके ठीक पीछे राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल रहे, जिन्होंने 295 रन बनाए। तीसरे स्थान पर बस्तर बायसन के शशांक चंद्रकार ने 246 रन बनाकर जगह बनाई। चौथे नंबर पर बिलासपुर बुल्स के आयुष पांडेय भी 246 रन के साथ मौजूद रहे। पांचवें नंबर पर एक बार फिर रायपुर राइनोज के अनुज तिवारी ने 223 रन बनाकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।*

### राजनांदगांव की गेंदबाजी में दमदार प्रदर्शन

इस सीजन में गेंदबाजी के क्षेत्र में सबसे ज़्यादा प्रभाव छोड़ा राजनांदगांव पैंथर्स के कप्तान अजय मंडल ने, जिन्होंने केवल छह मैचों में ही 11 विकेट चटकाए और टूर्नामेंट के टॉप बॉलर बने। अजय मंडल की अगुवाई में राजनांदगांव पैंथर्स की गेंदबाजी यूनिट ने पूरे टूर्नामेंट में दमदार प्रदर्शन किया। टीम के तेज गेंदबाज आदित्य सिंह ने भी अपने कप्तान का बखूबी साथ निभाया और 9 विकेट झटके। वहीं, ऐश्वर्य मार्या ने भी सटीक लाइन और लेंथ से विपक्षी बल्लेबाजों को बांधे रखा और 8 विकेट अपने नाम किए। बस्तर बायसन की ओर से वी. तिवारी और शौरभ मजूमदार ने भी बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए 8-8 विकेट हासिल किए, लेकिन पूरी प्रतियोगिता के दौरान गेंदबाजी में सबसे ज़्यादा संतुलन और धार राजनांदगांव पैंथर्स की टीम में देखने को मिली।

## खबर संक्षेप




### इंटर और अल आहली ने खेला गोल रहित ड्रॉ

**मियामी गार्डन्स।** लियोनल मेसी अतिरिक्त समय में लंबी दूरी से मारे शॉट पर गोल करने में नाकाम रहे जिससे उनकी टीम इंटर मियामी और मिस्र के अल आहली के बीच क्लब विश्व कप का पहला मैच गोल रहित ड्रॉ रहा। अर्जेन्टीना के आठ बार के बेलोन डिओर पुरस्कार विजेता मेसी ने शनिवार रात हुए मुकाबले में अंतिम लम्हों में दाएं छोर पर लंबी दूरी से शॉट मारा लेकिन विरोधी गोलकीपर मोहम्मद एलशेनावी ने गोता लगाते हुए उनके प्रयास को नाकाम कर दिया। एलशेनावी के हाथ से छूने के बाद गेंद क्रॉसबार से टकराकर बाहर चली गई।

### मानसी खेलेगी जूनियर एशियाई चैंपियनशिप

**नई दिल्ली।** कैडेट विश्व चैंपियन मानसी लाठेर ने रविवार को महिलाओं के 68 किग्रा वर्ग में



ट्रायल जीतकर किर्गिस्तान के बिश्केक में पांच से 13 जुलाई तक होने वाली अंडर-20 एशियाई चैंपियनशिप के लिए अपनी जगह पक्की की। इस साल मार्च में सीनियर एशियाई चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली मानसी ने फाइनल में दिल्ली की सृष्टि को हराया।

### डीपीएल का विस्तार करने की योजना

**नई दिल्ली।** दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ के निदेशक श्याम सुंदर शर्मा ने कहा कि दिल्ली प्रीमियर लीग टी20 टूर्नामेंट के दूसरे सत्र में टीमों की संख्या बढ़ाकर आठ करने की योजना है। डीपीएल का उद्घाटन सत्र पिछले साल आयोजित किया गया था, जिसमें छह टीमों ने दिल्ली के विभिन्न क्षेत्रों का प्रतिनिधित्व करते हुए फ्रेंचाइजी आधारित टूर्नामेंट में भाग लिया था। शर्मा ने कहा, 'डीपीएल में भाग लेने वाले कुल 14 क्रिकेटर आईपीएल का हिस्सा बने हैं। इनमें दिग्वेश राठी, आयुष बदोनी और प्रियांश आर्य जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।'

### भारत को प्रो लीग में मिली लगातार छठी हार

**एंटवर्प।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम का एफआईएच प्रो लीग के यूरोपीय चरण में खराब प्रदर्शन जारी रहा और रविवार को उसे ऑस्ट्रेलिया से 2-3 से हार का सामना करना पड़ा। भारत पहले ही नीदरलैंड और अर्जेंटीना से मैच हार चुका है। यह सभी मुकाबले हालांकि करीबी रहे थे। अपना 400वां मैच खेलने वाले पूर्व भारतीय कप्तान मनप्रीत सिंह अपनी टीम को प्रेरित करने में असफल रहे। भारत के लिए संजय (तीसरे मिनट) और दिलप्रीत सिंह (36वें मिनट) ने गोल किए, जबकि ऑस्ट्रेलिया के लिए टिम ब्रैंड (चौथे), ब्लैक गोवर्स (पांचवें) और कूपर बर्न्स (18वें मिनट) ने गोल किए। भारतीय टीम अब 21 जून को बेल्जियम के खिलाफ खेलेगी।

### टेस्ट मैच से पहले भारत और भारत-ए टीम के बीच हो रहा मुकाबला

# सरफराज ने अभ्यास मैच में जड़ा शतक बुमराह-अर्शदीप को नहीं मिला विकेट

एजेंसी ▶▶| बेकेनहैम

इंग्लैंड के खिलाफ अहम मुकाबले से पूर्व भारतीय खिलाड़ी बेकेनहैम में एक चार दिवसीय इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच खेल रहे हैं। जहां इंडिया ए की तरफ से शिरकत करते हुए सरफराज खान ने शतक जड़ सबको अपना दीवाना बना दिया है। इंडिया की तरफ से मिले 459 रनों के जवाब में इंडिया ए के खिलाड़ी भी जबर्दस्त लय में नजर आए। जसप्रीत बुमराह और अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

हालांकि, जिस खिलाड़ी ने सर्वाधिक लोगों को प्रभावित किया वह सरफराज खान थे। अपनी टीम इंडिया ए के लिए उन्होंने 76 गेंदों का सामना किया। इस बीच 101 रनों की नाबाद धमाकेदार शतकीय पारी खेलने में कामयाब रहे। इस दौरान उनके बल्ले से क्रिकेट प्रेमियों को 15 चौके और दो गगनचुंबी छक्के देखने को मिले। दूसरे बल्लेबाजों को भी अभ्यास का मौका मिले, इसके लिए वह रिटायर्ड आउट होकर पवेलियन लौटे।

### ईशान किशन चमके

इंडिया ए की तरफ से लक्ष्य का पीछा करते हुए ईशान किशन का बल्ला भी जमकर चल रहा है। अपनी टीम की तरफ से वह दिन का खेल समाप्त होने तक 45 रन बनाकर नाबाद हैं। गेंदबाजी में रंग जमाने वाले शार्दुल ठाकुर का भी बल्लेबाजी में रंग देखने को मिल रहा है। वह नाबाद 19 रन बनाकर किशन का बखूबी साथ दे रहे हैं। टीम का स्कोर छह विकेट के नुकसान पर 299 रन है।



### सरफराज की दावेदारी मजबूत

*इंग्लैंड लायंस के बाद अब इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में सरफराज की तूफानी पारी को देख चयनकर्ता भी उनके नाम पर विचार करने को मजबूर हो गए हैं। 27 वर्षीय क्रिकेटर ने बेहद मजबूती के साथ अपनी दावेदारी को ठोकी है। वार्म-अप मैच से पूर्व सरफराज ने इंग्लैंड लायंस के खिलाफ अनाधिकारिक टेस्ट मैच में 92 रन बनाए थे।*

### बुमराह को नहीं मिली सफलता


इंग्लैंड दौरे पर टीम इंडिया को जसप्रीत बुमराह से काफी उम्मीद है। मगर दूसरे दिन की समाप्ति तक वह अपने सात ओवरों के स्पेल में एक भी विकेट चटका नहीं पाए हैं, जो कि टेंशन वाली बात है। गेंदबाजी के दौरान इंडिया की तरफ शिरकत कर रहे तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज और प्रसिद्ध कृष्णा क्रमशः दो-दो विकेट चटकाने में कामयाब हुए हैं। अर्शदीप सिंह को कोई सफलता हाथ नहीं लगी है।

### सुदर्शन ने बनाए 38 रन

आईपीएल में धमाकेदार प्रदर्शन करने वाले युवा स्टार साईं सुदर्शन का प्रदर्शन इंट्रा-स्क्वाड वार्म-अप मैच में मिला जुला रहा। टीम के लिए वह 38 रन बनाने में कामयाब रहे। उनके अलावा अभिमन्यु ईश्वरन ने 39 रनों का योगदान दिया। पारी का आगाज करते हुए ऋतुराज गायकवाड़ बिना खाता खोले आउट हुए।

### टेनिस

# मेडिसन कीज सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर से हारी




एजेंसी ▶▶| लंदन

दुनिया की आठवें नंबर की खिलाड़ी मेडिसन कीज को क्वींस क्लब टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में 37 वर्षीय क्वालीफायर तात्याना मारिया के खिलाफ सीधे सेट में हार का सामना करना पड़ा।

दो बच्चों की मां जर्मनी की मारिया ने दूसरी वरीय कीज को 6-3, 7-6 से हराया। दुनिया की 86वें नंबर की खिलाड़ी मारिया की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन कीज के खिलाफ चार मुकाबलों में यह पहली जीत है।

मारिया 2020 के बाद से डब्लूटीए टूर पर फाइनल में जगह बनाने वाली सबसे अधिक उम्र की खिलाड़ी हैं। सेरेना विलियम्स ने 2020 में 38 साल की उम्र में ऑकलैंड क्लासिक जीता था। मारिया ने कहा, 'आपको हमेशा आगे बढ़ते रहना चाहिए।

आप कभी नहीं रुक सकते, इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि क्या हो रहा है। मुझे टेनिस खेलना पसंद है। मुझे यह खेल पसंद है और हम इन खास पलों के लिए जीते हैं।' शीर्ष वरीय झेंग किनवेन भी टूर्नामेंट में बाहर हो गईं। उन्हें अमेरिका की अमांडा अनिसिमोवा ने 6-2, 4-6, 6-4 से हराया।

### विश्व कप चयन

# गाथा, शरवारी, पृथिका ने जीते ट्रायल, अभिषेक और अतनु चूके



एजेंसी ▶▶| पुणे

तीरंदाजी विश्व कप चरण चार और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल में उलटफेर देखने को मिला जब अनुभवी अभिषेक वर्मा और तीन बार के ओलंपियन अतनु दास टीम में जगह बनाने से चूक गए। तीन किशोर सहित चार खिलाड़ियों ने पहली बार टीम में जगह बनाई। बेहतरीन प्रदर्शन करने वालों में महाराष्ट्र की 15 वर्षीय गाथा खडके और शरवारी शेंडे शामिल थीं जिन्होंने चार सदस्यीय महिला रिकर्व टीम में जगह बनाई। ये दोनों अनुभवी दीपिका कुमारी और अंकिता भकत से पीछे रहीं।

क्रमशः युवा और कैडेट विश्व चैंपियनशिप में भी भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली शरवारी और गाथा ने दुनिया की पूर्व नंबर एक दीपिका (तीसरे) और अंकिता (चौथे) को पछाड़कर क्वालीफिकेशन दौर में शीर्ष दो स्थान हासिल किए थे। हालांकि एलिमिनेशन दौर में दीपिका ने गाथा को पछाड़ दिया और 16.5 अंक के साथ ट्रायल में शीर्ष पर रहीं। अंकिता (13.75), गाथा (13) और शरवारी (11.75) ने टीम में अन्य तीन स्थान हासिल किए।

### टीम इस प्रकार हैं:


रिकर्व पुरुषः धीरज बोम्मदेवरा, नीरज चौहान, राहुल सिंह और तरुणदीप राय
रिकर्व महिलाएंः दीपिका कुमारी, अंकिता भकत, गाथा खडके और शरवारी शेंडे
कंपाउंड पुरुषः अमन सैनी, प्रथमेश फुगे, ऋषभ यादव और प्रियांश।
कंपाउंड महिलाएंः ज्योति सुरेखा वेन्नम, परनीत कौर, पृथिका प्रदीप और चिकिथा तानीपार्थी।

### 0.5 अंक से चूके अतनु, पहली बार टीम में राहुल

अतनु सिर्फ 0.5 अंक से पुरुष रिकर्व में चयन से चूक गए। सेना के 20 वर्षीय तीरंदाज राहुल सिंह ने 13.5 अंक के साथ पहली बार टीम में जगह बनाई। वह नीरज चौहान (15) और धीरज बोम्मादेवरा (17) के पीछे तीसरे स्थान पर रहे। कंपाउंड वर्ग में सबसे बड़ा झटका विश्व नंबर सात अभिषेक वर्मा, 2023 विश्व चैंपियन ओजस देवताले और चरण दो के स्वर्ण पदक विजेता मधुरा धामनगांवकर के बाहर होने से लगा। वर्मा सिर्फ 7.5 अंक के साथ निराशाजनक सातवें स्थान पर रहे।

### निशांत की पेशेवर मुक्केबाजी में सिल्वा पर शानदार जीत

**नई दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने न्यूयॉर्क के प्रतिष्ठित मैडिसन स्क्वायर गार्डन थिएटर में सुपर वेल्टरवेट वर्ग में मैक्सिको के जोस्यू सिल्वा पर सर्वसम्मत जीत के साथ पेशेवर सर्किट पर अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी।



चौबीस वर्षीय निशांत देव ने छह दौर की प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन किया जिसमें तीनों जज ने उनके पक्ष में 60-54 अंक दिए। भारतीय मुक्केबाज का यह दूसरा पेशेवर मुकाबला था जिसमें उन्होंने दबदबे वाली जीत दर्ज की। यह मुकाबला रिचर्डसन हिचिन्स और जॉर्ज कंबोसोस जूनियर के बीच हुए हाई प्रोफाइल मुकाबले के अंडरकार्ड (मुख्य मुकाबले के साथ होने वाला मुकाबला) के रूप में खेल गया। निशांत नॉकआउट करने में असमर्थ रहे लेकिन उन्होंने मुक्कों के अपने बेहतरीन चयन से प्रभावित किया।

# दंतेवाड़ा में 50 मैदान विकसित करेगा तेंदुलकर फाउंडेशन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

छत्तीसगढ़ का दंतेवाड़ा नक्सल प्रभावित जिले के ठप्पे को खत्म कर रहा है और स्थानीय प्रशासन की अनोखी पहल की बदौलत खेल केंद्र के रूप में अपनी नई पहचान बना रहा है। प्रशासन की इस पहल को महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर के फाउंडेशन का समर्थन प्राप्त है।


जिले में नक्सलियों का प्रभाव धीरे-धीरे कम हो रहा है इसलिए प्रशासन ने मान देशी फाउंडेशन और सचिन तेंदुलकर फाउंडेशन के साथ मिलकर 'मैदान कप' की शुरुआत की है। इसके तहत दंतेवाड़ा में खेल संस्कृति और प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए 50 खेल के मैदान विकसित किए जाएंगे। दंतेवाड़ा के कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया, 'इस परियोजना के तहत सामुदायिक भागीदारी से




अब तक जिले में कम से कम 20 खेल के मैदान विकसित किए गए हैं और अक्टूबर तक लक्ष्य हासिल कर लिया जाएगा।' पिछले साल राज्य सरकार ने बस्तर क्षेत्र के दंतेवाड़ा और छह अन्य जिलों की खेल प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए बस्तर ओलंपिक 2024 का आयोजन किया था। दुदावत ने कहा कि इसका उद्देश्य नक्सल प्रभावित और संवेदनशील जिलों की खेल प्रतिभाओं को खेलों के माध्यम से दुनिया से जोड़ना था।

### महिला हॉकी टीम ऑस्ट्रेलिया से हारी

**लंदन।** भारतीय महिला हॉकी टीम ने रविवार को यहां एफआईएच प्रो लीग मैच में ऑस्ट्रेलिया को कड़ी टक्कर दी लेकिन अंतिम मिनट में गोल खाकर 1-2 से हार गई। यह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत की लगातार दूसरी हार है। टीम को इससे पहले शुक्रवार 2-3 से शिकस्त का सामना करना पड़ा था। वैष्णवी फाल्के के मैदानी गोल की मदद से भारतीय टीम ने मैच के तीसरे मिनट में ही बढ़त कायम कर ली। ऑस्ट्रेलिया ने मैच के 37वें मिनट में एमी लॉटन के गोल से स्कोर बराबर कर लिया। मैच नियमित समय में बराबरी की तरफ बढ़ रहा लेकिन 60वें मिनट में लैक्सी पिकरिंग ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदल कर भारतीय खेमे को हताश कर दिया। भारतीय टीम अब मंगलवार को अर्जेंटीना के खिलाफ खेलेगी।




### टीम ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत दर्ज की

# एमजीडी-1 विश्व ब्लिट्ज टीम शतरंज के नॉकआउट दौर में

एजेंसी ▶▶| लंदन

फिडे विश्व रैपिड टीम चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली पहली भारतीय टीम बनने के एक दिन बाद टीम एमजीडी1 ने एक और शानदार प्रदर्शन करते हुए 'ब्लिट्ज' टूर्नामेंट के नॉकआउट दौर में जगह पक्की की।

टीम एमजीडी1 ने पूल डी में अजेय रहते हुए छह मुकाबलों में पांच जीत और एक ड्रॉ (टीम हंगरी के खिलाफ) से 23 मैच प्वाइंट बनाए। राउंड-रॉबिन पूल चरण में कुल 53 टीमों ने भाग लिया, जिसमें प्रत्येक समूह से शीर्ष चार (कुल 16) टीमें नॉकआउट में पहुंचीं। ग्रैंडमास्टर अर्जुन एरिगैसी, पी हरिकृष्णा, वी. प्रणव, लियोन ल्यूक मेंडोन्का, स्टावरौला त्सोलाकिडो और अथर्व तायडे की भारतीय टीम ने राउंड-रॉबिन पूल चरण में



सबसे ज्यादा मैच जीते। नॉर्वे शतरंज में हाल ही में दिग्गज मैग्नस कार्लसन को हराने वाले अर्जुन एरिगैसी 13 मैचों में 11 अंक के साथ टीम के सबसे सफल खिलाड़ी रहे। पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली टीम फ्रीडम ने पूल बी में 'हेक्सामाइंड' के साथ संयुक्त रूप से शीर्ष स्थान हासिल किया। दोनों टीमों के नाम 22-22 अंक हैं। 'ब्लिट्ज' प्रतियोगिता में 190,000 यूरो की पुरस्कार राशि है।

### अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट आज से

मुंबई। मुंबई में 17 देशों के 400 से अधिक खिलाड़ियों के 40 लाख रुपए इनामी ऑरियनप्रो अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर शतरंज टूर्नामेंट और जूनियर अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में प्रतिस्पर्धा करने की उम्मीद है जिसका आयोजन 16 से 24 जून तक एक साथ किया जाएगा। ग्रैंडमास्टर वर्ग में जॉर्जिया के ग्रैडमास्टर लेवन पंतसुलाइया को शीर्ष वरीयता दी गई है। आर्मेनिया के ग्रैंडमास्टर पेट्रोसियन मैनुअल दूसरे वरीय हैं जबकि जॉर्जिया के ही ग्रैंडमास्टर लुका पेइचाद्जे को तीसरी वरीयता मिली है। बारह वर्षीय फिडे मास्टर अंश नेरुरकर जूनियर वर्ग में भारतीय चुनौती की अगुआई करेंगे।

# दुबई से जयपुर आ रहा विमान पांच घंटे नहीं कर सका टेक ऑफ

एजेंसी ▶▶| जयपुर

दुबई से जयपुर आ रहा एअर इंडिया का विमान तकनीकी खराबी के चलते 5 घंटे तक टेक ऑफ नहीं कर पाया। इस दौरान प्लेन के अंदर यात्रियों को भारी असुविधा झेलनी पड़ी। यात्रियों ने आरोप लगाया कि न तो एसी चलाई गई और न ही पानी दिया गया। लगभग 150 यात्री 5 घंटे तक बगैर एसी के विमान में बैठे रहे।

**बंद एसी में बिना पानी के तड़पते रहे 150 यात्री**

दरअसल, एअर इंडिया एक्सप्रेस की फ्लाइट आईएक्स-196 को 13 जून की शाम 7:25 बजे दुबई से जयपुर के लिए उड़ाने भरने वाली थी, लेकिन तकनीकी खराबी होने की वजह से इसका टेक ऑफ समय पर नहीं किया जा सका। यात्रियों ने आरोप लगाया किया कि इस दौरान न सिर्फ एसी बंद रखा गया, बल्कि उनके साथ भोजन या पानी जैसा सामान्य इंतजाम भी नहीं किया गया।



**रात में जयपुर एयरपोर्ट पर उतरा विमान**

*विमान अपने निर्धारित समय से लगभग सवा पांच घंटे की देरी से 12 बजकर 44 मिनट पर जयपुर की ओर रवाना हुआ, जिसके बाद उसने 13-14 जून की मध्यरात्रि 2 बजकर 44 मिनट पर जयपुर एयरपोर्ट पर लैंड किया। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरजू सेठी आरजू सेठी ने कहा कि अहमदाबाद में हुई दुर्घटना के बाद यह लापरवाही एअर इंडिया की सुरक्षा व्यवस्था पर बड़ा प्रश्न चिह्न लगाती है। यात्रियों ने सरकार से इस पर सख्त कार्रवाई की मांग की है, साथ ही सुरक्षा व्यवस्था सुधारने की बात कही है।*

### गर्मी में घुटते रहे 150 यात्री

*कंपनी की इस लापरवाही पर यात्रियों ने जमकर नाराजगी जाहिर की। सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरजू सेठी ने इसका वीडियो भी बनाया, जिसमें साफ देखा जा सकता है कि यात्री गर्मी, घुटन और बेचैनी से जूझ रहे हैं। उनके साथ उनका तीन साल का बच्चा भी था, जिसका चेहरा पसीने से तर हुआ था। आरजू ने आरोप लगाया, विमान स्टाफ ने कोई भी मदद नहीं की। हम बार-बार स्टाफ को बुलाकर पानी या कोई व्यवस्था मांग रहे थे, पर कोई नहीं आया।*

### मदद के लिए नहीं आया कोई क्रू-मेंबर

*सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर आरजू सेठी ने यह भी कहा, यदि तकनीकी समस्या थी तो हमें एयरपोर्ट पर ही रखा जाना चाहिए था, न कि विमान में बंद किया जाना चाहिए था। उनके साथ मौजूद एक यात्री रवि कुमार ने भी बोला, 'गर्मी की घुटन असहनीय थी। हम बार-बार स्टाफ को बुलाने के लिए सीट के ऊपर लगी स्विच को दबाते रहे, लेकिन कोई भी विमान का क्रू-मेंबर मदद के लिए नहीं आया। 150 यात्रियों को 5 घंटे तक विमान में बंद करके रखा गया।*

पश्चिम बंगाल की घटना

# जवान ने की अपने वरिष्ठ की गोली मारकर हत्या

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली/कोलकाता

पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक शिविर में तीखी बहस हो जाने पर बीएसएफ के एक जवान ने अपने वरिष्ठ की कथित तौर पर गोली मारकर हत्या की दी। अधिकारियों ने रविवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना जिले के धुलियान में बीएसएफ के शिविर में शनिवार रात करीब 10:30 बजे हुई। अधिकारियों ने बताया कि कांस्टेबल शिवम कुमार मिश्रा ने तीखी बहस के बाद सर्विस राइफल से गोली मारकर अपने वरिष्ठ, हेड कांस्टेबल रतन सिंह शेखावत की हत्या कर दी। अधिकारियों ने कहा कि आरोपी कांस्टेबल को पकड़ लिया गया है। उन्होंने कहा कि दोनों कर्मी बीएसएफ की एक इकाई में तैनात थे, जिसे मुर्शिदाबाद में हाल ही में हुई सांप्रदायिक झड़पों के बाद इलाके में तैनात किया गया था।



### कोर्ट ऑफ इंक्वायरी

अधिकारियों ने कहा कि बीएसएफ ने 'कोर्ट ऑफ इंक्वायरी' का आदेश दिया है और घटना के सटीक कारण का पता लगाया जा रहा है। 56 वर्षीय शेखावत 1989 में बीएसएफ में शामिल हुए थे और बल की 119 बटालियन में तैनात थे। उन्होंने कहा कि शेखावत राजस्थान के जयपुर के रहने वाले थे और उनके परिवार में पत्नी, एक बेटी और एक बेटा है। अधिकारियों ने बताया कि आरोपी भी उसी बटालियन का है।

# सोनम ने शादी के 11 दिन पहले ही राजा की हत्या की रच ली थी साजिश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| इंदौर

हरिभूमि फॉलोअप



राजा रघुवंशी हत्याकांड मामले में हर रोज नए खुलासे हो रहे हैं। सोनम और उसके लवर राज कुशवाहा के साथ राजा की हत्या करने वाले तीनों लड़के फिलहाल मेघालय पुलिस की 8 दिनों की कस्टडी में हैं। इस दौरान पुलिस की पूछताछ में सोनम और राज ने अपना गुनाह स्वीकार कर लिया है कि उन्होंने ही राजा को मारने की साजिश रची थी। इसी के साथ ये भी पता चला है कि राजा की हत्या की साजिश सोनम से उसकी शादी के 11 दिन पहले ही रच ली गई थी। इससे पहले खबर थी कि तीनों लड़के, विशाल चौहान, आकाश राजपूत और आनंद कुर्मी ने पैसों के लिए सोनम के कहने पर राजा की हत्या की। लेकिन अब इस पर एक नया खुलासा हुआ है। दरअसल पहले बताया जा रहा था कि राजा की हत्या के लिए सोनम और राज ने भाड़े पर तीन लोगों को बुलाया था और राजा की सुपारी दी थी। लेकिन इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने कॉन्ट्रैक्ट किलिंग की अटकलों को खारिज कर दिया है।


### तीनों लड़कों ने इसलिए की राजा की हत्या


पुलिस ने बताया कि तीनों लड़कों को पैसे के लिए राजा की हत्या का काम नहीं सौंपा गया था बल्कि राज के साथ वफ़ादारी और लंबे समय से चली आ रही दोस्ती की खातिर उन्होंने राज की हत्या की और सोनम का साथ दिया। बताया ये भी जा रहा है कि सोनम के संकेत देने के बाद ही विशाल ने सबसे पहले राजा पर वार किया था जिसके बाद अन्य दो लड़कों ने भी वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। यह सब सोनम की आंखों के सामने हुआ। इसके बाद राजा के शव को खाई में फेंकने में तीनों लड़कों के साथ-साथ सोनम ने भी मदद की थी।बता दें, इंदौर से हनीमून के लिए सोनम और राजा 23 मई को लापता हो गए थे।

### टेंपो ने बाइक को टक्कर मारी, तीन की मौत

**नई दिल्ली।** बाहरी-उत्तरी दिल्ली के बवाना औद्योगिक क्षेत्र में एक टेंपो ने मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गया। उसने बताया कि मृतकों की पहचान बिजय (38), रमाकांत (30) और नंदू कुमार (23) के रूप में हुई है।







# इसरो ने उत्तर प्रदेश में किया रॉकेट लॉन्च, सफल हुआ पहला परीक्षण

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

यूपी के कुशीनगर के तमकुहीराज तहसील में शनिवार को एपी बांध के जंगलीपट्टी गांव के समीप इसरो के वैज्ञानिकों की उपस्थिति में थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सौजन्य से रॉकेट लांचिंग का परीक्षण किया गया। पहला ही परीक्षण सफल रहा। रॉकेट ने शाम को पांच बजकर 14 मिनट 33 सेकंड पर उड़ान भरी और जमीन से 1.1 किमी की दूरी तय की। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन ने ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए उत्तर प्रदेश से रॉकेट का सफल लॉन्च किया है। इसरो के वैज्ञानिक अभिषेक सिंह के हवाले से बताया, रॉकेट 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक पहुंचा और कुछ ही देर बाद एक छोटा पेलोड छोड़ा गया।



### पर्याप्त दूरी को समय पर किया पूरा

यह राज्य से रॉकेट के माध्यम से उपग्रह पेलोड तैनात करने का पहला उदाहरण है। परीक्षण थ्रस्ट टेक इंडिया लिमिटेड के सहयोग से किया गया। जानकारी के अनुसार, 15 किलोग्राम वजनी रॉकेट 1.1 किलोमीटर की ऊंचाई तक उड़ा और फिर सुरक्षित रूप से वापस जमीन पर आ गया। यह मिशन शनिवार शाम 5:14 बजे पूरा हो गया।










# शादी के 10 दिन बाद दुल्हन शॉपिंग के बहाने फरार, पति करता रह गया इंतजार



**चंदौली।** उत्तर प्रदेश के चंदौली जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां शादी के महज 10 दिन बाद ही एक नई नवेली दुल्हन अपने पति के साथ शॉपिंग करने गई और मौके का फायदा उठाकर फरार हो गई। यह घटना जिले के मुगलसराय कोतवाली क्षेत्र की है, जहां पीड़ित पति शमशेर चौहान ने थाने में अपनी पत्नी की गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के मुताबिक शमशेर चौहान सैदपुरा गांव का रहने वाला है, उसकी शादी 4 जून को मवई खुर्द गांव की रहने वाली खुशी से पूरे रीति-रिवाज के साथ हुई थी। शादी के बाद घर में खुशियों का माहौल था, लेकिन 14 जून को सब कुछ बदल गया। शमशेर ने बताया कि उस दिन उसकी पत्नी ने सिर दर्द की शिकायत की और डॉक्टर के पास ले चलने को कहा। दवा लेने के बाद खुशी ने शॉपिंग की इच्छा जताई और पति के साथ पंडित दीनदयाल उपाध्याय नगर बाजार पहुंची।

### गुमशुदगी की शिकायत

परिजनों के साथ मिलकर शमशेर ने कोतवाली में जाकर गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई। वहीं, ससुराल पक्ष को सूचना देने पर यह भी सामने आया कि खुशी मायके भी नहीं पहुंची है। डिप्टी एसपी राजीव सिसोदिया ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है और जांच जारी है।

### नाश्ते के लिए गई थी

बाजार में कुछ शॉपिंग के बाद दोनों काली माता मंदिर के पास स्थित एक रेस्टोरेंट में नाश्ते के लिए गई। रेस्टोरेंट में समोसे का ऑर्डर देने के बाद खुशी ने वॉशरूम जाने की बात कही और ऊपर की मंजिल की ओर चली गई। काफी देर तक जब वह वापस नहीं लौटी, तो शमशेर ने पूछताछ की और रेस्टोरेंट के तीसरे फ्लोर तक जाकर ढूंढा, लेकिन खुशी का कोई पता नहीं चला। आसपास भी तलाश करने पर जब पत्नी नहीं मिली तो शमशेर घर वापस आया और परिजनों को घटना की जानकारी दी।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com